रायपुर, लखनऊ, नई दिल्ली और फरीदाबाद से प्रकाशित
हमेशा सच के साथ
# पायनियर
RNI NO. CHHHIN/2016/70655
www.dailypioneer.com रायपुर, बुधवार 16 सितंबर 2020 पृष्ठ-12 वर्ष-05, अंक- 29 मूल्य 3.00 ₹




## क्विक न्यूज

### केन्द्रीय राज्यमंत्री रेणुका सिंह कोरोना पॉजिटिव



**नई दिल्ली।** केंद्रीय राज्यमंत्री व सरगुजा की सांसद रेणुका सिंह भी कोरोना की चपेट में आ गई है। उन्होंने खुद फेसबुक पर इसकी जानकारी दी। केंद्रीय राज्यमंत्री ने बताया कि संसद सत्र की कार्यवाही में सम्मिलित होने से पहले कोविड - 19 टेस्ट की अनिवार्यता पर मैंने कोविड टेस्ट करवाया जिसमें मेरी रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। मेरी तबीयत बिल्कुल ठीक है, मैं छत्तीसगढ़ भवन में निवासरत थी। डॉक्टर्स की सलाह से अब एम्स में उपचार हेतु जा रही हूं। विगत दिनों मेरे संपर्क में आए सभी व्यक्तियों से आग्रह है कि अपने आपको क्वारंटीन कर लें और कोविड जांच अवश्य कराएं।

### पुलवामा मुठभेड़ में दो जवान घायल

**श्रीनगर (वार्ता)।** जम्मू-कश्मीर के पुलवामा जिले में मंगलवार को घेराबंदी एवं तलाश अभियान के दौरान सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच हुई मुठभेड़ में दो जवानों के घायल होने के बाद आतंकवादी फरार हो गये जिसके कारण दोपहर बाद अभियान समाप्त कर दिया गया।

### वायुयान संशोधन विधेयक 2020 को संसद की मंजूरी

**नयी दिल्ली, (वार्ता)।** संसद ने मंगलवार को वायुयान संशोधन विधेयक 2020 को मंजूरी दे दी जिसमें नियमों के उल्लंघनों के मामले में जुर्माने की अधिकतम सीमा को वर्तमान 10 लाख रूपये से बढाकर एक करोड़ रुपये कर दिया गया है। लोकसभा में यह विधेयक बजट सत्र में पारित हुआ था जबकि राज्यसभा में मानसून सत्र के दूसरे दिन आज इस विधेयक को ध्वनिमत से मंजूरी दी गयी। इस तरह इस विधेयक पर संसद की मुहर लग गयी है।


# छोटे शहरों को भविष्य की जरूरतों के मुताबिक तैयार करना जरूरी : मोदी

## पीएम मोदी ने बिहार को दी 543.28 करोड़ की सौगात, कोरोना पर दिया नया 'मंत्र'

वार्ता ◀ पटना
www.dailypioneer.com

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज कहा कि 'आत्मनिर्भर भारत' मिशन को गति देने के लिए 'आत्मनिर्भर बिहार' विशेषकर देश के छोटे शहरों को भविष्य की जरूरतों के मुताबिक तैयार करना बहुत जरूरी है।

श्री मोदी ने मंगलवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से केंद्र की नमामि गंगे और अमरुत योजना से संबंधित बिहार में 543.28 करोड़ रुपये की सात परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करने के बाद कहा कि शहरी गरीबों और शहर में रहने वाले मध्यम वर्ग के लोगों का जीवन आसान बनाने वाली इन नई सुविधाओं के लिए वह सभी को बधाई देते हैं। उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भर भारत मिशन को गति देने के लिए आत्मनिर्भर बिहार विशेषकर देश के छोटे शहरों को वर्तमान ही नहीं भविष्य की जरूरतों के मुताबिक तैयार करना बहुत जरूरी है। इसी सोच के साथ अमरुत मिशन के तहत बिहार के अनेक शहरों में जरूरी सुविधाओं के विकास के साथ-साथ 'ईज ऑफ लिविंग और ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' के लिए बेहतर माहौल तैयार करने पर बल दिया जा रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि शहरीकरण आज के दौर की सच्चाई है। आज पूरे विश्व में शहरी क्षेत्रों की संख्या बढ़ रही है। भारत भी इस वैश्विक बदलाव का अपवाद नहीं है, लेकिन कई दशकों से हमारी मानसिकता बन गई और हमने मान लिया था कि शहरीकरण खुद में एक बड़ी समस्या और बड़ी बाधा है लेकिन उनका सोचना कुछ अलग है। यदि शहरीकरण समस्या लगती है तो उसमें अवसर भी उपलब्ध हैं। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर ने तो उस दौर में ही इस सच्चाई को समझ लिया था और वह शहरीकरण के बड़े समर्थक थे। उन्होंने शहरीकरण को समस्या नहीं माना। उन्होंने तो ऐसे शहरों की कल्पना की थी, जहां गरीब से गरीब व्यक्ति को भी अवसर मिले और जीवन को बेहतर करने के रास्ते खुले।



### इन योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास

- पटना में 152 करोड़ से बनी पटना के बेउर और करमलीचक सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का उद्घाटन
- 41 करोड़ की सीवान जलापूर्ति योजना का उद्घाटन
- 32 करोड़ की बक्सर जलापूर्ति योजना का उद्घाटन
- 52 करोड़ की लागत से छपरा में जलापूर्ति योजना का शुभारंभ
- 198 करोड़ की मुंगेर जलापूर्ति और 59 करोड़ की जमालपुर जलापूर्ति योजना
- 11 करोड़ के व्यय से मुजफ्फरपुर में रिवर फ्रंट डेवलपमेंट कार्यक्रम के शिलान्यास किया

दो आरोपी चढ़े पुलिस के हत्थे

# पश्चिम बंगाल से रायपुर लाया गया डेढ़ करोड़ का सोना जब्त

पायनियर संवाददाता ◀ रायपुर
www.dailypioneer.com



पश्चिम बंगाल से कार के जरिए रायपुर लाया गया ढाई करोड़ रुपए के सोने के साथ दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है. इनके पास से 2 किलो 500 ग्राम सोना जब्त किया है. तेलीबांधा पुलिस ने कार्रवाई कर आयकर विभाग को मामले की सूचना दे दी है. क्योंकि मामला टैक्स चोरी से भी जुड़ रहा है। तेलीबांधा थाना प्रभारी रमाकांत साहू ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली थी कि स्विफ्ट डिजायर कार सीजी 04 एमएल 3978 में कुछ लोग सोना लेकर बिक्री करने के लिए महासमुंद से रायपुर की ओर आ रहे हैं. तेलीबांधा स्थित मैग्नेटो मॉल के पास वाहन को रोककर चेक किया गया, तो उनके पास से सोने की बिस्किट बरामद हुई. इनके पास से सोने से संबंधित किसी भी प्रकार की दस्तावेज नहीं मिली है। पूछताछ में डीडी नगर निवासी आरोपी अशोक बेरा ने बताया कि सोने को पश्चिम बंगाल के किसी व्यक्ति से खरीदकर जेवर बनाकर बिक्री करने के लिए रायपुर ला रहा था। चोरी छिपे लाना शासकीय टैक्स की चोरी है। पुलिस ने 2 किलो 500 ग्राम सोने का बिस्किट के साथ अशोक बेरा और एक अन्य व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने इसकी सूचना आईटी विभाग को दे दी है। जिस पर आईटी विभाग द्वारा सोना के संबंध में अशोक बेरा से पूछताछ कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# स्वास्थ्यकर्मियों की बीमा योजना की अवधि 6 माह के लिए बढ़ी

वार्ता ◀ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

कोरोना वायरस कोविड-19 के खिलाफ अग्रिम मोर्चे पर मुस्तैदी से डटे डॉक्टर तथा नर्स सहित सभी स्वास्थ्यकर्मियों के लिए प्रधानमंत्री गरीब कल्याण पैकेज बीमा योजना की अवधि को दोबारा छह माह यानी 180 दिन की अवधि के लिए बढ़ा दिया गया है।

केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने मंगलवार को यह जानकारी दी कि 50 लाख रुपये की इस बीमा योजना को 30 मार्च को 90 दिन के लिए लागू किया गया था। इसकी अवधि बाद में 90 दिन और बढ़ाकर 25 सितंबर तक की गयी थी लेकिन आज फिर अवधि में छह माह की बढ़ोतरी कर दी गयी है।

इस बीमा पैकेज का लाभ उन स्वास्थ्यकर्मियों को मिलता है , जो कोरोना संक्रमित के उपचार से सीधे जुड़े हैं,भले ही वे डॉक्टर हों, नर्स हों, सामुदायिक स्वास्थ्य कार्यकर्ता हों या किसी केंद्रीय, राज्य सरकार या केंद्र शासित प्रदेश के अस्पतालों में कोरोना संक्रमण के काल में काम पर रखे गये निजी अस्पताल के कर्मचारी हों, सेवानिवृत्त स्वास्थ्यकर्मी हों, वालंटियर हों, स्थानीय निकाय से जुड़े हों, अनुबंधित कर्मचारी हों, दिहाड़ी कर्मचारी हों, एड हॉक पर हों या किसी अन्य माध्यम से काम पर रखे गये हों।

इस बीमा योजना का लाभ हर आयुवर्ग के स्वास्थ्यकर्मियों के लिए है और उन्हें इसके लिए पंजीकरण करने की आवश्यकता नहीं पड़ती है। इस बीमा योजना की प्रीमियम राशि का पूरा भुगतान केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार मंत्रालय द्वारा किया जाता है। इस योजना को न्यू इंडिया एश्योरेंस कंपनी लिमिटेड लागू कर रही है, जो योजना के लिए बनाये गये दिशानिर्देशों के आधार पर बीमित राशि का आवंटन करती है।

# विश्व में कोरोना से 2.91 करोड़ संक्रमित, 9.27 लाख की मौत

वार्ता ◀ वाशिंगटन /रियो डि जेनेरो
www.dailypioneer.com



विश्वभर में कोरोना वायरस (कोविड-19) महामारी से दो करोड़ 91 लाख से अधिक लोग संक्रमित हो गये हैं और 9.27 लाख से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है। अमेरिका की जॉन हॉपकिन्स यूनिवर्सिटी के विज्ञान एवं इंजीनियरिंग केन्द्र (सीएसएसई) की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार कोरोना से विश्वभर में अब तक 2,91,82,198 लोग संक्रमित हुए हैं और 9,27,015 लोगों की मौत हुई है। वैश्विक महाशक्ति माने जाने वाले अमेरिका में कोरोना से संक्रमित होने वालों की संख्या 65,53,303 पर पहुंच गयी है और अब तक 1,94,489 लोगों की जान जा चुकी है। भारत में केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से मंगलवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक पिछले 24 घंटों में कोरोना संक्रमण के रिकॉर्ड 83,809 नये मामलों के साथ संक्रमितों का आंकड़ा 49,30,237 हो गया। वहीं इस दौरान 1054 मरीजों की मौत होने से मृतकों की संख्या 80,776 हो गयी है। ब्राजील में अब तक 43,45,610 लोग इसकी चपेट में आ चुके हैं जबकि 1,32,006 लोगों की मौत हो ➤शेष पेज 8 पर

# सेंसेक्स 288 अंक, निफ्टी 82 अंक उछला

वार्ता ◀ मुंबई
www.dailypioneer.com

विदेशों से मिले सकारात्मक संकेतों के बीच चौतरफा लिवाली से घरेलू शेयर बाजार मंगलवार को करीब दो सप्ताह के उच्चतम स्तर पर पहुँच गये। बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स आज 287.72 अंक यानी 0.74 प्रतिशत चढ़कर 39,044.35 अंक पर पहुँच गया। गत 02 सितंबर के बाद पहली बार सेंसेक्स 39 हजार अंक के पार पहुँचा है। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 81.75 अंक यानी 0.71 प्रतिशत की मजबूती के साथ 11,580.21 अंक पर बंद हुआ जो 03 सितंबर का उच्चतम स्तर है।



मझौली और छोटी कंपनियों में निवेशकों ने ज्यादा विश्वास दिखाया। बीएसई का मिडकैप 0.85 प्रतिशत चढ़कर 15,014.74 अंक पर और स्मॉलकैप 1.44 फीसदी की तेजी के साथ 15,363.57 अंक पर बंद हुआ।

रियलिटी समूह को छोड़कर बीएसई में अन्य सभी समूहों के सूचकांक हरे निशान में रहे। दूरसंचार, स्वास्थ्य और बैंकिंग समूहों में अधिक तेजी रही।

सेंसेक्स में इंडसइंड बैंक का शेयर चार फीसदी से अधिक चढ़ा। भारतीय एयरटेल, एक्सिस बैंक, बजाज फाइनेंस, आईसीआईसीआई बैंक और सनफार्मा के शेयरों में भी दो प्रतिशत से अधिक की तेजी रही। टाइटन और मारुति सुजुकी के शेयर एक फीसदी से ज्यादा टूटे।

अधिकतर एशियाई शेयर बाजारों में तेजी रही। दक्षिण कोरिया का कोस्पी 0.65 प्रतिशत, चीन का शंघाई कंपोजिट 0.51 प्रतिशत और हांगकांग का हैंगसेंग 0.38 प्रतिशत की बढ़त में बंद हुआ। वहीं, जापान के निक्केई में 0.44 प्रतिशत की गिरावट रही। यूरोप में शुरुआती कारोबार में ब्रिटेन का एफटीएसई 0.88 फीसदी और जर्मनी का डैक्स 0.23 प्रतिशत मजबूत हुआ।

## असाफिला एरिया, तूतिंग एक्सिस और फिश टेल से लगी सीमा के पार चीनी सेना के मूवमेंट पर भारतीय सेना की नजर

# चीन ने अरुणाचल में मूवमेंट बढ़ाया, बर्फीले इलाकों में सैन्य ठिकाने बनाए, निगरानी के लिए भारत ने भी जवान बढ़ाए

एजेंसी ◀ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

लद्दाख में पैंगॉन्ग के आसपास भारत ने ना केवल चीन की घुसपैठ को नाकाम कर दिया है, बल्कि अहम चोटियों पर भी कब्जा कर लिया है। यहां मात खाने के बाद चीन के सैनिक लाइन ऑफ एक्चुअल कंट्रोल (एलएसी) के दूसरे इलाकों में अपना मूवमेंट बढ़ा रही है। चीन ने अरुणाचल में एलएसी के 20 किलोमीटर दूरी पर मूवमेंट बढ़ा दिया है और यहां के बर्फीले इलाकों में भी सैन्य ठिकाने बना लिए हैं।

भारतीय सुरक्षा एजेंसियां और खुफिया एजेंसियां इस मूवमेंट पर करीब से नजर रख रही हैं और यहां पर सेना की तैनाती भी बढ़ा दी गई है। न्यूज एजेंसी ने सरकारी सूत्रों के हवाले से बताया कि लद्दाख में मात खाने के बाद चीनी सेना नए इलाकों में घुसपैठ की कोशिश कर सकती है इसलिए लद्दाख से लेकर अरुणाचल तक चीन के साथ लगे सभी सेक्टरों पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है।



### पेट्रोलिंग के दौरान भारतीय इलाकों के पास आ रहे चीनी सैनिक

सूत्रों के मुताबिक, अरुणाचल सेक्टर में भारतीय सेना असाफिला एरिया, तूतिंग एक्सिस और फिश टेल से लगी सीमा के पार चीनी सेना के मूवमेंट की कड़ी निगरानी कर रही है। पिछले कुछ दिनों से एलएसी से कुछ किलोमीटर दूर गहराई वाले इलाकों में चीनी सेना अपनी बनाई सड़कों पर ही मूवमेंट बढ़ा रही है।

### भारतीय इलाकों पर लगातार कब्जे की कोशिश रहा है चीन

29-30 अगस्त की रात चीनी सैनिकों ने पैंगॉन्ग झील के दक्षिणी छोर की पहाड़ी पर कब्जे की कोशिश की थी, लेकिन भारतीय जवानों ने नाकाम कर दी। तभी से दोनों के सैनिक आमने-सामने डटे हुए हैं। चीन 1 सितंबर को भी घुसपैठ की कोशिश कर चुका है। 7 सितंबर को दक्षिणी इलाके में चीनी सैनिकों ने भारतीय पोस्ट की तरफ बढ़ने की कोशिश की थी और चेतावनी के तौर पर फायरिंग की थी। यहां पर भारत के सैनिकों ने उन्हें रोक दिया था। इस घटना की तस्वीर भी सामने आई है, जिसमें चीन के सैनिक भाला, रॉड और धारदार हथियार लिए नजर आए।

### कॉर्प्स कमांडर लेवल की बातचीत का दिन तय नहीं

सूत्रों के मुताबिक, टॉप सिक्योरिटी ऑफिसर्स ने डोकलाम के आसपास भूटान में पिछले दिनों चीनी सेना द्वारा बनाए गए सैन्य ठिकानों को लेकर भी चर्चा की। सूत्रों ने बताया कि चीन अगले राउंड की कॉर्प्स कमांडर लेवल की बातचीत के लिए तैयार हो गया है, लेकिन उसने अब तक इसके लिए समय और दिन तय नहीं किए हैं। हाल ही में दोनों देशों के विदेश मंत्रियों के बीच हुई बैठक के बाद ग्राउंड लेवल पर हालात में कोई सुधार नहीं हुआ है।

# चालू वित्त वर्ष में भारत के जीडीपी में 9 फीसदी की आयेगी गिरावट : एडीबी

वार्ता ◀ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com




एशियाई विकास बैंक( एडीबी) ने चालू वित्त वर्ष में भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में नौ फीसदी की गिरावट आने का अनुमान जताते हुये आज कहा कि कोरोना वायरस महामारी का भारतीय आर्थिक गतिविधियों ओर उपभोक्ताधारणा पर बहुत गंभीर प्रभाव पड़ा है। एडीबी ने एशियाई विकास परिदृष्य 2020 के आज जारी नयी रिपोर्ट के हालांकि कहा है कि वर्ष 2021 में मोबिलिटी और कारोबारी गतिविधियों में तेजी आने से अर्थव्यवस्था में तीव्र सुधार होगा और भारतीय अर्थव्यवस्था आठ फीसदी की दर से बढ़ेगी।

एडीबी के मुख्य अर्थशास्त्री यासुयुकी सवादा ने रिपोर्ट जारी करते हुये कहा कि भारत ने कोरोना से निपटने के लिए कठोर लॉकडाउन लागू किया और इसका अर्थव्यवस्था पर बहुत ही विपरीत प्रभाव हुआ। उन्होंने कहा कि कोरोना महामारी को नियंत्रित करने के लिए जांच में तेजी, कोरोना पीड़ितों की पहचान और उपचार की क्षमता बढ़ाने जैसे उपाय किये जाने की जरूरत है ताकि अगले वित्त वर्ष में अर्थव्यवस्था में सुधार हो सके। उन्होंने कहा कि भारत में अभी वैश्विक स्तर पर सबसे अधिक कोरोना मरीज है। उन्होंने कहा कि सरकारी और निजी ऋण के स्तर को भी कम करने की जरूरत है क्योंकि इससे प्रौद्योगिकी और इंफ्रास्ट्रक्चर निवेश प्रभावित हो रहा है और इससे आगे वित्तीय क्षेत्र कमजोर हो सकता है। रिपोर्ट में कहा गया है कि वर्ष 2020 में महंगाई में गिरावट आ सकती है। अगले वित्त वर्ष में महंगाई चार फीसदी पर आ सकती है। चालू वित्त वर्ष में चालू खाता घाटा के जीडीपी के 0.3 प्रतिशत पर आ सकता है और अगले वित्त वर्ष में इसके बढ़कर 0.6 प्रतिशत पर पहुंचने का अनुमान है।

# अस्पताल स्टॉफ ने बेटे को फोन किया-पिता मर गए शव ले जाओ

## वीडियो कॉल पर पिता बोले- मैं तो अभी जिंदा हूं

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com




कोरोना के मरीजों के इलाज में व्यस्त आंबेडकर अस्पताल स्टाफ ने सोमवार को गजब ही कर दिया। अस्पताल से एक युवक को फोन किया गया कि तुम्हारे पिता की मौत हो गई है उसका शव रिसीव करने आओ। फार्म पर दस्तखत करो ताकि अंतिम संस्कार की प्रक्रिया पूरी की जा सके। युवक के यह सुनकर होश उड़ गए। उसने वाट्सएप से वीडियोकॉल किया। उधर से पिता बोले-मैं तो जिंदा हूं। एक जिंदा मरीज की मौत की सूचना से परिवार पर दुख का पहाड़ टूट पड़ा। आंबेडकर अस्पताल में हुई इस लापरवाही का शिकार संतोषी नगर में रहने वाला एक परिवार हुआ। दो दिन पहले वहां कोरोना संक्रमित होने के बाद एक सदस्य को इलाज के लिए आंबेडकर अस्पताल के कोविड वार्ड में शिफ्ट किया गया था। इलाज के दौरान अस्पताल से मरीज के बेटे के मोबाइल पर कॉल कर उसकी मृत्यु होने की जानकारी दी गई। अपने को खोने की सूचना से परिवार पर दुख का पहाड़ टूट पड़ा, लेकिन बेटे को इस जानकारी पर विश्वास नहीं हुआ और उसने अपने पिता के फोन पर कॉल किया, तो पिता की आवाज सुनकर वह चकित हो गया। उसने वीडियोकॉल कर अपनी सलामती की जानकारी परिवार को देने की बात कही, जिस पर अधेड़ ने वीडियोकॉल के माध्यम से अपने घरवालों को बताया कि मैं जिंदा हूं।

इस मामले की जानकारी एक आला अफसर को दी गई, तो उन्होंने संबंधित स्टाफ की खैर-खबर ली और उनके द्वारा गलती स्वीकारते हुए क्षमा भी मांगी गई। इस वाकये की जानकारी एक जनप्रतिनिधि को भी गई थी, जिसके बाद लापरवाही मीडिया तक आ पहुंची। हालांकि परिवार ने भविष्य में इलाज में कोताही करने या दीगर आशंकाओं के चलते अपना नाम न देने की गुजारिश मीडिया से की। अफसरों ने दिए सख्त निर्देश मरीज का उपनाम कुर्रे बताया जाता है। अस्पताल सूत्रों के अनुसार वार्ड में उपनाम को लेकर हुई गफलत में ऐसी गलती हुई। स्टाफ ने फार्म देखकर परिजन को फोन लगा दिया। हालांकि उधर से वीडियोकॉल किए जाने के बाद फटकार पड़ी और मामला प्रशासन के संज्ञान में भी आया। कई घंटे तक इसे लेकर हड़कंप मचा रहा।

### कोविड-19 के मरीजों को आपातकालीन सेवाओं के लिए विशेष व्यवस्था

कोविड 19 के मरीजों को आपातकालीन सेवाओं के लिए जिला प्रशासन रायपुर द्वारा होम आइसोलेशन, एम्बुलेंस व्यवस्था और आपातकालीन सहायता के लिए विशेष टेलीफोन नम्बर जारी किए गए हैं। जिला प्रशासन द्वारा आपातकालीन सेवाओं के लिए कलेक्टर कार्यालय स्थित आपातकालीन सहायता केन्द्र के टेलीफोन नम्बर- 0771-2445785, होम आइसोलेशन सहायता हेतु 75661-00283 और दक्ष कमांड सेन्टर (आपातकालीन सहायता केन्द्र) 0771-4320202 पर सम्पर्क किया जा सकता है। इसी तरह होम आइसोलेशन वाले मरीजों को आपात स्थिति में अस्पताल पहुंचाने एम्बुलेंस व्यवस्था के लिए सुबह 6 बजे से शाम 6 बजे तक ए.ओ.लारी, उप संचालक के मोबाइल नम्बर 94063-46840 और डी.के.सिंह, उप संचालक मत्स्य पालन के मोबाइल नम्बर 88397-78979, शाम 6 बजे से प्रातः 6 बजे तक हरिकृष्ण जोशी, परियोजना अधिकारी के मोबाइल नम्बर 95255-43148 एवं एस. जोसेफ, सहायक परियोजना अधिकारी 98261-23957 पर सम्पर्क किया जा सकता है।




# छत्तीसगढ़ी भाषा का प्रस्ताव दिल्ली पहुंचा, कार्यवाही पर टिकी निगाहें

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com




छत्तीसगढ़ राज्य बनने के बाद से छत्तीसगढ़ को भाषा का दर्जा दिलाने का प्रयास किया जा रहा है। भाजपा सरकार के समय इसे लेकर भी प्रयास किए गए थे, लेकिन इसे 8वीं अनुसूची में शामिल नहीं करा पाए। अब कांग्रेस सरकार ने छत्तीसगढ़ी भाषा को आठवीं अनुसूची में शामिल करने को लेकर विधानसभा में पारित शासकीय संकल्प को केंद्र सरकार को भेजा है। अब दिल्ली पर सबकी निगाहें टिकी हुई हैं। विधानसभा में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने छत्तीसगढ़ी को भाषा का दर्जा दिए जाने को लेकर यह संकल्प लाया था कि यह सदन केंद्र सरकार से अनुरोध करता है कि संविधान के अनुच्छेद 344 (1) और अनुच्छेद 351 से सहपठित 8वीं अनुसूची में छत्तीसगढ़ी भाषा को शामिल करने आवश्यक कार्यवाही की जाए।

सदन में सदस्यों द्वारा इस पर चर्चा करने के बाद इसे पारित किया गया। विधानसभा सचिवालय ने संकल्प पारित होने के बाद संबंधित विभाग को इसकी सूचना दो दिन बाद ही भेज दी थी। संस्कृति विभाग के संचालक अमृत विकास टोपनो ने बताया कि छत्तीसगढ़ी भाषा का संकल्प के साथ इसके संबंध में अन्य दस्तावेजों को लगाकर इस प्रस्ताव को मुख्यमंत्री कार्यालय को इस माह के पहले सप्ताह में ही भेज दिया गया था। वहां से इसे केंद्र सरकार को भेज दिया गया है। छत्तीसगढ़ी को भाषा का दर्जा दिलाने पूर्व में भाजपा सरकार द्वारा आठवीं अनुसूची में शामिल करने के प्रयास किए गए, लेकिन सफलता नहीं मिली। प्रधानमंत्री को मुख्यमंत्री ने लिखा था पत्र विधानसभा में संकल्प लाने के पहले ही मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर छत्तीसगढ़ी भाषा को 8वीं अनुसूची में शामिल करने का अनुरोध किया था। उन्होंने बताया था कि भाषायी विविधता के परिरक्षण, प्रचलन और विकास आदि के लिए छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग का भी गठन किया गया है।

अतः राज्य की जनता की भावनाओं के अनुरूप त्वरित और सकारात्मक निर्णय लेंगे। छत्तीसगढ़ राज्य में बोलचाल की भाषा के रूप में छत्तीसगढ़ी का प्रयोग किया जाता है। अब तक इसे आठवीं अनुसूची में शामिल नहीं किए जाने के कारण भाषा का दर्जा नहीं मिल पाया। राज्य बनने के बाद पूर्व की भाजपा सरकार ने 28 नवंबर 2007 को विधानसभा में छत्तीसगढ़ी राजभाषा आयोग विधेयक पारित किया था। आयोग का उद्देश्य छत्तीसगढ़ी भाषा को 8वीं अनुसूची में दर्जा दिलाना है। छत्तीसगढ़ी को राजकाज की भाषा के रूप में उपयोग में लाना और त्रिभाषीय भाषा के रूप में पाठ्यक्रम में शामिल करना है। छत्तीसगढ़ी भाषा को संविधान में जोड़ें: फूलोदेवी छत्तीसगढ़ी भाषा को संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल करने के संबंध में राज्यसभा सांसद फूलोदेवी नेमाम ने शून्यकाल में मामला उठाया। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ी भाषा का इतिहास बहुत गौरवशाली रहा है। रामचरितमानस में भी छत्तीसगढ़ी के शब्द मिलते हैं, जैसे बाल कांड में माखी, सोवत, जरहि, बिकार किष्किंधाकाण्ड में पखवारा, लराई, बरसा सुंदरकांड में सोरह, आंगी, मुंदरी आदि छत्तीसगढ़ी शब्द हैं। लेखकों ने भी छत्तीसगढ़ी भाषा में कविताएं, नाटक, निबंध, शोधग्रंथ लिखकर इस भाषा को बढ़ावा देने का प्रयास किया है। छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा कामकाज में छत्तीसगढ़ी भाषा का उपयोग किया जा रहा है।

# आरएन दास, बीएस ध्रुव और टी. एक्का डीआईजी बने



पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

पुलिस महानिदेशक डी. एम. अवस्थी ने पुलिस मुख्यालय, अटल नगर, रायपुर में भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारी आरएन दास, बीएस ध्रुव और टी. एक्का को उप पुलिस महानिरीक्षक बनने पर स्टार लगाकर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। अवस्थी ने विश्वास जताया कि तीनों अधिकारी अपने दायित्यों का सफलतापूर्वक निर्वहन करेंगे. इस अवसर पर पुलिस महानिदेशक आरके विज, अशोक जुनेजा, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक हिमांशु गुप्ता, उप पुलिस महानिरीक्षक एससी द्विवेदी उपस्थित रहे।

## आदिवासी की हत्या का मामला

# राज्यपाल उइके से आदिवासी मौत के मामले में मंत्री अकबर ने हस्तक्षेप करने का आग्रह किया

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



वन मंत्री मोहम्मद अकबर ने राज्यपाल अनुसूईया उईके से दूरभाष पर चर्चा की। उन्होंने राज्यपाल को छत्तीसगढ़ के कबीरधाम जिला निवासी दो आदिवासी भाइयों पर मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा अकारण गोली चलाने से एक आदिवासी की हुई मौत के मामले की जानकारी देकर उनसे हस्तक्षेप करने का आग्रह किया। चर्चा के दौरान वन मंत्री मोहम्मद अकबर ने बताया कि इस मामले को लेकर मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री व गृह मंत्री को दो अलग-अलग पत्र लिखे हैं। इसके बावजूद मध्यप्रदेश सरकार ने कोई विधि सम्मत कार्रवाई नहीं की है।

राज्यपाल अनुसूईया उईके छिंदवाड़ा (मध्यप्रदेश) के प्रवास पर थीं। दूरभाष पर उन्हें वन मंत्री मोहम्मद अकबर ने बताया कि कबीरधाम जिले के बोड़ला विकासखंड अंतर्गत ग्राम बालसमुंद निवासी झामसिंह ध्रुर्वे व उसका चचेरा भाई नेमसिंह ध्रुर्वे 6 सितम्बर को मछली पकड़ने गए थे। वापस लौटते समय मध्यप्रदेश पुलिस के सिपाहियों ने उन्हें रोका। जब डर की वजह से वे दोनों आदिवासी भाई भागने लगे तो छत्तीसगढ़ की सीमा में घुसकर गोली मारकर झामसिंह ध्रुर्वे की हत्या कर दी गई। नेमसिंह ध्रुर्वे की हत्या का प्रयास किया गया। झाामसिंह ध्रुर्वे की मृत्यु छत्तीसगढञ राज्य के सीमा के अंदर हुई थी। उनके मृत शरीर को मध्यप्रदेश पुलिस के द्वारा घटना स्थल से हटाकर मध्यप्रदेश ले जाया गया। घटना स्थल पर लगे खून के दाग को मिटाने का भी प्रयास किया गया। 7 सितम्बर को जिला बालाघाट के गढ़ी नामक स्थान में पोस्टमार्टम कराने के पश्चात् मृतक के परिजनों को मृत शरीर सौपा गया। राज्यपाल को कलेक्टर, कबीरधाम के तथ्यात्मक प्रतिवेदन की भी जानकारी दी गई है। उक्त प्रतिवेदन में बताया गया है कि घटना को मध्यप्रदेश सरकार के द्वारा पुलिस-नक्सली मुठभेड़ बताने का प्रयास किया जा रहा है, जबकि इन दोनों व्यक्तियों का किसी भी प्रकार की नक्सली गतिविधियों से कोई संबंध नहीं था। वन मंत्री मोहम्मद अकबर ने राज्यपाल अनुसूईया उईके से इस मामले में हस्तक्षेप का आग्रह किया। निर्दोष आदिवासियों पर गोली चलाने से हुई मौत के मामले को राज्यपाल अनुसूईया उईके ने गंभीरता से लिया है। उन्होंने वन मंत्री मोहम्मद अकबर को आश्वासन दिया है कि इस मामले में मध्यप्रदेश की राज्यपाल महोदया से चर्चा करेंगी। राज्यपाल को वनमंत्री मोहम्मद अकबर द्वारा इस मामले में हस्तक्षेप करने के अनुरोध का पत्र भी राज्यपाल के कार्यालय प्रेषित किया गया है।

## विष्णुदेव साय ने की बालाघाट एनकाउंटर की उच्चस्तरीय जांच की मांग

**रायपुर।** बालाघाट एनकाउंटर मामले में बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदेव साय ने भी इसकी उच्चस्तरीय जांच की मांग की है। उन्होंने कहा है कि अगर वे निर्दोष हैं और नक्सली नहीं है तो ऐसे पुलिस अफसरों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। साय ने जानकारी दी है कि वे इस संबंध में एमपी के सीएम शिवराज से भी बात करेंगे। वहीं बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष ने जल्द ही कार्यसमिति आएगी। उनके मुताबिक इसमें नए चेहरे नजर आ सकते हैं, मंत्री और उपाध्यक्ष के पद बढ़ाए जा रहे हैं । इसके लिए ऊपर से निर्देश भी मिला है।

## निधन

### राजेंद्र प्रसाद शर्मा



**रायपुर।** राजेंद्र प्रसाद शर्मा (गीघारी) वाले तेलीबाधा निवासी का स्वर्गवास 13 सितंबर 2020 को हो गया । वे अरविंद शर्मा अमिता तिवारी सविता शर्मा के पिता, सत्यनारायण तिवारी संजय शर्मा धनेश्वरी शर्मा के ससुर थे।

## सात सोलर ड्यूल पंप आधारित नलजल प्रदाय योजना के लिए 4 करोड़ 41 लाख मंजूर

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

राज्य शासन द्वारा प्रदेश के विभिन्न जिलों के सात ग्राम पंचायतों में सोलर ड्यूल पंप आधारित नलजल प्रदाय योजना के लिए 4 करोड़ 41 लाख रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। जल जीवन मिशन (जेजेएम) के तहत यह मंजूरी मिली है। इस आशय के आदेश मंत्रालय महानदी भवन स्थित लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा संबंधितों को भेज दिए गए हैं। बालोद जिले के विकासखण्ड डौंडी के ग्राम किसनपुरी में सोलर ड्यूल पंप आधारित नलजल प्रदाय योजना के लिए 53 लाख 23 हजार रूपए, ग्राम कुर्रूभाट में सोलर ड्यूल पंप के लिए 52 लाख 96 हजार रूपए और ग्राम तुमडीसुर में सोलर ड्यूल पंप आधारित नलजल योजना के लिए 58 लाख 80 हजार रूपए की मंजूरी मिली है। इसी प्रकार मुंगेली जिले के विकासखण्ड लोरमी के ग्राम भूतकछार में सोलर ड्यूल पंप के लिए 58 लाख 54 हजार रूपए, जिला जांजगीर-चांपा विकासखण्ड शक्ति के ग्राम बैलाचुंवा में सोलर ड्यूल पंप आधारित नलजल योजना के लिए 73 लाख 5 हजार रूपए, ग्राम चारपारा में सोलर ड्यूल पंप आधारित नलजल योजना के लिए 71 लाख 25 हजार रूपए, ग्राम घुईचुवा में सोलर ड्यूल पंप आधारित नलजल योजना के लिए 73 लाख 44 हजार रूपए की स्वीकृति प्रदान की गई है।

# प्रमोद दुबे ने 2 वार्डों में किया काढ़ा और फेस शिल्ड का वितरण

### रोजाना जारी रहेगा अभियान

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

नगर निगम अध्यक्ष प्रमोद दुबे के नेतृत्व में भगवती चरण शुक्ल वार्ड में निःशुल्क काढ़ा का वितरण किया गया। करीब साढ़े आठ सौ लोगों को काढ़ा वितरीत किया गया द्य मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा लगातार कोविड मरीजों के इम्यूनिटी पावर बढ़ाने हेतु काढ़ा वितरण जगह जगह किए जाने की मंशा जाहिर की थी। इसी के मद्देनजर कटोरा तालाब में वार्ड के नागरिकों एवं आम लोगों को काढ़ा वितरण एवं कोरोना से बचाव हेतु फेस शिल्ड वितरित की गई। कैलाश चंद नानी, तेज कुमार बजाज, डॉक्टर जी डी सुंदरानी, किशनचंद नानी बाकर अब्बास के सहयोग से वार्ड के सभी



नागरिकों को प्रतिदिन कटोरा तालाब नेताजी होटल के पास काढ़ा वितरित किया जाएगा। प्रमोद दुबे ने बताया कि महापौर एजाज ढेबर के साथ अन्य वार्डों में भी लगातार काढ़ा वितरण किए जाने हेतु सामाजिक संस्थाओं से संपर्क किया गया है। प्रमोद दुबे एवं महापौर एजाज ढेबर ने लोगों से अपील की है कि बहुत जरूरी कोई काम हो तभी घर से बाहर निकले। किसी स्थान पर अगर सामान लेने जाएं तो स्वयं होकर फिजिकल डिस्टेंसिंग का पालन करें एवं किसी भी स्थिति में मास्क ना उतारे।

रास्ते में अगर कोई बिना मास्क के दिखे तो उसे जरूर टोके, प्रमोद दुबे ने कहा है कि नगर निगम की ओर से भूपेश बघेल के द्वारा कोरोना से पीड़ित परिवार या उनके घरों में 7 दिन की दवाई शासन की ओर से मुहैया कराई जा रही है जिसे लगातार लोगों के घर में पहुंचाने का काम नगर निगम के कर्मचारी कर रहे हैं। प्रमोद दुबे ने यह भी कहा है कि अन्य प्रकार के उपाय व्हाट्सएप देख कर ना करें डॉक्टर से सलाह लेकर ही किसी भी दवाई का सेवन करें।

### कलिंगा विश्वविद्यालय, नया रायपुर में विशिष्ट वक्ताओं ने रखे विचार

# हिन्दी भाषा और संस्कृति विषय पर संवाद गोष्ठी आयोजित

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



कलिंगा विश्वविद्यालय, नया रायपुर में कला एवं मानविकी संकाय के अंतर्गत हिन्दी विभाग के द्वारा हिन्दी भाषा और संस्कृति विषय पर संवाद गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध बाल साहित्यकार रमेश द्विवेदी और विशिष्ट वक्ता के रुप में देश के सुप्रसिद्ध हिन्दी साहित्यकार प्रभुनारायण वर्मा उपस्थित थे।

कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती की वंदना से प्रारंभ हुआ। संवाद गोष्ठी कार्यक्रम में मुख्य वक्ता रमेश द्विवेदी ने भाषा और संस्कृति विषय पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि ष्हिन्दी भाषा की विविध बोलियोष् के शब्दों से हिन्दी भाषा पर व्यापक प्रभाव पड़ा है।भाषा के माध्यम से सांस्कृतिक और राष्ट्रीय एकीकरण हो सकता है।जो आज हिन्दी भाषा के प्रयोग में स्पष्ट दिखलाई पड़ता है।

द्विवेदी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए बताया कि आज हिन्दी वैश्विक भाषा बन चुकी है। संचार क्रांति ने पहली बार भाषा विशेष के वर्चस्व की विदाई की घोषणा कर दी है। संचार क्रांति के पहले भाषा विशेष का वर्चस्व हुआ करता था।संचार क्रांति के बाद भाषा विशेष का वर्चस्व स्थापित करना संभव नहीं है। अब किसी भी भाषा को हाशिए पर बहुत ज्यादा समय तक नहीं रखा जा सकता।आज साइबर युग में बीस साल पहले की हिन्दी भाषा की स्थिति और आज की स्थिति में जमीन.आसमान का अंतर दिखलाई पड़ता है।

सुप्रसिद्ध साहित्यिकार प्रभुनारायण वर्मा जी ने हिन्दी भाषा के स्वरूप और वर्तमान समय में हिन्दी भाषा की स्थिति पर विस्तार से बतलाया।उन्होंने कहा कि भाषा अभिव्यक्ति और संचार में बाधक नहीं बन सकती और कोई व्यक्ति यदि मातृभाषा में सोचताए समझता और सीखता है तो उसका दूसरी भाषा में अंतरण आराम से कर सकता है और चिरकाल तक वह उसके मनोमष्तिष्क पर छायी रहती है।

उन्होंने कहा कि हिन्दी दिवस अंग्रेजी भाषा के विरोध और विलाप का दिवस नहीं है बल्कि अपनी भाषा के सम्मान का दिन है।उन्होंने कहा कि सभी को अपनी मातृभाषा से और संविधान से मान्यताप्राप्त राजभाषा से प्रेम होता है।अपनी मातृभाषा के मानक स्वरुप को सरलएसहज और शिक्षा,संचार और तकनीकी की भाषा के रुप में विकसित करना हमारी जिम्मेदारी है।इसका उदाहरण देते हुए उन्होंने समझाया कि चीनएजापान और जर्मनी जैसे देश इसीलिए इतनी प्रगति कर रहे है क्योंकि वे अपनी भाषा का प्रयोग राजकाज से लेकर दिनानुदिन सभी कार्यों में करते हैं।

उक्त कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण अधिष्ठाता डॉ आशा अंबईकर, कला एवं मानविकी संकाय के अधिष्ठाता डॉ एम एस मिश्रा, हिन्दी विभागाध्यक्ष डॉ अजय शुक्ल अरुण जायसवाल शिल्पी भट्टाचार्य, अनिता सामल,डॉ नम्रता श्रीवास्तव एके कौल,स्वरुपा पंडित,खुशबू सिंह,मेरिटा,चंदन सिंह राजपूत, मुकेश रावत, स्मिता प्रेमानंद,शैलेश देशमुख, विजय आनंद आदि प्राध्यापक एवं विद्यार्थी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन अरुण जायसवाल और आभार प्रदर्शन डॉ एम एस मिश्रा ने किया।

## भविष्य के लिए कृति इंस्टीट्यूट ऑफ जर्नलिज्म एंड मॉस कम्युनिकेशन है बेहतर विकल्प

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

कृति इंस्टीट्यूट ऑफ जर्नलिज्म एंड मॉस कम्युनिकेशन में एडमिशन के लिए आवेदन प्रि या शुरू कर दी गयी है। बता दें कि 01 अगस्त 2020 से आवेदन प्रि या शुरू कर दी गयी है। अगर आप मीडिया के क्षेत्र में जाना चाहते हैं और इसी क्षेत्र में अपना करियर बनाना चाहते हैं तो कृति ग्रुप के अधीन चल रहे जर्नलिज्म एंड मास कम्युनिकेशन से बेहतर विकल्प कोई नहीं है। पत्रकारिता और जनसंचार कोर्स में एडमिशन लेने के लिए यह महाविद्यालय आपके लिए एक बेहतर ऑप्शन है। कोरोना महामारी की विकराल परिस्थितियों में भी युवा अपनी पढाई और भविष्य के प्रति सजग दिख रहा है। मीडिया रिपोर्ट्स के हवाले से और सोशल मीडिया में अपनी दखल से उसने अपनी चिंता गाहे बगाहे जाहिर की है। विदित हो की यहाँ पिछले दो वर्षों से पत्रकारिता का मूल्यपरक अध्ययन विद्यार्थियों को कराया जा रहा है। यह संसथान कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्व विद्यालय से सम्बद्ध है.वर्तमान में यहाँ किसी भी विषय में बारहवीं उत्तीर्ण विद्यार्थी पत्रकारिता के स्नातक कोर्सेज में प्रवेश ले सकते है इसी तरह जिन विद्यार्थियों ने किसी भी डिसिप्लिन में स्नातक किया हो वह स्नातकोत्तर डिप्लोमा कोर्सेज में प्रवेश ले सकते है। कॉर्पोरेट कम्युनिकेशन और पत्रकारिता विषय पर स्नातकोत्तर पत्रोपाधि पाठ्य म का अध्ययन संस्थान में कार्य जा रहा है। विश्वविद्यालय द्वारा प्रवेश लेने की अंतिम तिथि 30 सितम्बर तक बढ़ा दी है। इन कोर्सेज में एडमिशन लेने के लिए उम्मीदवारों को आवेदन की प्रि या में शामिल होना आवश्यक है। पत्रकारिता से जुड़ी किसी प्रकार की जानकारी के लिए कृति ग्रुप की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

# रेपिड एन्टीजेन टेस्ट एवं आरटीपीसीआर के लिए सैम्पल कलेक्शन में जुटे स्वास्थ्य विभाग के योद्धा

पायनियर संवाददाता < किरंदुल
www.dailypioneer.com



इस समय दक्षिण बस्तर दंतेवाडा कोविड-19 वायरस के प्रकोप से बुरी तरह प्रभावित है, प्रतिदिन बढते हुए नये रोगियों की संख्या जहां चिंता का विषय है और जहां अन्य लोगों को घर में ही रहने की सलाह दी जा रही है, वहीं अपनी एवं अपने परिवार के सदस्यों की चिंता किये बिना स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी अपनी पूरी दक्षता के साथ अथक परिश्रम करते हुए शासन प्रशासन के निर्देशानुसार निरन्तर अपने कर्मपथ पर अग्रसर है। किसी रोग के उपचार हेतु सर्वप्रथम सम्भावित मरीजों से उचित मापदंडो से युक्त सेम्पल कलेक्शन लिया जाना सबसे महत्वपूर्ण कड़ी है। निर्देशानुसार रेपिड एन्टीजेन टेस्ट करना अथवा आरटीपीसीआर जांच हेतु सेम्पल कलेक्शन कर मेडिकल कॉलेज भेजना ये सारे कार्य स्वास्थ्य विभाग द्वारा बखूबी अंजाम दिए जा रहे हैं। जिले के अलग अलग क्षेत्र हेतु पृथक पृथक टीम बनाकर अलग अलग क्षेत्रों में जाकर सेम्पल लिए जा रहे हैं। दंतेवाडा जिले के जिला सर्विलेंस अधिकारी डॉ राजाशेखर के मार्गदर्शन में कार्य करने हेतु टीमों का गठन किया गया है। डॉ. सीमा तिग्गा सभी टीमों से सतत सम्पर्क बनाये रखते हुए प्रतिदिन के कार्यो पर निगरानी रखती हैं। विगत दिनों भांसी पुलिस थाना परिसर में जाकर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बचेली की लैब टेक्नीशियन सरोज मंडावी, एएनएम संध्या पात्रो, राजेश्वरी, गोविन्द द्वारा 60 पुलिस कर्मचारियों का रेपिड एंटीजेन टेस्ट किया गया था जिसमें से 8 पुलिस कर्मियों का पॉजीटिव पाया गया था जिसके पश्चात परिसर को कंटेनमेंट जोन घोषित किया गया था। उनके परिजनों के जांच हेतु इसी टीम द्वारा सोमवार को पुनःश्च जाकर 37 लोगों का सेम्पल लेकर आरटीपीसीआर जांच हेतु भेजा गया है तथा 10 लोगों का रेपिड एंटीजेन टेस्ट किया गया, जिसमें सभी का रिपोर्ट निगेटिव आया, जो कि राहत की बात है।

विदित हो कि, स्वयं को संक्रमण के खतरों के मध्य प्रतिदिन कई घंटों तक पीपीई किट पहनकर काम करना भी बहुत बडी चुनौती है तथा इससे उमस और बैचेनी भी होती है और फिर घर जाकर अपने बच्चों के स्वास्थ्य की चिंता भी इन कोरोना योद्धाओं को सताती रहती है, किंतु अब खतरों के बीच अपने कर्तव्य का निष्पादन ही इनकी पहचान बन चुकी है। इस बीच कई स्वास्थ्य कर्मचारी स्वयं भी संक्रमण की चपेट में आ चुके हैं, जिनका उपचार जारी है। कई बार कंटेनमेंट जोन के कुछ लोगों के द्वारा जांच कराने से इंकार किया जाता है तथा दुर्व्यवहार का सामना भी इन कोरोना योद्धाओं को करना पडता है। महिला कर्मचारियों द्वारा अपने घरेलू दायित्वों के निर्वहन के अतिरिक्त कोरोना योद्धा के रूप में अपनी भूमिका को बखूबी अंजाम दे रहे हैं। इस हेतु दन्तेवाड़ा जिले का पूरा स्वास्थ्य अमला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के कुशल मार्गदर्शन में अपने कर्तव्य पथ पर अग्रसर होकर इस विकराल महामारी से लड़ने की पूरी तैयारी में जुटे हुए हैं।

## गुरुवार साप्ताहिक बाजार को चालू रखे जाने को लेकर ज्ञापन सौंपा



**चारामा।** जनसंघ सेवक मंच जिला कांकेर अर्न्तगत चारामा के पदाधिकारियो के द्वारा गुरुवार साप्ताहिक बाजार को चालू रखे जाने को लेकर नगर पंचायत अधिकारी को ज्ञापन सौंपा।

जिला अध्यक्ष गंगुराम सोनकर, ने बताया कि कोरोना काल के चलते अन्य कई बाजार बंद होने से स्थानीय व्यापारियो की आर्थिक स्थिति बिगड सी गई है। ऐसे मे चारामा बाजार भी बंद होने से सब्जी व्यापारियो सहित अन्य व्यापारियो की आर्थिक स्थिति और बिगड जायेगी। इसलिए चारामा साप्ताहिक बाजार को चलने दिया जाये।

ज्ञापन सौपने के दौरान मिडिया प्रभारी उमेश देवांगन, अध्यक्ष टीकम सोनकर, मंत्री यश कुमार निर्मलकर , वार्ड पार्षद नंद किशोर गौतम ,विक्रांत गजबिए, सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# डॉक्टर के खिलाफ कार्यवाही कर पद से बर्खास्त करने की मांग

पायनियर संवाददाता < चारामा
www.dailypioneer.com



गुरुवार की शाम को डॉक्टर के द्वारा आर्मी जवान से मारपीट करते हुए गाली एवं अभद्र भाषा का उपयोग करते हुए आर्मी की वर्दी को गाली देने के मामला तूल पकड़ रहा है अलग अलग संगठनों ,पार्टी से लेकर आम जनता की ओर से डॉक्टर के खिलाफ कार्यवाही करते हुए उसे पद से बर्खास्त करने की मॉग जोर पकड रही है। इसी क्रम मे पूर्व सैनिक सेवा परिषद छग ने न्यायोचित कार्यवाही करने के लिए कांकेर कलेक्टर को ज्ञापन सौपा। पुर्व सैनिको ने कलेक्टर को गुरूवार की शाम हुई पुरी घटना एंव वायरल विडियो मे डॉक्टर तेजस शाह के द्वारा किये जाने वाले मारपीट, अपशब्दों एंव आर्मी व उसकी वर्दी को गाली देने की पुरी बात बताई।पुर्व सैनिकों ने कहॉ कि उक्त जवान एंव समस्त सेना का अपमान पूर्व सैनिक सेवा परिषद छग को बर्दास्त नही है और वह त्वरित कार्यवाही करते हुए जिला प्रशासन सैन्य सम्मान को ध्यान मे रखते हुए न्यायोचित कार्यवाही करे। ज्ञापन सौपने के दौरान पूर्व सैनिक रवि कुमार साहू,धनवार साहू, कैप्टन जगमोहन साहू, निंकुज कुंजाम, सतीश सिन्हा, खेमराज साहु, टी के जैन, गिरिश गौतम, भखम साहु मोहन साहु, सहित जिले एंव आस पास जिले के पुर्व सैनिक उपस्थित थे।

# अभिकर्ता संघ ने धरना प्रदर्शन कर विरोध जताया, राज्यपाल व मुख्यमंत्री के नाम का सौंपा ज्ञापन

**सुकमा।** गरीब किसान व मजदूरों का पैसा चिंटफंट कंपनियों के पास पैसा फंसा हुआ है। 2015 से लगातार धरना प्रदर्शन व ज्ञापन दिया जा रहा है। वही पिछले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी ने वादा किया थ कि सत्ता में आऐंगें तो चिटफंड कंपनियों से पैसा वापस दिलाऐंगें। इसलिए आज अभिकर्ता संघ ने एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कर प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल व राज्यपाल के नाम का ज्ञापन सौपा है। मंगलवार को जिला मुख्यालय स्थित साप्ताहिक बाजार में छत्तीसगढ़ अभिकर्ता एंव उपभोक्ता संघ के लोगो ने एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया और मुख्यमंत्री व राज्यपाल के नाम का ज्ञापन सौपा। जिसमें उन्होने लिखा कि 2015 से हमारे द्वारा लगातार प्रदर्शन व धरना दिया जा रहा है। क्योकि गरीब किसान व मजदूरों की जमापूंजी चिटफंड कंपनियों के पास जमा है। ऐसे में कांग्रेस पार्टी ने चुनाव के समय वादा किया था कि चिंटफंड कंपनियों से पैसा वापस दिलाऐंगें जिसके बाद प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनी और दो साल बीत भी गए लेकिन अभी तक कोई सुनवाई नहीं हुई है। और किसी भी निवेशक का पैसा नहीं मिला है। जिससे लोगो में भारी तंगी, आक्रोश व आत्महत्या जैसी घटनाओं की स्थिति बनी हुई है।




# विद्यार्थियों की समस्याओं का निराकरण आज करेंगे कलेक्टर-पुलिस अधीक्षक

पायनियर संवाददाता < जगदलपुर
www.dailypioneer.com

बस्तर जिला कलेक्टर पुलीस अधीक्षक, मुख्य कार्यापालन अधिकारी जिला पंचायत एवं सहायक कलेक्टर ए-विजन स्टूडियों में उपस्थित होकर लाईव क्लास के माध्यम से विद्याथियों को उनके कैरियर एवं प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में आने वाली समस्याओं के निराकरण करेंगे।

जिसका लाइव प्रसारण बुधवार 16 सितम्बर को सुबह 10 से 11 बजे के बीच में किया जाएगा। इसमें सहभागिता निभाने के लिए छात्र-छात्राओं को आमंत्रित किया गया है।

जिन शालाओं के विद्यार्थी कैरियर सम्बंधि एवं अन्य समस्याओं या जिज्ञासाओं से सम्बंधित अपने प्रश्न पूछना चाहते हैं या जानकारी चाहते हैं वे शिक्षा अधिकारी कार्यालय जगदलपुर के राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान कार्यालय में अपने प्रश्न अपने एवं अपने संस्था का नाम जमा कर सकते हैं। लाईव प्रसारण के माध्यम से विद्यार्थी अपनी कठिनाईयों के निराकरण की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। साथ ही 16 सितम्बर को लाईव प्रसारण के दौरान विद्यार्थी प्रश्न भी पूछ सकते हैं। इसके लिए वे दूरभाष नम्बर 9424253836, 9406118457 में कॉल कर सकते हैं।

जिला शिक्षा अधिकारी राजेन्द्र झा ने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा कोरोना कॉल में शिक्षा एवं कैरियर की शुलभ उपलब्धता के लिए इस प्रकार की व्यवस्था की गई है।

**हिंदी दिवस-2020**

# हिंदी दिवस की सहजता एवं सर्वव्यापकता को बताया गया

पायनियर संवाददाता < किरंदुल
www.dailypioneer.com



परियोजना में हिंदी दिवस मनाया गया। मुख्य अतिथि आर. गोविंदराजन, मुख्य महाप्रबंधक के सभागार में संपन्न हिंदी दिवस में मुख्य अतिथि ने हिंदी की महत्ता पर सारगर्भित तरीके से प्रकाश डाला। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के करकमलों से राजभाषा पत्रिका सर्जना-2020 का विमोचन किया गया। एस.चटर्जी, उप महाप्रबधक (कार्मिक) ने हिंदी दिवस की आवश्यकता को बेहद सहज ढंग से बताया। कोरोना काल में परियोजना से संपूर्ण परिपत्र आदि केवल हिंदी में की जारी किए गए जो हिंदी में मूल कार्य करने की व्यावहारिकता दर्शाता है। ए.के.सिंह, तदर्थ समिति सदस्य,एमएमडबल्यू यूनियन ने भी हिंदी दिवस की विशेषता बताई। कार्यक्रम का संचालन करते हुए संजय पाटील, सहायक महाप्रबंधक (राजभाषा) ने हिंदी दिवस की सहजता एवं सर्वव्यापकता को कई उदाहरणों से बताया।

कोरोना संक्रमण के लिए लागू समूचे दिशा-निर्देशों का अनुपालन करते हुए समारोह आयोजित हुआ जिसमें सर्वश्री ए.बंद्योपाध्याय, महाप्रबंधक (विद्युत), बी.नागेश्वर राव, महाप्रबंधक (आईई), पी.एल.साहू, एमएमडबल्यू यूनियन के तदर्थ समिति सदस्य के साथ ही विभागाध्यक्ष उपस्थित थे। धन्यवाद ज्ञापन जी.गणपत, उप महापबंधक (कार्मिक)/राजभाषा ने किया, जबकि कार्यक्रम को सफल बनाने में ए.पी.पांडव, वरिष्ठ आशुलिपिक (हिंदी) ने परिश्रम किया।

# मंगल भवन में कोविद केयर सेंटर तैयार



**बचेली।** मंगल भवन कोविद केयर सेंटर का शुभारंभ अधिशासी निर्देशक ने किया मंगल भवन में 50 बिस्तर का कोविद सेंटर तैयार हुआ है. जिसमें स्थानीय संक्रमित मरीजों का इलाज किया जायेगा। इसके अलावा मरीजों के बेड के अलार्म की सुविधा होंगी मरीजों की देखभाल अपोलो प्रबंधन की निगरानी में होंगी इस कार्य से स्थानीय निवासियों राहत का माहौल है। अब प्रारम्भिक लक्षण वाले मरीजों को परिशानियों का सामना नहीं करना पड़ेगा. कोविद संक्रमण बढ़ने की बीच में यह राहत की खबर है।

# अंत्योदय स्वरोजगार योजना अंतर्गत ऋण उपलब्ध

**बीजापुर।** कोविड-19 के कारण विपरीत परिस्थिति निर्मित होने के फलस्वरूप छोटे-छोटे व्यवसायियों को अंत्योदय स्वरोजगार योजना अंतर्गत अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के लोगों को बैंकों के माध्यम से ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है। जिसके अंतर्गत छोटे व्यवसायी जैसे ठेले, खोमचे, फेरी वाले, सड़क किनारे सामान बेचने वाले, रिक्शा चलाकर गुजारा करने वाले, टेलर, छोटे होटल, पान ठेला, मोची दुकान, मोटर साईकिल मरम्मत, साईकिल मरम्मत आदि विभिन्न छोटे-छोटे व्यवसायों के लिए 20 हजार रूपये तक का ऋण प्रदान किया जायेगा। जिसमें 10 हजार रूपये अनुदान एवं 10 हजार रूपये बैंक ऋण के रूप में दिया जायेगा। जिसके लिए आवेदक को अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति वर्ग का होना आवश्यक है। आवेदक बीजापुर जिले के निवासी हो एवं जाति एवं निवास संबंधी प्रमाण पत्र सरपंच या पार्षद द्वारा जारी किया गया हो। आवेदक का उम्र 18 से 50 वर्ष तक हो। जिनका वार्षिक आय शहरी क्षेत्र के लिए 51 हजार 5 सौ रूपये एवं ग्रामीण क्षेत्र के लिए 40 हजार 5 सौ रूपये से अधिक न हो। उक्त संबंध में पटवारी द्वारा आय प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा। पहचान पत्र के रूप में आधार कार्ड, राशन कार्ड, मतदाता परिचय पत्र एवं शैक्षणिक प्रमाण पत्र की छायाप्रति संलग्न करना होगा।

# आबकारी टीम ने जब्त की अवैध शराब

**दूसरे प्रदेश से बेचने के लिए ला रहा था साढ़े तीन हजार की शराब जब्त**

पायनियर संवाददाता < सुकमा
www.dailypioneer.com



सीमावर्ती प्रदेश उड़ीया से छत्तीसगढ़ बेचने के लिए युवक शराब लेकर आ रहा था कि आबकारी टीम ने रास्ते में पकड़ लिया। शराब समेत युवक के खिलाफ मामला पंजीबद्ध कर लिया गया। करीब साढ़े तीन हजार की अवैध शराब पकड़ी गई। यह कार्रवाई आबकारी टीम ने की।

आबकारी विभाग की माने तो उन्हे सूचना मिली थी कि एक युवक आटो में अवैध शराब उड़ीसा से लेकर बेचने के लिए जा रहा है जिसके बाद टीम ने एनएच 30 पर स्थित मिसमा के पास तलाशी अभियान चलाया। उस दौरान एक आटो में सवार युवक बैग में करीब 30 हंटर बियर लेकर आ रहा था। जिसकी अनुमानित कीमत 110 रू. है। इस शराब को वो गांव मे बेचने के लिए अवैध तरीके से लेकर जा रहा था। जिसके बाद टीम ने कार्रवाई करने हुए शराब जब्त करते हुए युवक के खिलाफकार्रवाई की। इस कार्रवाई के बाद अवैध शराबमाफिओं के खिलाफ हड़कंप मच गया। इस दौरान आबकारी टीम के संदीप अहारे, बैजनाथ सिंह, नारायण कुलदीप, दशरथ मंडावी मौजूद थे।

# कन्या शाला परिसर के आसपास की साफ-सफाई की गई



पायनियर संवाददाता < चारामा
www.dailypioneer.com

भारतीय जनता पार्टी मंडल चारामा द्वारा सेवा सप्ताह के प्रथम दिवस पर नगर चारामा के कन्या शाला परिसर के आसपास की साफ सफाई की गई। सभी पदाधिकारी एंव कार्यकर्ताओ ने हाथ मे झाड़ू,फावडो लेकर सफाई कर्मचारियो के सहयोगसे पुरी नालियो एंव सडको को साफ किया। एंव चारामा नगर को प्लास्टिक मुक्त बनाने का संक्ल्प लिया।

इस दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष प्यारेलाल देवांगन, मंडल अध्यक्ष भाजपा प्रकाश जोतवानी, पार्षद उमा देवी शर्मा, धर्मेन्द्र कुंजाम, बिहारी देवांगन ,मंडल महामंत्री ओमप्रकाश साहु, धर्मेन्द्र सोनकर एंव अन्य कार्यक्र्ता उपस्थित थे।

# नागराज की बसें आज चलाना शुरू होगा

**चारामा।** कोरोना काल की शुरू से अब तक क्षेत्र मे बस एंव जीप की सेवाएं बंद होने से आम जन को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। यात्रियों की सुविधा के लिए नागराज बस सर्विस की ओर से 16 सितम्बर से अपने मार्गो पर बस चलाना शुरू करेगी। बसो मे कोविड-19 के मापदंण्डों के अनुरूप यात्रा कराई जायेगी। उक्त जानकारी संचालक भुनेश्वर नागराज ने दी।

## विजय राय की माता का निधन

**चारामा।** युवाशक्ति समाज सेवी संस्था के संरक्षक विजय राय की माता का निधन सोमवार की दोपहर 12 बजे उनके गृह मे हो गयां। वे लम्बे समय से बीमार थी। जिनका अंतिम संस्कार ग्राम जैसाकर्रा के मुक्तिधाम मे किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित हुए।

## बुर्जुग महिलाओं का सम्मान, ध्वजारोहण किया

# महिला कांग्रेस के स्थापना दिवस पर पार्टी को मजबूत बनाने का लिया संकल्प

पायनियर संवाददाता < सुकमा
www.dailypioneer.com



अखिल भारतीय महिला कांग्रेस का 37वां स्थापना दिवस महिलाओं ने मनाया। पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने ध्वजारोहण किया साथ ही बुजुर्ग महिलाओं का सम्मान किया गया। वायरस संक्रमण के चलते सोशल डिस्टेंस व मास्क आदि नियमों का पालन कर आयोजन में शिरकत की। इस दौरान पदाधिकारी व कार्यकार्ताओं ने पार्टी को मजबूती को लेकर रणनीति बनाई गई।

मंगलवार को जिला मुख्यालय स्थित विधायक विश्राम गृह में महिला कांग्रेस के कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों ने महिला कांग्रेस का 37वां स्थापना दिवस मनाया गया। यहां पर ध्वजारोहण किया गया उसके बाद बुर्जुग महिलाओं का सम्मान किया गया। कांग्रेस के जिला अध्यक्ष महेश्वरी बघेल ने कहा कि कोरोनाकाल में देश के मजबूर काफी परेशान हुए है केन्द्र सरकार की बिना सोची-समझी लाकडाउन नीति के कारण लोग काफी परेशान हुए है। वही महिला कांग्रेस की जिला अध्यक्षा सोयम मंगम्मा ने कहा कि पार्टी को मजबूत करने के लिए बूथ लेवल तक महिलाओं का संगठन तैयार किया जाऐंगा। इस दौरान राजू साहू, शेख सज्जार, राजेश नारा, शीतल कवासी, गीता कवासी, बबिता मंडावी, पदमा जयसवाल, लालम्मा जी, चंदा गुप्ता, जयंतीकौर समेत कांग्रेस के नेता मौजूद थे।

### संगठन में महिलाओं की भूमिका अहम-हरीश कवासी

वही जिला पंचायत अध्यक्ष हरीश कवासी ने महिला स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दी और कहा कि किसी भी संगठन में महिलाओं की भूमिका अहम है। पार्टी को मजबूती के लिए महिलाएं दिन-रात काम करती है। उनकी मेहनत का नतीजा है कि आज प्रदेश में कांग्रेस की सरकार है। और वो दिन दूर नहीं जब केन्द्र में भी कांग्रेस की सरकार होगी।

# धर्मांतरण जैसे षड्यंत्र से आदिवासी संस्कृति को बचाए सर्व आदिवासी समाज

पायनियर संवाददाता < जगदलपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ सर्व आदिवासी समाज बकावंड इकाई के तत्वाधान में बकावंड ब्लाक के ग्राम संतोषा में नुया खाई जुहार भेंट कार्यक्रम का आयोजन किया गया। नुआखाई जुहार भेंट कार्यक्रम में बस्तर की संस्कृति परंपरा को सुरक्षित एवं संरक्षित करना धर्मांतरण जैसे षड्यंत्र से संस्कृति को बचाए रखने के संबंध में चिंता व्यक्त किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रदेश के संरक्षक अरविंद नेताम प्रदेश उपाध्यक्ष राजाराम तोड़ेम जिला उपाध्यक्ष दशरथ कश्यप जिला सचिव अरुण नेताम पूर्व विधायक अंतू राम कश्यप, लच्छू कश्यप, महेश कश्यप सर्व आदिवासी समाज के ब्लॉक अध्यक्ष महेंद्र कश्यप उपाध्यक्ष धनुर्जय कश्यप सचिव दुलबो सूर्यवंशी संरक्षक परिस बेसरा रमेश कश्यप, बलदेव कश्यप देवेंद्र कश्यप सुखदेव मंडावी महादेव बघेल शंकर नाग एवं ब्लॉक से पधारे सभी गांव के गणमान्य नागरिक एवं सरपंच गणों के उपस्थिति में धर्मांतरण जैसे षड्यंत्र से संस्कृति को बचाए रखने के संबंध में गहन विचार विमर्श किया गया।

# जिला मुख्यालय के नाक के नीचे हो रहा अवैध निर्माण कार्य

## नल कनेक्शन भी पालिका ने तत्काल उपलब्ध करा दिया

### अवैध निर्माण कार्य पर पालिका मेहरबान

पायनियर संवाददाता < बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com





वार्ड क्रमांक 3 इंदिरा कॉलोनी के सोनपुरी मुख्य मार्ग हाईस्कूल के सामने में शासन द्वारा निःशुल्क बांटे गए पट्टे की भूमि को विधि विरुद्ध किसी अन्य व्यक्ति से खरीद कर व्यवसायिक प्रयोजन हेतु परिसर का निर्माण बिना किसी अनुमति के अवैध रूप से हो रहा है । उक्त बिना अनुमति के हो रहे निर्माण कार्य में नगरपालिका द्वारा नल कनेक्शन भी तत्काल लगाया गया है जो कि समझ से परे है चूँकि यहां महीनों से आमजनों ने नियमानुसार नल कनेक्शन हेतु आवेदन जमा किया हुआ है जो महीनों से पालिका का चक्कर काट रहे हैं । ना जाने क्यों पालिका प्रशासन अवैध निर्माण कारी के ऊपर मेहरबान है।

शासन द्वारा निः शुल्क पट्टा बेघर असहाय लोगों को दिया जाता है ताकि उसमें वह जीवन यापन कर सके शासन द्वारा इस प्रकार की निःशुल्क पट्टे की भूमि का क्रय विक्रय पर भी रोक है यदि इस प्रकार की भूमि को क्रय विक्रय किया जाता है तो उक्त भूमि का पट्टा निरस्त किया जाता है ऐसे पट्टे की भूमि को खरीदने और बेचने वाला दोनों ही व्यक्ति दोषी माना गया है ऐसे भूमियों की भी क्रय विक्रय पर भी नगरपालिका मेहरबान हो रही है जो कि विधि विरुद्ध है ऐसी भूमि का तो पट्टा ही निरस्त हो जाता है! आज भी निर्माण कार्य अवैध रूप से नगरपालिका के बिना अनुमति के बेधड़क निर्माण कार्य चालू है जिससे नगरपालिका की कार्य प्रणाली को शंका के घेरे में खड़ा कर रहा है साथ ही विद्युत विभाग द्वारा भी बिना अनुमति हो रहे निर्माण कार्य में अपना भरपूर सहयोग प्रदान करते हुए सड़क किनारे पूर्व में लगाये गए विद्युत पोल को जबरन,बेवजह किसी व्यक्ति विशेष को लाभ पहुंचाने हेतु उखाड़कर रोड के समीप मोड़ के कार्नर में लगाया गया है जिससे सड़क सकरी हो जाने से आवाजाही लोगों में दुर्घटनाएं होने की संभावनाएं बढ़ गई है जो कि विधि विरुद्ध है वार्ड के पार्षद सहित अन्य लोगों ने भी उक्त संबंध में शिकायत नगर पालिका आदि में दर्ज कराई गई है जिसके बावजूद भी नगरपालिका एवं विद्युत विभाग द्वारा अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की जा रही। जिला मुख्यालय में ऐसा प्रयोजन हो रहा है इसके बावजूद भी आज तक कोई भी ठोस कार्यवाही नहीं होना आश्चर्य की बात है।

### क्या कहते है अधिकारीगण

संबंधित प्रकरण की जांच करेंगे फिर कार्रवाई करेंगे।
**-राजेश्वरी पटेल,** मुख्य नगरपालिका अधिकारी बलौदाबाजार

-राजस्व विभाग को उक्त संबंध में सूचित किया हूं सम्पूर्ण जानकारी प्राप्त कर कार्रवाई करेंगे,
**-भोलाराम पटेल,** उप अभियंता एवं प्रभारी जल विभाग नगरपालिका परिषद बलौदाबाजार

-नोटिस जारी किये है ।
**-नेमीचंद वर्मा,** उप अभियंता नगरपालिका परिषद बलौदाबाजार

-उक्त प्रकरण मेरी जानकारी में नहीं है पता करके बताता हूं ।
**-आकाश कुमार देवांगन,** कनिष्ठ यंत्री, शहर विद्युत मंडल बलौदाबाजार

# वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए कलेक्टर ने की समीक्षा

पायनियर संवाददाता < गरियाबंद
www.dailypioneer.com

कलेक्टर छतर सिंह डेहरे ने आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए जिला प्रमुख और विकासखंड स्तरीय अधिकारियों की विभागीय कार्यो की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली। कलेक्टर ने अधिकारियों को शासन द्वारा कोविड-19 के संक्रमण को ध्यान में रखते हुए जारी दिशा-निर्देशों से अवगत कराते हुए कहा कि जिला प्रमुख अधिकारी संबंधित विभाग के विकासखंड स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक स्वान वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से लेना सुनिश्चित करेंगे। जिला स्तरीय समीक्षा बैठकें भी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से ही होगी। कलेक्टर ने कोविड-19 के बढ़ती संक्रमण के दौरान अधिकारी-कर्मचारियों को निर्धारित मुख्यालय में ही रहकर कार्य संपादित करने के निर्देश दिये।



उन्होंने कोरोना के चलते कार्यालय बंद होने की स्थिति में वर्क फ्राम होम से कार्य निपटाने के सुझाव दिये। कलेक्टर ने जिले से अन्यत्र नगरों से आवाजाही करने वाले अथवा अवकाश उपरांत कार्यालय आने के पूर्व अधिकारी-कर्मचारियों को कोरोना जांच कराने के निर्देश दिये। साथ ही जांच रिपोर्ट के आधार पर ही कार्यालय में उपस्थिति सुनिश्चित करने कहा। उन्होंने कार्यालयों में भी सोशल-फिजीकल डिस्टेंसिंग व कोविड-19 के दिशा-निर्देशों का गंभीरता पूर्वक पालन करने के निर्देश दिये। समीक्षा के दौरान महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी ने बताया कि जिले में 01 सितम्बर से 30 सितम्बर तक पोषण माह आयोजित किया जा रहा है। कृषि, स्वास्थ्य, शिक्षा, पंचायत एवं ग्रामीण विकास सहित सभी विभागो की भागीदारी से कंटेनमेंट जोन को छोड़कर 14 सितम्बर से आंगनबाड़ी केन्द्रों में गरम भोजन व पुरक पोषण आहार की व्यवस्था प्रारंभ की गई है। खाद्य विभाग के अधिकारी ने बताया कि जिले में 38 सहकारी समितियों के 62 उपार्जन केन्द्रों के माध्यम से धान खरीदी की जाती है। विगत वर्ष 71 हजार किसानों की पंजीयन किया गया था। इस वर्ष पंजीयन हेतु सूची राजस्व विभाग को उपलब्ध करा दी गई है। जिले में 85 प्रवासी मजदूरों का राशन कार्ड जारी किया जायेगा। कलेक्टर ने खाद्य अधिकारी को आगामी दस दिवस के भीतर उक्त कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिये। उन्होंने वन अधिकार पट्टा की समीक्षा करते हुए ग्राम स्तर पर सूचना का प्रारूप और अपील प्रस्तुत करने की प्रमाण पत्र व लंबित आवेदनों की जानकारी शीघ्र उपलब्ध कराने संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया। राजस्व विभाग के अधिकारियों ने बताया कि जिले में 85 प्रतिशत गिरदावरी कार्य पूर्ण हो चूका है। 20 सितम्बर तक शत-प्रतिशत गिरदावरी कार्य कर लिया जायेगा।

सिविल सर्जन ने बताया कि जिले में 10 हजार 299 कोरोना सैम्पल लिये जा चुके हैं। जिसमें 762 पॉजिटिव पाये गए है, वहीं 505 रिकवर हुए है, 158 होम आइसोलेशन में है। जिले की कोविड हॉस्पिटल व पॉलिटेक्निक आइसोलेशन सेन्टर में पर्याप्त बेड उपलब्ध है। जिले में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस का आयोजन 23 सितंबर से 30 सितंबर 2020 तक आयोजन किया जायेगा।

# विधायक प्रमोद शर्मा ने क्षेत्र के लिए 7.83 करोड़ के विकास कार्य स्वीकृत कराये

पायनियर संवाददाता < तिल्दा नेवरा
www.dailypioneer.com

बलौदाबाजार विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले विकासखंड तिल्दा, सिमगा व बलौदाबाजार में विभिन्न निर्माण व विकास कार्यो के लिए लगभग 7.83 करोड़ की स्वीकृति मिली है जिसमे बलौदाबाजार विकासखंड के अंतर्गत लगभग 3.04 करोड़ की मंजूरी मिली है जिसमे ग्राम पंचायत करमणडी, चांपा, पौसरी, रवान, बेमेतरा, खैरी,कंजी मेड,खपरी, ढाबाडीह, रसेड़ी,देवरी, छुइहा, खरघटा, रवान, रिसदा, सकरी, सेमराडीह, चांपा,अर्जुनी, बोइरडीह, झोंका में निर्माण कार्य किया जाना है साथ ही नगर पालिका बलौदाबाजार मे लोकनिर्माण विभाग विद्युत यांत्रिकी भवन का निर्माण कार्य भी स्वीकृत है बलौदाबाजार विधानसभा के अंतर्गत सिमगा विकासखंड में लगभग 2.13 करोड़ की स्वीकृति है जिसमें रावन,गोरदी, मुड़पार, पड़कीडीह,मटिया, चंडी जांगड़ा,भटभेरा, भोथाडीह बिलाईडबरी ,बड़े जरौद,झिपन भालेसुर, मुड़पार, बिटकुली,टेकारी, सुहेला, हथबंद, हिरमी, नेवारी, मोहरा,खपराडीह, शिकारी केसली शामिल है वही तिल्दा नेवरा विकासखंड में लगभग 2.60 करोड़ का निर्माण व विकास कार्य होना है जिसमे खैरखुट, खम्हरिया, खुडमुडी ताराशिव,कोनारी, छतौद, भूमिया, सांकरा, बेमता, अल्दा, कोटा, मोहगॉव, ओटगण, लखना, सुंगेरा,हथबंद सिलपट्टी, रजिया,मोहदा,सरोरा अडसेना, भुरसुदा, परसदा पंचायत शामिल है। विधायक प्रमोद शर्मा के प्रति ग्रामीण व सरपंचो ने जताया आभार बलौदाबाजार विधानसभा में करोड़ों के विकास कार्यो की मंजूरी मिलने पर ग्राम पंचायतों के सरपंच व ग्रामीणों ने क्षेत्रीय विधायक प्रमोद शर्मा के प्रति आभार व धन्यवाद व्यक्त किया है इस दौरान विधायक शर्मा से चर्चा के दौरान कहा कि मेरे लिए क्षेत्र का विकास कराना पहली प्राथमिकता है बहुत से पंचायतों का और भी प्रस्ताव आया है जिसमे से मेरे अधिकार क्षेत्र के कार्यो को जल्द ही स्वीकृत करने के साथ साथ शासन स्तर के निर्माण व विकासकार्यो के लिए प्रयास करूँगा ताकि क्षेत्र का चहुमुंखी विकास हो सके।

# नवनिर्मित आंगनबाड़ी भवन का भूमिपूजन जिपं उपाध्यक्ष सरिता ठाकुर ने किया

पायनियर संवाददाता < भाटापारा
www.dailypioneer.com

ग्राम पंचायत खोलवा में नवनिर्मित आंगनबाड़ी भवन का भूमि पूजन जिला पंचायत उपाध्यक्ष सरिता सत्यनारायण ठाकुर के द्वारा किया गया। जिला पंचायत उपाध्यक्ष सरिता सत्यनारायण ठाकुर को अपने बीच पाकर गांव की महिला एवं ग्रामवासी काफी खुश दिखाई दिए और फुल से एवं तिलक लगाकर श्रीफल भेंट कर एवं सरिता सत्यनारायण ठाकुर जिंदाबाद के नारे लगाकर स्वागत किया गया। जिला पंचायत उपाध्यक्ष सरिता सत्यनारायण ठाकुर के द्वारा अपने उद्बोधन में ग्राम वासियों से कहा की आज हमारा देश प्रदेश करुणा महामारी के संकट से जूझ रहा है फिर भी हमारे प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल करुणा की समस्या से निपट ते हुए प्रदेश में विकास की गति को रुकने नहीं दिया जा रहा है। जिसका उदाहरण यहां बनने जा रहे हैं आंगनबाड़ी भवन है। छत्तीसगढ़ के जनता एवं गांव के किसान की खुशहाली के लिए हर संभव प्रयास किया जा रहे हैं।



गौधन योजना के तहत गोबर की खरीदी गाय की सुरक्षा हेतु गौठान निर्माण का कार्य 25 सौ रुपया में किसानों का धान खरीदना तेंदूपत्ता प्रोत्साहन राशि देना छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार भूपेश बघेल की सरकार गांव किसानों के हितैषी सरकार है छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के रहते छत्तीसगढ़ के जनता एवं किसानों को की खुशहाली में एवं गांव के विकास में किसी भी प्रकार की कोई कमी नहीं आएगी।

गड़बो नवा छत्तीसगढ़ का सपना हमारे भूपेश बघेल का है जोकि दिख रहा है आज प्रदेश खुशहाली की दिशा में है विकास की दिशा में है। उक्त कार्यक्रम में जिला पंचायत उपाध्यक्ष सरिता सतनारायण ठाकुर, किसान कांग्रेस के जिलाध्यक्ष रामविलास साहू, जनपद सदस्य हेमंत ध्रुव, खोलवा पंचायत के सरपंच पितांबर साहू, गौरी पंचायत के सरपंच गौरी सुरेंद्र वैष्णव, सुमा एवं कैथी के सरपंच उपस्थित रहे।

# हेड मास्टर देवेंद्र सिंह ठाकुर को सेवा निवृत होने पर दी गई विदाई

**भाटापारा।** ग्राम पंचायत कोटमी के मालगुजार परिवार के सदस्य देवेंद्र सिंह ठाकुर जोकि ग्राम शिनोदा में हेड मास्टर के पद पर कार्यरत थे, सेवा निवृत हो गए। इस अवसर पर ग्राम पंचायत कोटमी में रिटायर हेड मास्टर देवेंद्र सिंह ठाकुर का सम्मान किया गया । ग्राम पंचायत कोट मी परिवार के साथ साथ ग्रामवासी भी उपस्थित रहे हैं उक्त कार्यक्रम में जिला पंचायत उपाध्यक्ष सरिता सत्यनारायण ठाकुर सरोज ठाकुर गजानंद ठाकुर पुष्पा ठाकुर जगमोहन ठाकुर अन्नपूर्णा ठाकुर धर्मेंद्र ठाकुर मिथिला ठाकुर जितेंद्र ठाकुर मधु ठाकुर गब्बर ठाकुर नीलू ठाकुर प्रकाश ठाकुर मंजू ठाकुर रोहित ठाकुर सीमा ठाकुर संजय ठाकुर श्वेता ठाकुर धनंजय ठाकुर विकी मेनका ठाकुर पार्षद विनोद दीक्षित जैकी ठाकुर ममता ठाकुर जानू ठाकुर एवं समस्त ग्रामवासी गण उपस्थित रहे

# भुरसुदा गांव के रनबौर देव मंदिर परिसर में वृक्षारोपण किया

पायनियर संवाददाता < तिल्दा नेवरा
www.dailypioneer.com



नगर से लगे समीप ग्राम भुरसुदा में सुप्रसिद्ध रनबौर देव मंदिर में स्थित है बताया जाता कि जो भी पवित्र मन से यहां मनोकामना मांगा जाये वह पूरा होता है, ऐसे पवित्र तीर्थ में छत्तीसगढ़ उत्थान समिति के तत्वावधान व पंचायत प्रतिनिधियों के उपस्थिति में 12 नग आँवला,आम,चिरई जाम,फलदार पौधा रोपकर सुरक्षा व संरक्षण के संकल्प के साथ वृक्षारोपण का कार्यक्रम सम्पन्न किया गया।

मुख्यातिथि युवा समाजसेवी संदीप वर्मा ने ऐसे पवित्र स्थल जहाँ सुप्रसिद्ध रनबौर देव विराजे हो वहां हम सभी के माध्यम से वृक्षारोपण होना उस देव ही कृपा जिन्होंने हमसे यह ईश्वरीय कार्य को सम्पन्न कराया उन्होंने आगे उद्बोधन देते हुवे कहा कि अधिकत्तम प्रसिद्ध मंदिरों में छत्तीसगढ़ उत्थान समिति के माध्यम से वृक्षारोपण सम्पन्न हो रहे है, ये भगवान जी की असीम कृपा हमारे समिति व कार्यकर्ताओं के प्रति है वृक्षारोपण के लिए उन्होंने ग्रामवाशियो और पंचायत प्रतिनिधियो को बधाई शुभकामनाएं दी। अध्यक्षता कर रहे सरपंच प्रतिनिधि राजकुमार साहू ने कहा कि युवा समाजसेवी संदीप वर्मा अंचलवाशियो को निरंतर पर्यावरण संरक्षण व कोरोना से कैसे बचा जाए जगा रहे है ये प्रेरणादायीं है ऐसे देशभक्त निःश्वार्थ भाव से सेवा करने वाले समाजसेवी का ग्रामपंचायत में स्वागत अभिन्नदन है करके सभी को इस श्रेष्ठ कार्य के लिए धन्यवाद दिया। विभाग संयोजक दुर्गेश साहू ने भी सम्बोधित करते हुवे कहा कि छत्तीसगढ़ उत्थान समिति रक्तदान, वृक्षारोपण, स्वच्छता व स्वदेश अभियान, महिला शसक्तीकरण, नशामुक्ति अभियान अनेक प्रकार के सेवा कार्य चलाती है तो उन्होंने अधिक से सधिक लोगो को समिति से जुड़ने की अपील कर समाजसेवा के दिशा में आगे बढ़ने की अपील किये।

कार्यक्रम भरत पटेल व श्रीराम साहू के नेतृत्व में हुवा, गांव के इस प्रसिद्ध मान्यता प्राप्त देव से अतिथियों ने गांव के घुशहाली व राज्य देश को कोरोना जैसे वैश्विक महामारी से बचाने के लिए पूजापाठ किया गया।

# पढ़ई तुंहर द्वार में जिले के शिक्षकों ने मारी बाजी

पायनियर संवाददाता
< बलौदाबाजार/भाटापारा
www.dailypioneer.com

### आनलाइन वर्चुअल क्लास लेने में जिले के शिक्षकों का राज्य स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन



राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं में से एक पढ़ई तुंहर द्वार के क्रियान्वयन में जिले के शिक्षकों ने पूरे राज्य में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। जिले के शिक्षक राज्य में सबसे अधिक आनलाईन क्लासों का संचालन एवं आनलाईन क्लास में सबसे अधिक विद्यार्थियों के जुड़ने वाले छात्रो के रिपोर्ट अनुसार बलौदाबाजार-भाटापारा जिला ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। पूरे राज्य में पलारी विकासखण्ड के अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गूमा के व्याख्याता दिलीप बंदे ने पूरे राज्य में पहला स्थान प्राप्त किया है। उसी तरह दूसरे स्थान पर गिरिश पटेल व्याख्याता शासकीय हाई स्कूल सेम्हराडीह विकासखण्ड बलौदाबाजार एवं तृतीय स्थान मोहन लाल चन्द्राकर व्याख्याता शासकीय उच्चतर माध्यमिक करहीबाजार विकासखण्ड भाटापारा, कौशिक मुनि त्रिपाठी व्याख्याता शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चांपा विकासखण्ड बलौदाबाजार ने आठवें स्थान पर एवं राजेश कुमार साहू व्याख्याता शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डमरू विकासखण्ड बलौदाबाजार नवें स्थान पर जगह बनाया है।इसके साथ ही रमेश कुमार नेगी व्याख्याता अंग्रेजी शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला रिसदा विकासखण्ड बलौदाबाजार अठारवें स्थान पर जगह बनाने में सफल रहे। साथ ही साथ ऑफलाइन क्लास संचालन में निहारिका शर्मा सहायक शिक्षक शासकीय प्राथमिक शाला चुचरूंगपुर,सीमा मिश्रा शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला खम्हरिया,रिचा बाला शासकीय प्राथमिक शाला कामता,शशि तिवारी पूर्व माध्यमिक शाला खोखली एनीलिमा राजपाल शासकीय प्राथमिक शाला खोखली एवं ऋतु वर्मा शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला हथबंद ने हमारे जिले का नाम राज्य स्तर पर रोशन कर रहे है। जो हमारे जिले लिए बहुत ही गर्व की बात है। कलेक्टर सुनील कुमार जैन के निर्देश एवं सतत रूप से मोनेटरिंग के चलते ही यह प्रदर्शन संभव हो पाया है।

### सभी विभागों के अधिकारी कर रहे है मॉनिटरिंग

# गरम भोजन प्रदाय करने तथा स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस मनाने आंगनबाड़ी केन्द्र संचालित

पायनियर संवाददाता < गरियाबंद
www.dailypioneer.com

कोविड-19 के कारण 14 मार्च से आंगनबाड़ी केन्द्रों का संचालन बंद रखते हुए, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा हितग्राहियों के घर पहुंच कर सूखा राषन प्रदाय किया जा रहा था। बच्चों के पोषण स्तर को बनाये रखने एवं स्वास्थ्य सुविधा के लिए वर्तमान व्यवस्था में कुपोषण की रोकथाम के लिए कारगर कदम उठाये जाने की आवष्यकता को ध्यान में रखते हुए प्रदेष में आंगनबाड़ी केन्द्रों में गरम भोजन तथा स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस प्रारंभ करने हेतु मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा निर्देश दिया गया। जिले में संचालित 1460 आंगनबाड़ी केन्द्रों में से 698 आंगनबाड़ी केन्द्रों में 03 से 06 वर्ष के 6371 बच्चो एवं 607 गर्भवती महिलाओं को गरम भोजन वितरण किया गया। गरम भोजन की सेवाएं प्रारंभ करने के लिए रणनीति तैयार कर कार्य किया गया, जिसके तहत सभी आंगनबाड़ी केन्द्र खोले गये पर जो कंटेनमेंट जोन मे आते हो अथवा जिला प्रषासन द्वारा बंद रखने का निर्णय लिया गया है, उन क्षेत्रो में केन्द्र संचालित नहीं हुआ। केन्द्र प्रारंभ करने के पूर्व भवन का सेनेटाईजेशन किया गया। इस हेतु पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग से सहयोग प्राप्त किया गया। प्रत्येक हितग्राही का भवन में प्रवेष के पूर्व साबुन से सेनेटाईज कराया गया।



भोजन पकाने के पूर्व बर्तनों को उपयुक्त क्लिनिंग पाउडर एवं गरम पानी से साफ कराया गया। भोजन परोसते समय थाली में यथासंभव उपलब्धता अनुसार पत्तल केला पत्ता रखे गये। हितग्राहियों को अलग अलग समूहों में अलग अलग समय पर बुलाया गया ताकि सामाजिक दूरी बनाये रखा जा सके। एक समय में 15 व्यक्तियो से अधिक लोगों को भवन में प्रवेष नही दिया गया। गरम भोजन के लिए पात्र हितग्राही यथा 3-6 साल के बच्चे, गर्भवती महिलाये एवं सुपोषण अभियान के हितग्राही को ही आने की अनुमति दी गई। आंगनबा?ी केन्द्र में प्रवेष करने वाले सभी हितग्राहियों को मास्क पहनना अनिवार्य किया गया। (भोजन करते समय मास्क हटा सकेंगे) साथ ही प्रत्येक हितग्राही के मध्य कम से कम 02 गज की दूरी रखी गई। आंगनबाड़ी केन्द्रों के प्रारंभ के पूर्व बच्चों के अभिभावकों के साथ बैठक कर उनसे सहमति प्राप्त की गई। अभिभावकों को बच्चो के बीमार होने पर उन्हें घर पर रखने की महत्ता के बारे में बताया गया। साफ-सफाई, कोविड-19 के बारे में जागरूक करते हुए आंगनबाड़ी केन्द्रों में गरम भोजन प्रदाय कार्य का सफल शुरूआत की गई। कोविड-19 के संक्रमण से उद्भूत वैष्विक आपदा की स्थिति में कुपोषण एवं एनीमिया के रोकथाम के लिए जिला गरियाबंद दृढ़ संकल्पित होकर गढ़बो नवा गरियाबंद की अवधारणा को मूर्त रूप देने हेतु प्रयासरत् है। इसमें प्रत्येक परिवार एवं जनसमुदाय की महती भूमिका है। जिला प्रषासन एवं अन्य विभागो के अधिकारियों द्वारा इस कार्य में सक्रिय भागीदारी निभाई गई। जिला कार्यक्रम अधिकारी, परियोजना अधिकारी एवं सेक्टर पर्यवेक्षकों के द्वारा आंगनबाड़ी केन्द्रों मे स्वयं भ्रमण कर गरम भोजन कार्यक्रम की मॉनिटरिंग की गई।

# प्रदेश अध्यक्ष संतोष यदु ने यदुवंशी महासभा के जिला अध्यक्षों की लिस्ट जारी की

पायनियर संवाददाता < भाटापारा
www.dailypioneer.com



अखिल भारतीय यदुवंशी महासभा के दिल्ली मुख्यालय व राष्ट्रीय अध्यक्ष विजेन्द्र यादव के निर्देशानुसार प्रदेश अध्यक्ष संतोष यदु ने छत्तीसगढ़ प्रदेश के जिलाध्यक्षो की पहली लिस्ट जारी किया जिसमें बिलासपुर से शंकर यादव, महिला प्रकोष्ठ सुनीता यादव , शहर अध्यक्ष महिला प्रकोष्ट की कु रीना यादव, रायपुर से कु. शिल्पी यादव, कोरबा हेमन्त कुमार यादव, जांजगीर से कैलाश गोपाल, बलौदाबाजार से पेखन यदु, महासमुंद से मोनेश यादव, कार्यकारी अध्यक्ष तारेंद्र यादव , राजनांदगांव से देवेंद्र यादव, मुंगेली से गंगाधर यादव, बालोद से अजय कुमार यादव , बलरामपुर जिले से विकास कुमार यादव, गरियाबंद जिले से उग्रसेन यादव धमतरी जिले से नवीन यदु, दुर्ग से अनिकेत यादव, इसी प्रकार ब्लॉक अध्यक्षों की भी घोषणा करते हुए चन्द्रप्रकाश यादव मोनू बिल्हा, सिमा यादव महिला प्रकोष्ठ बिल्हा, रूपेंद्र यादव पलारी ,शिवकुमार यादव मस्तूरी, सन्दीप यादव सीपत, तेजराम यादव को आरंग, ईश्वर यादव नगर अध्यक्ष,चकर भाठा कि नियुक्ति किया गया शेष कार्यकारिणी का विस्तार जल्द किया जाएगा।

**क्विक न्यूज**

## बस्तर विश्वविद्यालय से सम्बद्ध कॉलेजों में 23 तक होगी प्रवेश प्रक्रिया

**बीजापुर।** बस्तर विश्वविद्यालय जगदलपुर से सम्बद्ध महाविद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2020-21 के तहत् स्नातक एवं डिप्लोमा पाठ्यक्रमों के प्रथम वर्ष एवं सेमेस्टर में प्रवेश के लिए तृतीय चरण की प्रवेश प्रक्रिया 23 सितम्बर 2020 तक पूरी की जा सकेगी। इस बारे में कुलसचिव बस्तर विश्वविद्यालय जगदलपुर से मिली जानकारी के अनुसार पूर्व में उक्त प्रवेश प्रक्रिया 15 सितम्बर तक पूर्ण किया जाना था, जिसे 23 सितम्बर तक वृद्धि किया गया है। अतएव उक्त पाठ्यक्रमों में प्रवेश के इच्छुक छात्र-छात्राएं 23 सितम्बर तक अपने महाविद्यालयों में प्रवेश सम्बन्धी ऑनलाइन पंजीयन आवेदन कर सकते हैं।

## राज्य आपदा मोचन निधि मद से 3 माह हेतु 15 लैब टैक्निशियन का चयन

**जशपुरनगर।** मुख्यचिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी से प्राप्त जानकारी के अनुसार राज्य आपदा मोचन निधि मद से लैब टैक्निशियन के 03 माह हेतु कार्य लिए 15 लैब टैक्निशियन का चयन किया गया है। इनमें नितिश गुप्ता कुमार गुप्ता, कांति कुमारी, वर्षा यादव, संजय कुमार, कुमारी किरण निकुंज, अभय अविष्कार तिर्की, प्रतीक्षा भगत, ओमप्रकाश ध्रुव, दिलीप कुमार तिर्की, वेदप्रकाश यादव, सतीश कुमार माली शामिल है।

## जिले में अब तक 1199.6 मिमी वर्षा

**जशपुरनगर।** जशपुर जिले में अब तक 1199.6 मिमी औसत वर्षा हो चुकी है। जिले में बीते 10 वर्षों की तुलना में 14 सितम्बर तक औसत वर्षा 884.2 मिमी हुई है। बीते 24 घंटे में जिले में 0.0 मिलीमीटर औसत वर्षा हुई है। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक जशपुर तहसील में 1448 मिमी, मनोरा में 1090.5 मिमी, कुनकुरी में 1300.7 मिमी, दुलदुला में 1414.2 मिमी, फरसाबहार में 971 मिमी, बगीचा में 1088.5 मिमी, कांसाबेल में 1104.3 मिमी एवं पत्थलगांव में 1179.8 मिमी वर्षा हो चुकी है।

# गौठानों में गोबर खरीदी की जानकारी मोबाईल एप के माध्यम से ऑनलाईन एन्ट्री करने के निर्देश

## मोबाईल एप्लिकेशन के माध्यम से कलेक्टर ने साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक

पायनियर संवाददाता जशपुरनगर
www.dailypioneer.com




कलेक्टर महादेव कावरे ने आज मोबाईल एप्लिकेशन के माध्यम से साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक ली। ऑनलाईन से जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री के.एस.मण्डावी, वनमण्डलाधिकारी कृष्ण जाधव, अपर कलेक्टर आई.एल.ठाकुर, सभी एसडीएम, बीएमओ, विकासखंड शिक्षा अधिकारी, महिला बाल विकास के सीडीपीओ एवं जिला स्तर के अधिकारी सीधे जुड़े।

कलेक्टर गोधन न्याय योजना की समीक्षा करते हुए कृषि अधिकारी को गौठानों में गोबर खरीदी की एन्ट्री मोबाईल एप के माध्यम से प्राथमिकता से करवाने के निर्देश दिए है। साथ ही स्व-सहायता समूह की महिलाओं को वर्मी कम्पोस्ट खाद तैयार करके उसकी पैकिंग भी करवाने कहा गया है। उन्होंने कृषि अधिकारी से खाद बीज की उपलब्धता के संबंध में जानकारी ली। राजस्व अधिकारी व खाद विभाग को समन्वय करके धान खरीदी के लिए नए किसानों का पंजीयन करवाने के लिए कहा गया है। उन्होंने कहा कि पुराने पंजीकृत किसानों की भी सूची उपलब्ध कराई गई है। पटवारियों के माध्यम से किसानों के सत्यापन कार्य को भी कराने के लिए कहा गया है। गिरदावरी के कार्य को सभी राजस्व अमला आगामी 20 सितम्बर तक अनिवार्य रूप से करने के लिए करने के निर्देश दिए गए है और भूईयां साफ्टवेयर में ऑनलाईन एन्ट्री करवाने के लिए कहा गया है। उन्होंने एन.एच. के अधिकारियों को लोरो घाट के कार्य मे तेजी लाने के लिए कहा गया है।

जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालनअधिकारी ने सभी जनपद सीईओ को मनरेगा के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को लाभांवित करने के लिए भूमि सुधार के कार्य कुंआ, डबरी निर्माण, के कार्य के लिए अधिक से अधिक प्रस्ताव बनाने के निर्देश दिए है।

कलेक्टर ने कहा कि अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि वन अधिकार पत्र से बड़ी संख्या में हितग्राहियों को लाभांवित किया गया है। ऐसे हितग्राही जो भूमि समतलीकरण, मे? बधान का कार्य कराना चाहते हैं उनका भी प्रस्ताव देने के लिए कहा गया है। कलेक्टर ने स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत किए जा रहे राष्ट्रीय राजमार्ग पर सामुदायिक शौचालय निर्माण और दिव्यांग शौचालय के कार्य को भी प्राथमिकता से करने के निर्देश दिए है। उन्होंने क्रेडा विभाग के अधिकारी से गौठानों में लगाए गए सोलर पंप की जानकारी ली।

क्रेडा अधिकारी संदीप बंजारे ने बताया कि गौठानों में 66 पंप लगाने की स्वीकृति मिल गई है। 40 पंप लगा दिया गया है विभाग को 14 और नए आवेदन प्राप्त हुए हैं। कलेक्टर ने साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में टीएल के प्राप्त एवं निराकृत आवेदनों की जानकारी ली और निराकृत आवेदनों का ऑनलाईन विलोपन करवाने के निर्देश दिए है।

## बगीचा एसडीएम की पहल, बच्चों को शिक्षा से जोड़े रखने, मिशन कौतूहल की हुई शुरुवात

पायनियर संवाददाता जशपुरनगर
www.dailypioneer.com




बगीचा एसडीएम .रोहित व्यास के सार्थक पहल से स्कूली बच्चों को शिक्षा से जोड़े रखने एवं उनमें समझ विकसित करने के लिए मिशन कौतूहल की शुरुवात की गई है। मिशन का उद्देश्य है कि बच्चे रटंत पद्धति से हटकर, अनुपयोगी और बेकार पड़ी वस्तुओं से प्रयोगात्मक शिक्षा के नये आयाम गढ़े जायेंगे।

सडीएम रोहित व्यास ने शिक्षा विभाग की बैठक लेकर बच्चों को शिक्षा से निरंतर जोड़े रखने के लिए कहा गया है। प्रयोगिक शिक्षा पर जोर देने के लिए कहा है। उन्होंने बैठक में शिक्षकों को प्रयोगात्मक चेप्टर तैयार करने कहा है ताकि उसे टीचर्स और स्टूडेंट्स के बीच बताया जा सके। उन्होंने कहा कि नवाचार के तहत् बेहतर प्रदर्शन के वीडियो क्लिप भी बनाये जाए। और वीडियो क्लिप को शिक्षा विभाग के वेबसाइट पर अपलोड किया जाये। ताकि प्रदेश एवं अन्य जिले के शिक्षक और छात्र इसका लाभ उठा सके। एसडीएम रोहित व्यास के कुशल मार्गदर्शन में बगीचा एजुकेशन विभाग शिक्षा का अलख जगाये रखने नित नये प्रयास करते आ रहे हैं। ब्लॉक भर में संचालित मोहल्ला क्लास, लाउडस्पीकर क्लास व हारमुनियम क्लास इसके अच्छे उदाहरण हैं। हाल ही में दौरे पर आये स्कूल शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव डॉ आलोक शुक्ला ने एसडीएम रोहित व्यास के कार्यशैली की उत्साहवर्धन करते हुए प्रशंसा की। वहीं अब उनकी नई पहल मिशन कौतूहल को शिक्षा के क्षेत्र में एक बेहतर प्रयास के रूप में देखा जा रहा है।

**क्या है मिशन कौतूहल-** बाल केन्द्रित शिक्षण द्वारा बालक को सीखने के पर्याप्त आवसर प्रदान करना। गतिविधि आधारित शिक्षण द्वारा शिक्षण-अधिगम को रूचिकर व आनंददायी बनाना।

## नक्सलियों के मंसूबों पर सुरक्षा बल के जवानों ने फेरा पानी

पायनियर संवाददाता सुकमा
www.dailypioneer.com

नक्सलियों के मंसूबों पर सुरक्षा बल के जवानों ने उस वक्त पानी फैर दिया जब सर्चिंग के दौरान पांच किलो की आईईडी बरामद की गई। जिसके बाद मौके पर बीडीएस टीम ने डिफ्यूज कर दिया। जिले के कोंटा ब्लाक के मुरलीगुड़ा क्षेत्र का मामला। प्राप्त जानकारी के मुताबिक सुरक्षा बल के जवानों को नुकशान पहुंचाने के उद्देश्य से नक्सलियों ने मुरलीगुड़ा गांव के करीब पांच किलो की आईईडी लगा रखी थी। वही जवान सर्चिंग के दौरान आईईडी को बरामद किया उसके बाद बीडीएस की टीम को बुलाकर मौके पर ही डिफ्यूज कर दिया गया। ऐसा पहली बार नहीं हुआ है इससे पहले भी कई बार नक्सली इस तरह आईईडी लगाकर जवानों को नुकशान पहुंचाने की कोशिश की है।

## जिले में अब तक 981 मिमी. औसत वर्षा दर्ज

**बेमेतरा।** चालू बारिश सीजन के दौरान बेमेतरा जिले में 01 जून से 14 सितम्बर 2020 सवेरे 8.00 बजे तक की स्थिति में 981.6 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। सर्वाधिक 1202 मि.मी. वर्षा बेमेतरा तहसील में तथा न्यूनतम 680 मि.मी. वर्षा नवागढ़ तहसील में दर्ज की गई है। संयुक्त जिला कार्यालय के भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार बेरला तहसील में 1050 मि.मी. वर्षा, थानखम्हरिया तहसील मे 1102 मि.मी. वर्षा तथा साजा तहसील में 874 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है।

## सासाहोली सिमगा मुख्य मार्ग में आवारा पशुओं का जमवाड़ा

पायनियर संवाददाता तिल्दा नेवरा
www.dailypioneer.com




तिल्दा से सिमगा मुख्य मार्ग जो की सासाहोली चौक व प्रेटोल पम्प के आगे तक अवारा पश्ओं का जमवाड़ा देखा जा सकता हैं। मुख्य मार्ग होने के कारण इन सड़कों पर सुबह से देर रात्रि तक गाड़ियों का आवगमन होता रहता हैं। जिससे की रात्रि के समय आवाजाही होती रहते हैं। बाईक सवार या गाड़ी चालकों को अंधेरे के चलते साफ दिखाई नहीं देने से दुर्धटनाओं का अनदेश लगा रहता हैं। एक ओर सरकार द्वारा नरवा, गरवा, घुरवा, बाड़ी, जैसे योजानाओं को संचालित किया हैं। उसके उपरांत गांव के गौठानों में गोबर खरीदी कार्य का शुभारभं भी हो गया हैं। ताकि मवेशीयों की पालन पोषण के लिए पशुपालको द्वारा अपने अपने पशुओं का पालन पोषण अपने घरो में कर सके और उनसे कुछ आमदनी भी प्राप्त कर सके। लेकिन उनके बाद भी पशु मवेशियों को लवारिस की तरह खुले में छोड़ दिया हैं। जो की सड़कों में मवेशियों को एक झुंड में देखा जा सकता हैं।और अचानक किसी भी समय सड़कों में गाड़ियों के सामने आ जाने से दुर्घटना होने पर जानवरों को हानि होती हैं। व चालक भी हादशा का शिकार होते होते बच जाता हैं।

## कोरोनावायरस संक्रमण से बचने के लिए चिकित्सा वैज्ञानिकों के निर्देशों का करे पालन : गीता नेवारे

पायनियर संवाददाता सक्ती
www.dailypioneer.com

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष राजेश कुमार श्रीवास्तव जिला एवं सत्र न्यायाधीश जांजगीर के निर्देशानुसार एवं तहसील विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष संतोष कुमार आदित्य प्रथम अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश के मार्गदर्शन में फास्ट ट्रैक कोर्ट शक्ति के विशेष न्यायाधीश श्रीमती गीता नेवारे ने ग्राम हरेठी में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर आयोजित कर ग्रामीणों को कोरोनावायरस संक्रमण से बचने के उपाय बताएं, श्रीमती नेवारे ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि कोरोनावायरस संक्रमण विश्वव्यापी महामारी है। इसके संक्रमण से बचने के विभिन्न उपाय चिकित्सा वैज्ञानिकों डॉक्टरों एवं शासन द्वारा बताए गए हैं जिन्हें अपनाकर हम स्वयं एवं अपने परिवार तथा गांव को इस संक्रमण से सुरक्षित रख सकते हैं,श्रीमती नेवारे ने चिकित्सकों की सलाह के अनुसार गरम पानी के सेवन करने, मास्क का उपयोग करने, सोशल डिस्टेंस का पालन करने, भाप लेने, भीड़भाड़ वाले स्थानों से बचने, सामूहिक भोज में शामिल होने से बचने, समूह बनाकर अनावश्यक चौपालों में बैठने से बचने की सलाह दी, घर एवं आसपास को स्वच्छ बनाए रखना आवश्यक है। घर में बाहर से आने पर आवश्यक रूप से साबुन से हाथ एवं पैर की धुलाई करें तथा चप्पल जूता घर के बाहर रखें।

# कोविड-19 के संक्रमण से बचाव एवं रोकथाम के लिए सर्वलांस दलों ने किया डोर-टू-डोर सर्वेक्षण

पायनियर संवाददाता बीजापुर
www.dailypioneer.com

जिले में कोविड-19 के संक्रमण से बचाव एवं रोकथाम के लिए एक्टिव सर्वलांस दलों द्वारा डोर-टू-डोर जाकर सर्दी-खांसी, बुखार आदि लक्षण वाले व्यक्तियों का सर्वेक्षण करने सहित उनका स्वास्थ्य परीक्षण किया जा रहा है। वहीं इन लक्षणों वाले व्यक्तियों को दवाई देने के साथ ही होम क्वारन टाईन में रहने सहित सजगता सम्बन्धी दिशा-निर्देशों का अनुपालन करने की समझाईश दी जा रही है। एक्टिव सर्वलांस दलों द्वारा अन्य प्रांत या जिलों से आने वाले लोगों का सर्वेक्षण करने सहित सर्दी-खांसी, बुखार लक्षणों वाले व्यक्तियों का कोरोना जांच कर इन्हे होम क्वारन टाईन में अनिवार्य रूप से रहने समझाईश दी जा रही है। इस दिशा में 14 सितम्बर को जिले में कुल 3986 परिवारों का डोर-टू-डोर सर्वेक्षण किया गया, जिसमें 65 व्यक्तियों में सर्दी-खांसी तथा बुखार के लक्षण पाये गये। इन सभी लोगों का स्वास्थ्य जांच कर उन्हे निःशुल्क दवाई उपलब्ध करायी गयी। वहीं उक्त सभी व्यक्तियों को एहतियात बरतने सहित होम क्वारन टाईन में रहने कहा गया। एक्टिव सर्वलांस दलों द्वारा भैरमगढ़ ब्लॉक में 1179 परिवारों, बीजापुर ब्लॉक में 388, उसूर ब्लॉक में 407 तथा भोपालपटनम ब्लॉक में 1124 परिवारों का घर-घर जाकर सर्वेक्षण किया गया। वहीं नगर पालिका परिषद बीजापुर सहित नगर पंचायत भैरमगढ़ एवं भोपालपटनम में कुल 620 परिवारों का डोर-टू-डोर सर्वेक्षण किया गया। एक्टिव सर्वलांस दलों द्वारा उक्त सर्वेक्षित सभी परिवारों के लोगों को कोविड-19 के संक्रमण सम्बन्धी सलाह दी गयी। वहीं बुखार या ठंड लगने, थकान, शरीर में दर्द, सिर दर्द, स्वाद या सुंगध का पता नहीं लगने, गले में खरास, नाक बहने, उल्टी-दस्त होने पर तत्काल नजदीकी कोरोना जांच केन्द्र में जाकर जांच कराये जाने की समझाईश दी गयी। इसके साथ ही मास्क का अनिवार्य रूप से उपयोग करने, सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करने, भी? वाले स्थानों पर नहीं जाने, स्वच्छता एवं साफ-सफाई के प्रति सतर्क रहने, अत्यंत जरूरी होने पर ही घर से बाहर निकलने सहित कोरोना के लक्षण दिखायी देने पर बिना किसी भय के तुरंत परीक्षण कराये जाने की सलाह दी गयी।

- **सर्दी-खांसी एवं बुखार लक्षण वाले लोगों को होम क्वारेंटाइन में रहने की सलाह**

ज्ञातव्य है कि जिले में जिला अस्पताल सहित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भोपालपटनम, आवापल्ली, गंगालूर, भैरमगढ़ और नेलसनार में कोविड-19 की जांच सुविधा उपलब्ध है। इसके साथ ही हरेक ब्लॉक में दो-दो मोबाईल टीम द्वारा कोविड-19 का परीक्षण किया जा रहा है।

## मोटर साइकिल से गिरने पर एक व्यक्ति की मौत

**सरायपाली।** सिंघोड़ा थाना अंतर्गत ग्राम पैकिन के पास रात करीब 8 बजे मोटर सायकल से अनियंत्रित होकर गिरने पर एक व्यक्ति की मौत हो गईण् जिसपर पुलिस ने मामला दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार सीताराम पटेल पिता मालिक राम पटेल उम्र 40 साल बेंदरी नाला के 200 मीटर पहले ग्राम में अपनी मोटर सायकल में अपने घर के कार्य से सरायपाली जा रहा था,तभी श्यामलाल चौहान निवासी छिंदपाली अपने अन्य एक साथी के साथ मवेशी हांकते पैकिन की ओर जा रहे थे कि सीताराम पटेल अपनी मोटर सायकल से श्यामलाल चौहान को एक्सीडेंट करने से मोटर सायकल अनियंत्रित होकर गिर गये जिससे मोटर सायकल चालक सीताराम पटेल एवं मवेशी हांकने वाला श्यामलाल चौहान को चोटें आयी दोनो को 112 वाहन की मदद से इलाज हेतु शासकीय अस्पताल सरायपाली ले गये जहां डाक्टर द्वारा चेक करने पर मोटर सायकल चालक सीताराम पटेल का मौत हो जाना बताये एवं मवेशी हांकने वाला श्यामलाल चौहान को इलाज हेतु भर्ती किया गया।

## जिले के शासकीय अस्पतालों में सेम्पल देकर कोरोना की करवा सकते हैं निःशुल्क जांच

- **रायगढ़ में चार जगहों पर दे सकते हैं सेम्पल, खरसिया सिविल अस्पताल में भी बनाया गया है सेम्पल कलेक्शन केन्द्र**

पायनियर संवाददाता रायगढ़
www.dailypioneer.com

कलेक्टर भीम सिंह ने कहा है कि कोरोना के प्रभावी रोकथाम के लिये संक्रमण की जल्द पहचान व उसके विस्तार को रोकना ही प्रमुख लक्ष्य है। इसके लिए जिले में लोगों को व्यापक स्तर पर कोरोना की जांच सुविधा प्रदान करने के लिए विभिन्न निःशुल्क कोरोना सेम्पल संग्रहण केन्द्र बनाए गए हैं। जिसमें रायगढ़ शहरी क्षेत्र के अंतर्गत चांदमारी स्क्रीनिंग सेंटर, नगर निगम ऑडिटोरियम पंजरी प्लाट, नटवर स्कूल इन केन्द्रों में आरटीपीसीआर, टू्रनाट व रेपिड एन्टीजन के सेम्पल लेने की सुविधा है साथ ही हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर संजय मैदान रामभांठा में रेपिड एंटीजन से जांच के लिए कोरोना के सेम्पल दिए जा सकते हैं। इसी प्रकार जिले के समस्त सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में आरटीपीसीआर, ट्रूनाट व रेपिड एन्टीजन के सेम्पल दिये जा सकते है व समस्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में रेपिड एन्टीजन के तहत कोरोना जांच की सुविधा है। खरसिया सिविल अस्पताल में भी सेम्पल कलेक्शन सेंटर बनाया गया है जहां आरटीपीसीआर, ट्रूनाट व रेपिड एन्टीजन तरीकों से कोरोना के लिये सेम्पल कलेक्ट किये जा रहे है। कलेक्टर भीम सिंह ने लोगों से आग्रह किया है कि जिन्हें भी सर्दी, तेज बुखार, सुखी खासी, सांस लेने में दिक्कत व अन्य कोरोना से जुड़े लक्षण हो तो तत्काल इन सेम्पल संग्रहण केन्द्र में जाकर जांच करवायें। ऐसे व्यक्ति जिन्हें शुगर, बीपी, हृदय, किडनी, लीवर व फेफड़े इत्यादि से जुड़ी गंभीर बीमारी हो वे भी एहतियातन इन संग्रहण केन्द्रों में सेम्पल देकर अपनी जांच करवायें। सेम्पल देने के पश्चात रिपोर्ट मिलने तक होम आईसोलेट रहें। उन्होंने कहा कि कोरोना से जुड़े कई केसेस में देखा गया है कि शीघ्र पहचान होने से गंभीर मरीजों को भी जल्द स्वास्थ्य लाभ हुआ है।

## जनसम्पर्क विभाग के हिरवानी राजभाषा पुरस्कार से हुए सम्मानित

**भिलाई।** इस्पात संयंत्र के जनसम्पर्क विभाग में कार्यरत् उदय सिंह हिरवानी हिन्दी दिवस-2020 के अवसर पर संयंत्र द्वारा उत्कृष्ट हिन्दी कार्य हेतु उन्हें इस वर्ष का राजभाषा विशिष्ट सेवा सम्मान पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार संयंत्र के कार्यपालक निदेशक (वर्क्स) राजीव सहगल द्वारा प्रदान किया गया। इस अवसर पर कार्यपालक निदेशक (सामग्री प्रबंधन) श्री राकेश एवं महाप्रबंधक (एलए एवं पीआर) जेकब कुरियन विशेष रूप से उपस्थित थे। विदित हो कि विभाग में कार्यरत्उदय सिंह हिरवानी ने लगभग बीते 12 वर्षों में हिन्दी में कार्य संपादित करने में उत्कृष्ट योगदान दिया है। हिरवानी इससे पूर्व हिन्दी राजभाषा टंकण प्रतियोगिता के चार बार के विजेता रहे हैं। पूर्व में भी हिरवानी को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए व्यक्तिगत नेहरु पुरस्कार तथा जवाहरलाल नेहरु समूह पुरस्कार से सम्मानित किया गया है।

**कुपोषित बच्चों को गृह भेंट करके अण्डा वितरण प्राथमिकता से करें**

# टूनॉट मशीन से कोरोना जांच प्रारंभ : कलेक्टर

पायनियर संवाददाता जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



कलेक्टर महादेव कावरे ने आज मोबाईल एप्लिकेशन के माध्यम से साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक ली। ऑनलाईन से जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ड़के.एस.मण्डावी, वनमण्डलाधिकारी ड़कृष्ण जाधव, अपर कलेक्टर ड़आई.एल.ठाकुर, सभी एसडीएम,बीएमओ, विकासखंड शिक्षा अधिकारी, महिला बाल विकास के सीडीपीओ एवं जिला स्तर के अधिकारी सीधे जु?। कलेक्टर ड़महादेव कावरे ने कोरोना संक्रमण की सुरक्षा को देखते हुए विकासखंड स्वास्थ्य अधिकारियों को कोरोना जांच के दिए गए लक्ष्य, आईसोलेशन सेंटर में दी जा रही सुविधा आदि के संबंध में जानकारी ली। कलेक्टर ने कहा कि जिला अस्पताल में स्थापित किए गए ट्रूनॉट मशीन के माध्यम से कोरोना जांच शुरू कर दी गई है। सभी बीएमओ को ट्रूनॉट मशीन में प्रतिदिन 10-10 कोरोना टेस्ट के लक्ष्य को पूर्ण करने के लिए कहा गया है। उन्होंने कहा कि ऐसे कोरोना के संभावित मरीज जो होमआईसोलेशन की सुविधा चाहते है उनको शासन के मापदण्डो का पालन करवाते हुए होमआईसोलशन की सुविधा दी जा सकती है। साथ ही ब्लॉक स्तर पर बनाए गए आईसोलेशन सेंटर में मरीजों को गुणवत्ता युक्त भोजन, 5-5 मास्क और सेनिटाईजर अनिवार्य रूप से देने के निर्देश दिए है। उन्होंने कहा कि आईसोलेशन सेंटर में डॉक्टर विजिट करने से पहले माईक के माध्यम से एलाउंस करें ताकि मरीजों को डॉक्टर के आने की जानकारी हो सके। उन्होंने महिला बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी और जिला शिक्षा अधिकारी से मुनगा के पौधे लगाए गए प्रगति की जानकारी ली और दिए गए लक्ष्य को पूर्ण करने के निर्देश दिए है। उन्होंने सुपोषण अभियान अंतर्गत आंगनबा?ी कार्यकर्त्ताओं के माध्यम से गृह भेंट करके कुपोषण को दूर करने की जानकारी, कुपोषित बच्चों एवं महिलाओ कों प्राथमिकता से अण्डा वितरण करवाने के भी निर्देश दिए है। उन्होंने कहा कि आंगनबा?ी कार्यकर्ता अण्डा वितरण करने हितग्राही के यहां जाते है तो रजिस्टर संधारित करके पावती उनसे अनिवार्य रूप से लें लें ताकि हितग्राहियों को वास्तविक रूप में अण्डा वितरण किया गया है इसकी जानकारी शासन को मिल सके। जिला शिक्षा अधिकारी से स्कूली बच्चों को गणवेश वितरण, पुस्तक वितरण, सुखा राशन, प?ाई तुंहर द्वार की भी जानकारी ली और जिला शिक्षा अधिकारी को स्कूली बच्चों को शासन की योजना से लाभांवित करने के निर्देश दिए है।

## एक सरकारी डॉक्टर की कोरोना से मौत

**बलौदाबाजार।** जिले में कोरोना संक्रमण के 72 नये मामलों की पहचान की गई है। सबसे ज्यादा 28 मरीज कसडोल विकासखण्ड से दर्ज किए गए हैं। इसके बाद पलारी विकासखण्ड से 21, बलौदाबाजार से 8 और बिलाईगढ़, भाटापारा और सिमगा विकासखण्ड से 5-5 मरी? शामिल हैं। इन्हें मिलाकर जिले में अब तक कोरोना संक्रमित लोगों की संख्या 1,807 हो गई है। इसमें से 930 का इला? होने के बाद घर वापस चले गये हैं। जबकि 876 मरी?ों का इला? विभिन्न अस्पतालों और कोविड केअर सेन्टरों में चल रहा है। कोरोना से आज 1 मौत दर्ज की गई । कसडोल विकासखण्ड के बरपाली पीएचसी में पदस्थ डॉक्टर की मेकाहारा रायपुर में इलाज के दौरान मौत हो गई।

## 'देनिराज भारती बने भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ब्रिगेड के जिलाध्यक्ष'

पायनियर संवाददाता 'मुंगेली'
www.dailypioneer.com



क्षेत्र के युवा नेता तथा राजनीतिक कार्यक्रमों में बढ़ - चढ़कर पूरी टीम के साथ हिस्सा लेने वाले देनिराज भारती को द्य आज कांग्रेस ब्रिगेड के प्रदेश अध्यक्ष प्रकाश अनंत द्वारा एक बड़ी जिम्मेदारी जिलाध्यक्ष का पद दिया गया . देनिराज भारती ने बताया कि ब्रिगेड का मुख्य उद्देश्य पार्टी संगठन को मजबूत कर राज्य के अंतिम छोर तक कांग्रेस के हर कार्यकर्ता को मुख्यधारा में जोड़ना है। देनिराज भारती पार्टी की गतिविधियों में शुरू से ही योगदान सक्रिय रही है लोग उन्हें अच्छे लीडर तेजतर्रार प्रवक्ता के रूप में भी देखते हैं इस नियुक्ति पर उन्हें बधाई दिए खिमन्त सिंह सांडे प्रदेश महामंत्री ,शेखर बनर्जी प्रदेश सहसंयोजक,प्रकाश भास्कर जिला प्रवक्ता,अरविंद बंजारा जिला संयोजक (आईटी सेल मीडिया प्रभारी),उमेश यादव ब्लाक उपाध्यक्ष लोरमी,मुकेश साहू ब्लाक सचिव पथरिया । मुंगेली जिला सहित आसपास के सभी कांग्रेस के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं में खुशी जाहिर की है।

संपादकीय

## संसद का मानसून सत्र, विपक्ष की संयुक्त रणनीति

**लोकतंत्र** में विचार-विमर्श की प्रक्रिया को देखते हुए महामारी के समय संसद का वर्षा सत्र गरमागरम बहस की अनुपस्थिति में रंगहीन और मुख्यतः आवश्यक विधायन के बिजनेस तक सीमित है। लेकिन यह नई स्थितियों में एक प्रयोग है जिसमें दोनों सदन अलग-अलग समय पर शिफ्टों में काम कर रहे हैं और सोशल डिस्टेंसिंग के लिए चैम्बरों व गैलरियों का प्रयोग भी हो रहा है। संसद में काम पेपरलेस है तथा सदस्यों को विभिन्न दस्तावेजों तक पहुंच के लिए लागइन आईडी दी गई हैं। इसके साथ ही उनके बीच आडियो-विजुअल संवाद की सुविधा दी गई है, कार्यवाहियों का समय बढ़ाया गया है तथा उनके बीच फाइबरग्लास की शीटें लगाई गई हैं। ई-सहभागिता महत्वपूर्ण है, लेकिन सरकार का वीडियो कान्फ्रेंसिंग मंच एक बार में केवल 600 लोगों को शामिल कर सकता है। इसके साथ ही अपने भाषणों से सदन को संचालित करने वाले अनेक वरिष्ठ सांसद स्वास्थ्य कारणों से सत्र से बाहर हैं। इन स्थितियों से सरकार को लाभ है क्योंकि वह आर्थिक संकट, जीएसटी मुआवजे, प्रवासियों की वापसी तथा लद्दाख में सीमा पर टकराव जैसे मुद्दों पर सवाल-जवाब से बच गई है। हालांकि, सरकार ने शुरुआत में प्रश्न काल स्थगित कर दिया था, पर विपक्षी दबाव के सामने उसने केवल अतारांकित प्रश्नों के लिए 30 मिनट का समय दिया है। इस प्रकार विपक्षी सांसदों के साथ तीखी बहस को कोई अवसर नहीं मिलेगा। सांसदों द्वारा अध्यक्ष के समक्ष पेश अतारांकित प्रश्नों पर मंत्री लिखित जवाब दे देंगे। अतारांकित प्रश्नों के अलावा 10 विशेष उल्लेख के मामलों पर सरकार को नोटिस दी जा सकती है। सरकार ने अल्पकालीन चर्चा व ध्यानाकर्षण प्रस्ताव का भी प्राविधान किया है। वैसे इन परिस्थितियों में भी प्रश्न काल असंभव नहीं था, क्योंकि सांसदों को 15 दिन पहले प्रश्न देने होते हैं। इसके साथ ही अनेक नियमों से प्रश्नों की प्रकृति भी नियंत्रित होती है। तृणमूल कांग्रेस ने सवाल उठाया था कि संसद का कार्यकाल कुल मिला कर वही रहने के बावजूद निजी विधेयकों को अनुमति क्यों नहीं दी जा रही है। प्रश्न काल में नीति-निर्माता अपने मतदाताओं की ओर से सवाल पूछते हैं और लोकतांत्रिक रूप से निर्वाचित किसी सरकार को इनके जवाब देने चाहिए। बिना स्वस्थ प्रश्नकाल के सरकार की कोई जवाबदेही नहीं होगी। निश्चित रूप से सुरक्षा महत्वपूर्ण है, पर डिजिटल भारत में जीवन्त टीवी बहसों की संभावना हो ही सकती है। संसद में अनेक महत्वपूर्ण विधायन लंबित हैं। लगभग 40 विधेयकों पर चर्चा के बाद उनको एक या दोनों सदनों में पास कराना है। इनमें से पांच अभी संसदीय समितियों के पास लंबित हैं। कुछ विधेयक संवेदनशील प्रकृति के हैं। इनमें डीएनए टेक्नोलोजी, सामाजिक सुरक्षा तथा पर्सनल डेटा संरक्षण शामिल हैं। जहां तक मूलाधिकारों का सवाल है, पेशन फंड रेगुलेटरी एंड डेवलपमेंट अथारिटी अमेंडमेंट बिल 2020, फारेन कांट्रीब्यूशन रेगुलेशन अमेंडमेंट बिल 2020, असिस्टेड रिप्रोडक्टिव टेक्नोलोजी रेगुलेशन बिल 2020, प्रोहिबिशन आफ इम्प्लायमेंट एज़ मैनुअल स्केवेंजर्स एंड देयर रिहैबिलिटेशन अमेंडमेंट बिल तथा ज्यूविनाइल जस्टिस केयर एंड प्रोटेक्शन आफ चिल्ड्रेन अमेंडमेंट बिल विशेष रूप से उल्लेखनीय हैं। सरकार ने कृषि बाजारों, दीवालिया कार्यवाहियों व आर्थिक नीति पर लाकडाउन के दौरान 11 अध्यादेश जारी किए हैं। विपक्ष द्वारा इनके तीखे विरोध की आशंका है। उसने पहले ही इनके खिलाफ विधिक प्रस्ताव दिए हैं। किसान कृषि सुधारों में निगमीकरण माडल के विरोध में हैं और ये अखिल भारतीय स्तर पर आंदोलन व राजनीति का कारण बन सकते हैं। विपक्ष सीमित समय का उपयोग कर सरकार की खिंचाई के लिए संयुक्त रणनीति बना रहा है। सोनिया गांधी ने वरिष्ठ नेताओं से विभिन्न दलों से संपर्क कर सरकार के खिलाफ संयुक्त मोर्चा बनाने के निर्देश दिए हैं। देखना होगा कि क्या महामारी के समय आयोजित यह सत्र विपक्ष को एकजुट करने का काम करेगा।

# गैर-निजी आंकड़ों पर नियंत्रण आवश्यक

## समुदायों के बारे में साधारण दिखने वाला डेटा भी सामूहिक नुकसान पहुंचा सकता है। जनगणना से प्राप्त डेटा का प्रयोग सामाजिक या धार्मिक आधार पर समुदायों पर निशाना लगाने के लिए हो सकता है।



ऐश्वर्या गिरिधर
(लेखिका ईस्या सेंटर से संबद्ध हैं)



पिछले वर्ष गैर-पर्सनल आंकड़ा प्रशासन ढांचे पर गठित विशेषज्ञों की समिति ने सरकार को गैर-पर्सनल आंकड़ों के विभिन्न आयामों के बारे में सलाह दी थी। इसने जुलाई में रिपोर्ट का एक प्रारूप जारी किया था जिस पर वर्तमान समय में जनता की राय ली जा रही है। अन्य चीजों के साथ इसने एक नए विधायन का प्रस्ताव किया था जिसमें ढांचे को कारगर बनाने के लिए एक नए नियामक का प्राविधान है।

समिति ने गैर-पर्सनल आंकड़ों को ऐसा आंकड़ा बताया था जो पर्सनल आंकड़ा प्रोटेक्शन बिल, 2019 में परिभाषित न हो और इसमें व्यक्तिगत रूप से पहचानने योग्य कोई सूचना न शामिल हो। इसमें व्यापक सूचनायें शामिल हो सकती हैं। उदाहरण के लिए, कंपनियों द्वारा अपने प्रयोगकर्ताओं या ग्राहकों से बिना उनकी पहचान बताए एकत्र किया जाने वाला आंकड़ा इसमें शामिल है। इसके अलाव ट्रैफिक पैटर्न, मौसम का आंकड़ा, कृषि आंकड़े व ऐसी सूचनाओं से संबंधित आंकड़े इनमें शामिल हैं जिनका किसी व्यक्ति से सीधा संबंध न हो। आज ये आंकड़ें किसी बिजनेस का महत्वपूर्ण आयाम हैं, अतः गैर-पर्सनल आंकड़ों पर विनियमन अधिकांश कंपनियों व उद्यमियों को प्रभावित करेगा।

इसका महत्वपूर्ण प्रभाव व्यक्तियों व समुदायों को अपनी नागरिक स्वतंत्रताओं के उपयोग पर भी पड़ सकता है क्योंकि इस आंकड़े के आधार पर अनेक प्रकार के नतीजे निकाले जा सकते हैं। यह बात खासकर इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि अधिकांश आंकड़ा सेट 'मिश्रित' होते हैं जिनमें पर्सनल व गैर-पर्सनल आंकड़ा शामिल होता है। उदाहरण के लिए, बैंकों द्वारा एकत्र आंकड़ोंसेटों में क्लाइंट और उसके लेनदेन के बारे में जानकारी के साथ ही समग्र रूप से जनसंख्या संरचना व उसके लेनदेन के बारे में जानकारी हो सकती है। इस संदर्भ में यह देखना महत्वपूर्ण है कि पर्सनल आंकड़ों पर नियंत्रण या विनियमन के उद्देश्य वाला पर्सनल आंकड़ा प्रोटेक्शन बिल, 2019 वर्तमान समय में एक संयुक्त संसदीय समिति के विचाराधीन है। अंतिम विधायन तथा पीडीपी के अंतर्गत प्रस्तावित आंकड़ा प्रोटेक्शन अथारिटी को पर्सनल आंकड़ा नियंत्रण का अधिकार दिया गया है। हालांकि, समिति ने स्वीकार किया है कि अनेक आंकड़ासेट मिश्रित हैं, पर इसके बावजूद उसने अनेक प्रकार के पर्सनल आंकड़ों को गैर-पर्सनल आंकड़ों ढांचे के अंतर्गत रखा है।

यह समस्या का कारण बन सकता है क्योंकि समिति ने माना है कि अनेक प्रकार का पर्सनल आंकड़े अपरिवर्तनीय नहीं है और इससे व्यक्तियों की पुनः पहचान का जोखिम पैदा होता है। इसके साथ ही समुदायों पर साधारण दिखने वाला आंकड़ा सामूहिक रूप से हानि का कारण बन सकता है, जैसे औसत आमदनी पर आंकड़ों का प्रयोग किसी खास क्षेत्र में रहने वाले लोगों के लिए ब्याज दर के निर्णय में हो सकता है। इसके साथ ही जनगणना पर आंकड़ों का प्रयोग सामाजिक या धार्मिक आधार पर समुदायों पर निशाना लगाने के लिए हो सकता है।

यह भी स्पष्ट है कि समुचित तकनीकी व मानव-आधारित सुरक्षा मानकों के अभाव में गणनाओं से वर्तमान पूर्वाग्रहों को बढ़ावा मिल सकता है। ऐसे विश्लेषणों के आधार पर सार्वजनिक सेवा प्रदान करने के निर्णयों से भेदभाव के व्यवहार मजबूत हो सकते हैं। महत्वपूर्ण रूप से समिति द्वारा सुझाए ढांचे में सरकार को आंकड़ासेटों तक व्यापक पहुंच की अनुमति दी गई है। उसके पास पहले से मौजूद आंकड़ों को देखते हुए इससे निगरानी का खतरा बढ़ जाता है जिससे नागरिक स्वतंत्रतायें प्रभावित हो सकती हैं।

ऐसे संभावित नुकसान को देखते हुए किसी नियामक ढांचे में सुरक्षा सुनिश्चित करने पर खास ध्यान दिया जाना चाहिए जिसमें स्पष्ट जवाबदेही व समस्या निवारण व्यवस्थायें शामिल हैं। गैर-पर्सनल आंकड़ों नियमन का प्रमुख लक्ष्य आंकड़ों का आर्थिक मूल्य सामने लाना, डिजिटल बिजनेसों के लिए समान आधार प्रदान करना तथा प्रासांगिक आंकड़ों देने वालों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। दुर्भाग्य से इन उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए प्रस्तावित ढांचे में कुछ महत्वपूर्ण मुद्दे शामिल हैं।

पहला, ढांचे के महत्वपूर्ण हिस्से अस्पष्ट हैं। उदाहरण के लिए, समिति द्वारा विचारणीय एक अवधारणा 'समुदाय' है। यह सामूहिक निजता सुरक्षित रखने के साथ ही समुदायों द्वारा पैदा आंकड़ों के आधार पर अधिकार व दायित्व सुनिश्चित करने के लिए महत्वपूर्ण है। प्रारूप रिपोर्ट में समुदाय को सामान्य उद्देश्य, लक्ष्य या भौगोलिक रूप से एकत्र लोगों के समूह के रूप में परिभाषित किया गया है। इसका अर्थ है कि कोई व्यक्ति संभावित रूप से सैकड़ों समूहों का हिस्सा हो सकता है। आंकड़ा कानून पर प्राविधानों का उद्देश्य समुदाय को सशक्त बनाना है, पर रिपोर्ट इस बात पर मौन है कि यदि व्यक्ति अलग-अलग हितों वाले अनेक समुदायों का हिस्सा हो तो क्या होगा और यदि समुदाय के सदस्य अपने सर्वोत्तम हित के बारे में एकमत न हों। इसका अर्थ है कि प्रस्तावित ढांचे से समुदायों को लाभ दिलाना बहुत कठिन होगा क्योंकि महत्वपूर्ण आयाम स्पष्ट नहीं हैं।

नये नियामक, गैर-पर्सनल आंकड़ा अथारिटी का अधिकारक्षेत्र अत्यधिक व्यापक तथा अनेक नियामकों को आच्छादित करने वाला है। उदाहरणार्थ कंपनियों के लिए गैर-पर्सनल आंकड़ों को पर्सनल आंकड़ासेटों से अलग करना व्यावहारिक रूप से कठिन होगा। अथारिटी को समेकन के मानक तय करने तथा प्रस्तावित पीडीपी विधेयक के अंतर्गत दंड देने का अधिकार है।

इसी प्रकार प्रतियोगिता नियमन हेतु 'समान आधार' तय करने में कठिनाई होती है क्योंकि प्रतियोगिता कानून का ढांचा भारतीय प्रतियोगिता आयोग के क्षेत्र में आता है। रिपोर्ट में प्रस्तावित अनिवार्य आंकड़ों साझा व्यवस्थायें आंकड़ासेटों के उन अधिकारों को संबोधित नहीं करती हैं जिनका बौद्धिक संपदा अधिकारों से टकराव होता है। इस प्रकार का नियामक ढांचा अन्य नियामकों की सीमाओं से टकराव, मुकदमेबाजी तथा कंपनियों के लिए भारी खर्च का कारण बन सकता है।

तीसरा, हालांकि समिति ने नुकसान की आशंका का अनुमान लगाते हुए गैर-पर्सनल आंकड़ा ढांचे में सुरक्षा मानकों की आवश्यकता बताई है, पर उसने रिपोर्ट में इसे शामिल नहीं किया है। उदहारण के लिए, सामूहिक निजता की अवधारणा पर गौर करते हुए इसने स्वीकार किया है कि गैर-पर्सनल आंकड़ा भेदभाव के कारण सामूहिक नुकसान पहुंचा सकता है तथा इसके लिए आवश्यक सुरक्षा उपाय बताए गए हैं। लेकिन दुर्भाग्य से समिति ने विशिष्ट उपाय नहीं बताए हैं। हालांकि, उसने एक नए नियामक की बात कही है, पर जवाबदेही, पारदर्शिता, नियामक की स्वतंत्रता तथा प्रभावी शिकायत निवारण व्यवस्था के सर्वोत्तम सिद्धान्तों की कमी नियामक डिजाइन में स्पष्ट दिखती है। इसके अधिकार क्षेत्र में आच्छादन को देखते हुए यह भी स्पष्ट नहीं है कि क्या गैर-पर्सनल आंकड़ों पर नियमन के लिए एक अलग नियामक की आवश्यकता है।

नए नियामक ढांचे को अनेक गतिविधियों को परिभाषित करना होगा क्योंकि आनलाइन होने पर 'डिजिटल' स्पेस को टुकड़ों में नियंत्रित नहीं किया जा सकता है और इसके लिए सहयोग व समन्वय जरूरी होगा। भारत व अन्य देशों के अनुभव से स्पष्ट है कि ऐसा सहयोग होने पर जीवन्त व बाध्यकारी प्रक्रियायें तैयार हो सकती हैं जो स्वयं नियामक ढांचों में निहित होती हैं।

समिति ने नियामक डिजाइन में कुछ आयामों और सर्वोत्तम व्यवहारों की खोज कर अच्छा किया है। लेकिन उसे लक्षित उद्देश्य पाने के लिए सर्वोत्तम तरीकों पर गहराई से गौर करना चाहिए। उदाहरण के लिए, आंकड़ा साझा को अनिवार्य बनाने के बजाय वह बौद्धिक संपदा कानून के ढांचे पर विचार कर सकती है ताकि वर्तमान कापीराइट कानूनों का विरोध किए बिना आंकड़ें साझा करने को प्रोत्साहित किया जा सके। समिति को अन्य नियामक ढांचों के साथ आच्छादन पर विचार करते हुए स्पष्ट रूप से प्रस्तावित गैर-पर्सनल आंकड़ों ढांचे को परिभाषित करना चाहिए। उसे सावधानी से इस क्षेत्र में उभरने वाली सामूहिक निजता जैसी नई अवधारणाओं पर गौर करते हुए इस आधार पर नियमन तैयार करना चाहिए। उसे गैर-पर्सनल आंकड़ों के लिए नया नियामक गठित करने की आवश्यकता का भी पुनः आंकलन करना चाहिए।

# आर्थिक आधार संरचना बनाम आर्थिक विकास

वैभव डांगे
(लेखक केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय में सलाहकार हैं)



सड़क परियोजनाओं एवं सेतुओं की आधारशिला रखना नेताओं के लिए नियमित कार्य है। हालांकि, जब नितिन गडकरी सरीखे केंद्रीय मंत्री ने हाल ही में गढ़चिरौली जिले में विविध सड़क परियोजनाओं की नींव रखी, तो इसका विशेष महत्व हो जाता है। महाराष्ट्र के पूर्वी कोने में स्थित, गढ़चिरौली में आजादी के बाद के 73 वर्षों में मामूली विकास हुआ है। जिले का 90 प्रतिशत से अधिक हिस्सा निर्दिष्ट वन क्षेत्र है और लगभग 40 प्रतिशत जनसंख्या जनजातीय है। पहुंच से परे दुर्गम भूभाग एवं ढांचागत संरचना के अभाव ने आमजन के लिए चलाए जाने वाले कल्याणकारी कार्यक्रमों में मार्ग को बाधित किया है। दशकों से नक्सलवाद पनपता रहा है क्योंकि वह सामाजिक-राजनीतिक एवं आर्थिक गलतियों का लाभ उठाकर भावनाओं को छूने का काम करता है। विडंबना है कि क्रांति के नाम पर, नक्सली धन एकत्र कर रहे हैं तथा विकास को बाधित कर रहे हैं और जनजातीय एवं ग्रामीण विकास के लिए सरकार द्वारा आवंटित धन या तो इस्तेमाल नहीं हो पाता अथवा गलत हाथों में चला जाता है।

राज्य के भीतर तथा अन्य राज्यों से संपर्क मार्गों के अभाव ने गढ़चिरौली को नक्सली गतिविधियों का अड्डा बना दिया है। इसे साथ-साथ, चंद्रपुर, गोंदिया, यवतमाल, भंडारा ओर नांदेड़ से जुड़े जिले भी नक्सली गतिविधियों से प्रभावित हैं। ये जिले वाम शाख अतिवाद के प्रभाव वाले क्षेत्र में स्थिति हैं जो तेलंगाना, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश से होकर जाता है। गढ़चिरौली अल्पतम विकसित जिलों में से एक है जहां लोग अतिशय हिंसा व चरम निर्धनता के बीच जीवन जीते हैं। इस जिले से होकर बहने वाली सदाबहार नदियों व घने जंगलों ने संपर्क मार्गों के निर्माध के समक्ष चुनौतियो खड़ी की हैं। इस कारण लोगों की स्वास्थ्यरक्षा, साक्षरता तथा गतिशीलता प्रभावित होती है। लेकिन अब स्थितियां बदलने लगी हैं।

पिछले छह वर्षों में, सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने सड़क संजालों के विकास हेतु कदम बढ़ाए हैं तथा तेज गति से नक्सल एवं



जनजातीय तथा पिछड़े इलाकों में संपर्क रेखा को बढ़ावा दिया है। प्रत्येक जिले को राष्ट्रीय राजमार्ग से जोड़ने का दृष्टिकोण लेकर तथा नक्सलवाद से पीड़ित इलाकों पर विशेष जोर देकर, सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने वाम शाखा अतिवाद से प्रभावित जिलों में विशेष कार्यम कार्यक्रम का आगाज़ किया है। महाराष्ट्र में, 495 किलोमीटर की दूरी के लिए वाम अतिवाद प्रभावित योजना संपर्क कार्यक्रम की घोषणा की गई थी जिसमें 920 करोड़ रुपए से अधिक का निवेश होना है। इस कार्यक्रम में सड़क संजालों एवं गढ़चिरौली जिले की प्रमुख बड़ी नदियों प्राणहिता, इंद्रावती और गोदावरी पर सेतुओं का निर्माण शामिल है। पहली बार, जिले में उच्च परिमाण की अवसंचना परियोजनाएं प्रारम्भ की जा रही हैं तथा इन्हें पांच वर्ष की अवधि में पूरा किया जाना है। अभी कुछ ही समय पहले तक, कुल 56 मिलोमीटर की लंबाई वाला राष्ट्रीय राजमार्ग-63, जिले में एकमात्र राजमार्ग हुआ करता था जो सिरोंचा से होकर गुजरता है। 591 किलोमीटर के चार नए राष्ट्रीय राजमार्गों की घोषणा के बाद अब यह संजाल बढ़कर 647 किलोमीटर का हो जाएगा। कुल मिलाकर, सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने गढ़चिरौली जिले के लिए 1,740 करोड़ के निवेश के साथ 541 किलोमीटर की 44 सड़क परियोजनाओं को मंजूरी दे दी है। गढ़चिरौली जिले में बड़ी अवसंरचना विकास पहलकदमियों में 855 मीटर का एक बड़ा सेतु शामिल है जो 168 करोड़ की लागत से निजामाबाद-जगदलपुर मार्ग पर प्राणहिता नदी पर बनेगा। उसके बाद आता है 630 मीटर लंबा उच्चस्तरीय सेतु निजामाबाद-जगदलपुर मार्ग पर पटगुदाम के निकट इंद्रावती नदी पर बनाया जाएगा, 30 मीटर लंबा सेतु लंबाचेन के निटकट बेजुरपल्ली-अहेरी नदी पर 248 करोड़ की लागत से बनेगा, बेजुरपल्ली-अहेरी मार्ग पर राज्य स्तरीय राजमार्ग पर वातरा ओर मोयाबिनपेता के बीच सुधार किया जाएगा तथा गरंजी-पुस्तोला मार्ग का भी सुधारीकरण किया जाएगा। इन परियोजनाओं का उद्घाटन 6 सितम्बर को हुआ था। महाराष्ट्र-तेलंगाना सीमा पर प्राणहिता नदी पर बने सेतु तथा सिरोंचा में महाराष्ट्र-छत्तीसगढ़ सीमा पर पटागुदाम के निकट इंद्रावती नदी पर बने सेतु पड़ोसी राज्यों तक निर्बाध आवागमन सुनिश्चित करते हैं। राष्ट्रीय राजमार्ग-930 गढ़चिरौली को चंद्रपुर जिले से जोड़ता है और इस सड़क के 81 किलोमीटर हिस्से का दो लेनों में सुधारीकरण जारी है जिसमें 646 करोड़ की लागत आएगी। राष्ट्रीय राजमार्ग-353डी के नागभीद-अरमोरी खंड के 39.76 किलोमीटर विस्तार का सुधारीकरण पूरा हो चुका है। यह सड़े गढ़चिरौली जिले को नागपुर शहर से जोड़ती है। सकोली, वाडसा, गढ़चिरौली, चमोरशी, अलपाली और सिरोंचा को जोड़ने वाला राष्ट्रीय राजमार्ग 353सी गढ़चिरौली जिले के दुर्गम हिस्सों को भी पुराने एनएच-6 से जोड़ता है और साथ ही शेष देश से संपर्क का रास्ता मुहैया कराता है। इस मार्ग के गढ़चिरौली-आस्थी खंड का 577 करोड़ की लागत से सुधारीकरण किया जा रहा है। अलापाली, हेमलकासा, भाम्रगढ़ के जनजातीय क्षेत्रों को अब एनएच-130 डी के द्वारा जोड़ा गया है। इस मार्ग खंड का भी सुधारीकरण किया जा रहा है। पेरीमेली, बांदिया एवं परालकोटा पर बड़े सेतुओं को निर्माण भी 194 करोड़ की लागत से कराया जा रहा है। गढ़चिरौली व चंद्रपुर जिलों को विभाजित करने वाली वेनगंगा नदी महाराष्ट्र की महत्वपूर्ण नदियों में से एक है। वर्तमान संकीर्ण, निम्न ऊंचाई वाले सेतुओं के कारण, यात्रियों को बड़ी कठिनाई का सामना करना पड़ता है, खासकर मानसून के दौरान। लोगों की कठिनाइयों को दूर करने के लिए, अस्थी के निकट 99 करोड़ की लागत से एक ओर सेतु का निर्माण किया जाएगा।

## फरमाया




**लोजपा** कहीं नहीं जाने वाली। जदयू के साथ कुछ मतभेद होने के बावजूद लोजपा गठबंधन सहयोगी के तौर पर राजग के छत्र तले चुनाव लड़ेगी।

**- देवेंद्र फड़नवीस**
भाजपा नेता



**कोरोना** बीत गया। दीदी जानबूझककर लाकडाउन जारी रखे हुए हैं जिससे भाजपा नेताओं को सभाएं व रैलियां आयोजित करने से रोका जा सके। दीदी के भाई-बंधु भीड़ देखकर असहज महसूस कर रहे हैं।

**- दिलीप घोष**
बंगाल भाजपा प्रमुख



**मैं** सदैव वायरस को हल्के रूप में लेना चाहता हूं। मैं अभी भी इसे कम करके देखना चाहता हूं क्योंकि मैं हड़बड़ी नहीं फैलाना चाहता।

**- डोनाल्ड ट्रंप**
अमेरिकी राष्ट्रपति

## आप की बात



इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल से
pioneer.editorial@gmail.com
पर भी भेज सकते है।

www.dailypioneer.com

## चीन पर भरोसा न करें

**चीन** की नीति वार्ता करते हमला करने की बनती जा रही है। धोखाधड़ी और छल कपट से लबरेज चीन लगातार इस प्रयास में है कि जैसे भी हो भारत पर दबाव बनाकर रखा जाए जिससे वह झुकने को मजबूर हो। अब फिर चीन भारत के बीच मास्को में पांच बिंदुओं पर सहमति बनी है जिसके तहत वार्ता जारी रखते माहौल बिगाड़ने की कार्रवाई नहीं होगी। सब कुछ चीन मंजूर कर रहा है मगर फिर भी भारत उस पर विश्वास ना करें और सीमा पर सुरक्षात्मक कदम बनाए रखें ताकि जरूरत पड़ते ही चीन को तुरंत जवाब दिया जा सके। लद्दाख में जारी टकराहट को दूर करने के लिए रूस में चल रही शंघाई सहयोग संगठन के सम्मेलन में भारत चीन के बीच बैठक हुई। भारत और चीनी विदेश मंत्रियों की बैठक में यह निष्कर्ष निकला कि सीमा पर नाजुक हालात दोनों देशों की सेहत के लिए ठीक नहीं है। पांच बिंदुओं पर सहमति बनाकर यह स्वीकार किया गया कि जब तक विवादित स्थानों से सैनिक नहीं हटाए जाएंगे विवाद कम नहीं होंगे। अब तक सामान्य स्थिति के लिए जो समझौते हुए हैं उन्हें मूर्त रूप दिया जाए वही उकसाने वाली कार्रवाई से बचा जाए। इसके अतिरिक्त शांति बहाल करने के तमाम उपाय जरूरी हैं।

- **अमृतलाल मारू**, दसई, मप्र

## कोरोना की दहशत

**बेशक** कई अब लोग वायरस को मजाक में ले रहे हैं लेकिन कहीं न कहीं अभी भी इसका खौफ लोगों के दिल में जिंदा है। कोविड़-19 अपना विकराल रूप धारण करता जा रहा है। देश में कोरोना वायरस के मरीजों की संख्या में रोजाना तेजी से बढ़ोत्तरी हो रही है। और यहीं नहीं पिछ्ले कुछ दिनों से 90 हजार से ज्यादा मरीज रोजाना सामने आ रहे हैं। और इसी वजह से लोगों को अब बेसब्री से कोरोना वायरस की वैक्सीन का इंतजार है। वैसे तो दुनिया के कई देशों में विभिन्न वैक्सीन पर काम चल रहा है। लेकिन इन सभी के बीच केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. हर्षवर्धन ने हाल ही में बताया है कि अभी वैक्सीन की लॉन्चिंग को लेकर कोई तारीख तय नहीं हुई है, परन्तु यह जरूर है कि अगले साल की पहली तिमाही में वैक्सीन जरूर आ सकती है। केंद्रीय मंत्री ने यह जानकारी सोशल मीडिया के कार्यक्रम संडे संवाद के दौरान दी है। गौरतलब है कि, डॉ. हर्षवर्धन का यह बयान तब आया है, जब एक दिन पहले दवा कंपनी एस्ट्राजेनेका ने कहा है कि ब्रिटिश रेग्युलेटर से हरी झंडी मिलने के बाद उन्होनें कोविड-19 वैक्सीन का मानव परीक्षण एक बार फिर शुरू कर दिया है। व एक वॉलंटियर के बीमार पड़ जाने की वजह से इसे बीच में ही रोकना पड़ा था।

- **निधि जैन**, लोनी, गाज़ियाबाद

## समावेशी तकनीकी विकास

**भारत** लगातार सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में नवाचार करता रहा है और कर रहा है।विश्व अभी कोविड-19 महामारी से जूझ रहा है फिर भी भारत को तकनीकी उद्योग प्रदर्शनीय स्तर पर है। भारत का तकनीकी बाजार लगातार बढ़ रहा है।नए नए निवेशकों के साथ-साथ नई कंपनियों का खुलना तेजी से हो रहा है।तकनीकी उत्पादों को विकसित करने का कार्य कर रही नीति आयोग ने सही पहल को नए कार्य तकनीकी क्षेत्र में किए हैं, जैसे उन्नति नामक प्रौद्योगिकी मंच का उद्घाटन, केवाईस सेतु का उद्घाटन , वसीम बुद्धिमत्ता के लिए अटल इन्नोवेशन मिशन आदि। परंतु उन सभी नवादा रो के साथ-साथ कई चुनौतियां भी हैं जैसे कई उद्यमियों को जानकारी प्राप्त ना होने तथा हम इसे समावेशी कैसे बनाएं? और आज के युग में हो रहा डाटा चोरी के मुद्दे को ध्यान में रखते हुए इसे सफल कैसे बनाएं। तमाम चुनौतियां हमें तकनीकी हक बनाने से रोक रही हैं।उम्मीद है कि भारत आगे भी अपनी तकनीकी शक्ति का प्रयोग करके तकनीकी हब बनेगा और समावेशी विकास की ओर तत्पर होगा।

- **सुदर्शन सोराड़ी**, नैनीताल

# 2019-20 प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की राशि 15 दिनों के भीतर होगा

पायनियर संवाददाता ◂ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

ओला एवमं अतिवृष्टि के प्रकोप से साल 2019-20 में रवि फसल के खराब होने वाले फसल फसल की राशि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत बेमेतरा जिले के किसानों को राशि का भुगतान 15 दिनों के भीतर होने वाला है इस संबंध में प्रधानमंत्री फसल बीमा कंपनी एग्रीकल्चर इंश्योरेंस कंपनी आफ इंडिया लिमिटेड के स्टेट हेड कृतिक चंद्र बेहरा ने दूरभाष पर जानकारी देते हुए बताया कि बेमेतरा जिले के 39913 किसानों को रबी फसल बीमा की राशि जारी किया गया है इसमें से 5त्न किसानों को ही राशि देना बाकी है जिसके लिए कंपनी ने अप्रूवल भेज दिया है 15 दिनों के भीतर हर हाल में किसानों को बीते साल के रबी फसल की बीमा की राशि किसानों के बैंक के अकाउंट में पहुंच जाएगा ज्ञात हो कि बेमेतरा जिले में साल 2019-20 में 40600 किसानों ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत फसलों का बीमा कराया था जिसमें से 39913 किसानों को राशि मिलना तय है कृषि विभाग के अनुसार फसल बीमा कंपनी के द्वारा अभी तक सही जानकारी नहीं भेजी गई है वहीं बीमा कंपनी के अधिकारी का कहना है कि प्रथम किस्त में सभी किसानों के बैंक अकाउंट में राशि 15 जनवरी तक जारी कर दी गई थी इसके अलावा 11 जुलाई को किसानों के खाते में भेजे गए पैसा 13 जुलाई को वापस कंपनी के पास आ गया बेहरा ने बतलाया कि बैंक द्वारा किसानों के अकाउंट नंबर गलत दिए जाने के कारण समय पर किसानों को राशि नहीं पहुंच पाया बीमा कम्पनी के छत्तीसगढ़ हेड बेहरा ने बताया है कि करीब 216 करोड़ रुपये रवि फसल के लिए बीमा कंपनी के द्वारा राशि जारी की गई है तथा जिन किसानों को राशि नहीं मिल पाया है उसका मूल कारण था कि बैंक के द्वारा विलंब से इंट्री किए जाने के कारण बचे हुए किसानों को जो कि 20 से 7 मई के मध्य एंट्री हुई है ऐसे किसानों की राशि के लिए बीमा कंपनी के उच्च कार्यलय को अप्रूवल भेजा गया है और 15 दिनों के भीतर हर हाल में फसल बीमा राशि भेज दी जाएगी गौरतलब है कि आए दिन किसान रवि फसल की बीमा राशि नहीं मिलने के मामले को लेकर किसान सीधे शासन प्रशासन के अलावा स्थानीय जनप्रतिनिधियों को भी शिकवा शिकायत कर रहे हैं इसके अलावा



बीमा राशि समय पर प्रदाय करने की बात को लेकर किसान कलेक्टर को भी ज्ञापन सौंप चुके हैं वहीं दूसरी ओर बीमा कंपनी के द्वारा स्थानीय स्तर के कृषि विभाग के अधिकारियों को जानकारी नहीं भेजने के कारण तथा कृषि विभाग और बीमा कंपनी के बीच सामंजस्य नही होने के कारण भी किसानों को फसल बीमा की राशि प्राप्त करने में एक तरह से परेशानी उठानी पड़ रही है वहीं दूसरी ओर इस संबंध में जानकारी देते हुए उप संचालक कृषि एमडी मानकर ने बताया कि केवल कृषि विभाग को बीमा कंपनी के द्वारा राशि स्वीकृत होने की जानकारी भेजी गई है जबकि कितने किसानों के लिए राशि भेजी गई और कहां कहा कितने किसानों को राशि मिला इसकी सही जानकारी नहीं मिल पा रही है जबकि वर्ष 2019 और 20 में रवि फसल को भारी नुकसान के चलते बेमेतरा जिले के 90त्न किसानों को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का लाभ मिलना है।

ज्ञात हो कि आए दिन किसान फसल बीमा की राशि को लेकर बैंक के अलावा कृषि विभाग के दफ्तर में भी चक्कर काट रहे हैं वहीं कुछेक बैंकों के द्वारा किसानों के बैंक अकाउंट नंबर गलत बीमा कंपनी को उपलब्ध करा देने के कारण किसानों को समय पर बीमा की राशि प्राप्त करने में भी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है इसी प्रकार अगर बीमा को लेकर किसान बैंक और कृषि विभाग में चक्कर लगाने पर मजबूर है अब बीमा कंपनी के दावे के अनुसार किसानों को हर हाल में साल 2019 और 20 की रवि फसल की बीमा राशि 15 दिनों के भीतर मिलने की उम्मीद है। बीमा कंपनी के छत्तीसगढ़ हेड बेहरा ने यह की जानकारी दी है कि सोयाबीन फसल खराबी का सर्वे का काम बीमा कंपनी के द्वारा किया जा रहा है और शीघ्र ही शासन से सब्सिडी मिलने पर सोयाबीन फसल बीमा की राशि भेज दी जाएगी वहीं दूसरी ओर कृषि विभाग के उपसंचालक एमडी मानकर का कहना है कि 1 सितंबर से पहले बीमा कंपनी को सूचना भेजी गई है कि सोयाबीन की फसल बारिश व प्राकृतिक आपदा के चलते खराब हो गई है लेकिन अभी तक सर्वे का काम पूरा नहीं किया जा सका जबकि नियमानुसार फसल खराबी के 15 दिनों के भीतर बीमा कंपनी द्वारा किसानों को भुगतान किए जाने का प्रावधान है ऐसे में फसल बीमा की राशि प्रदान करने में समय लग सकता है वहीं दूसरी ओर एग्रीकल्चर इंश्योरेंस कंपनी आफ इंडिया लिमिटेड छत्तीसगढ़ हेड कृतिक चंद्र बेहरा का कहना है कि जब तक गवर्नमेंट से सब्सिडी नहीं मिलेगी तब तक बीमा राशि जारी नहीं किया जा सकता कंपनी के द्वारा फसल के संबंध में गवर्नमेंट को जानकारी दे दी गई है।

# पढ़ई तुंहर दुआर अंतर्गत बोल्टू के बोल के माध्यम से अध्यापन



पायनियर संवाददाता ◂ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

कोरोना काल की वर्तमान कठिन परिस्थिति एवं विद्यालयों में बंद पढ़ाई के बीच बच्चों को शिक्षा से जोड़ रखने हेतु पढ़ई तुंहर दुआर अंतर्गत मोहल्ला क्लास में बोल्टू के बोल एवम अन्य माध्यमों से क्लास संचालित किया जा रहा है और बच्चो को शिक्षा दिया जा रहा है। कोविड (19) के निर्देशानुसार आडियो के माध्यम से बच्चो को पढ़ाया जा रहा है। बोल्टू के बोल में बेमेतरा जिले के कुल 46 शिक्षको का योगदान 141 कुल हाट बाजार, 353 लोगों को कुल सामग्री भेजे गये एवं 2672 कुल सामग्री लोगो को भेजे गये है। इस प्रकार बोल्टू के बोल के माध्यम से अध्यापन कार्य में बेमेतरा जिला पूरे छत्तीसगढ़ में दूसरे स्थान पर है। जो एक गौरव की बात है।

कुछ दिनो में यह प्रयास प्रथम आने का रहेगा।

इस प्रकार शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार विभिन्न माध्यमों का उपयोग कर बच्चों को अध्यापन कार्य कराया जा रहा है।

## आगामी रबी फसल के लिए मुफ्त बीज का वितरण सुनिश्चित करे सरकार: जितेन्द्र ठाकुर

पायनियर संवाददाता ◂ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



नवागढ सेवा सहकारी समिति के संचालक जितेन्द्र ठाकुर ने बताया कि विगत वर्ष रबी फसल जिले में शत प्रतिशत अतिवृष्टि से खराब हो गया था इस लिए कृषकों के पास रबी फसल के लिए बिज उपलब्ध नही है कोरोना काल होने के कारण कृषकों को बिज इंतजाम कही से करते नही बना है कृषक खेत तो तैयार करने भिंड गए है लेकिन बिज उपलब्ध कैसे होगा इस चिंता से उबर नही पा रहे है जिले के नवागढ ब्लॉक में अबतक आरबीसी 6-4 से प्रस्तावित रबी फसल 2019 का मुवावजा राशि भी नही बटा है किसान के हाथ खाली है अरली वेरायटी महामाया धान को बेचकर कृषक पैसो का बदोबस्त कर रबी फसल का बिज इंतजाम अन्य साल कर लेते थे इस साल तो सरकार कृषकों से पुरी तरह मुह मोड़ लिया है धान खरीदी को दिसम्बर माह से चालू करने का निर्णय लिया है।

अतिवृष्टि और महामारी कोरोना काल ने कृषकों का कमर तोड़ दिया है सरकार देश की रीढ़ कहे जाने वाले खेती का हाल सुधारने खेती करने वाले कृषकों को मदद करने के लिए विशेष योजना चलाए मुफ्त चना गेहूं अलसी तिवरा लाख मसरा बिज वितरण कर कृषकों को कृषि की मुल धारा में जोड़ने का प्रयास करे विपदा की इस घड़ी में कृषक सरकार से ही आस लगाए बैठे है।

# मटका में मोहल्ला क्लास में मनाया गया शिक्षक दिवस

पायनियर संवाददाता ◂ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला मटका (मोहल्ला क्लास) में हिंदी दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर औषधीय पौधों की महत्ता पर परिचर्चा एवं पौधा रोपण किया गया। बच्चों द्वारा हिंदी दिवस पर रोचक कविताएं प्रस्तुत की गई। यह कार्यक्रम कोरोनावायरस के प्रभाव को देखते हुए मोहल्ला क्लास लगा कर मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत शिक्षक राजेंद्र साहू द्वारा बच्चों को हिंदी दिवस पर शुभकामनाएं देते हुए। इस भाषा के महत्व को समझाया साथ ही हिंदी कि आज के समाज में स्थिति पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के आगे की



कड़ी में शिक्षिका ज्योति बनाफर द्वारा आयुर्वेद के महत्व को समझाते हुए जो शास्त्र (विज्ञान) आयु (जीवन) का ज्ञान कराता है, उसे आयुर्वेद कहते हैं।

साथ ही नीम गिलोय चिरायता तुलसी एलोवेरा आदि पौधों के महत्व व उपयोग की जानकारी दी। इस अवसर पर बच्चों ने बहुत ही रोचक गीत एवं कविता सुनाएं। पौधों को रोपण कर कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में 26 छात्र छात्राएं व प्रधान पाठक सहित समस्त शिक्षक गण उपस्थित रहे।

## स्वास्थ्य जांच के लिए आज से मोबाइल वेन पहुंचेगी हॉट बाजार : योगेश

पायनियर संवाददाता ◂ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

कृषक नेता योगेश तिवारी एवं सर्व ट्रामा हास्पिटल रायपुर के प्रमुख डॉ. सुरेंद्र शुक्ल द्वारा वैश्विक महामारी कोरोनावायरस के बढ़ते प्रकोप से बचाव के लिए मोंबाईल वेन के माध्यम से कल से अनुभवी डॉक्टरों एवं लेब टैकनिशियनों के टीम बेमेतरा विधान सभा क्षेत्र बेरला ब्लाक के ग्राम- गोड़गिरी, भारदा, हरदी,सोंढ़ ,तेलगा पहुंच कर ग्रामीणों के स्वास्थ्य की जांच एवं उचित इलाज तथा कोरोना वायरस से बचने के लिए सैनिटाइजर ,मास्क एवं आवश्यक दवाइयों का वितरण इन बाजारों में किया जाएगा ग्रामीणों के स्वास्थ्य की जांच कर उन्हें उचित परामर्श भी दिया जाएगा कल से प्रारंभ होने वाली इस मोबाइल वैन के साथ में कृषक नेता योगेश तिवारी अपनें समर्थकों के साथ सोश्यलडिसटेंश बनाकर रहेंगें कृषक नेता योगेश तिवारी ने कहां है की विपरीत परिस्थिति में भी धैर्य एवं संयम से काम लेना है तथा हम सबको अपनी जिम्मेवारी निभानी होगी वर्तमान समय में सरकारी प्रयास किए जा रहे हैं किंतु कोरोना वायरस से प्रभावित लोगों की संख्या दिन प्रतिदिन बढ़ते ही जा रही है ऐसे में सभी नागरिकों को भी



सरकार के कार्यों में मदद करनी चाहिए उन्होंने कहा है कि कल से प्रारंभ होने वाली यह मोबाइल वैन लगातार एक महीने तक बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र के गांव में होने वाले बाजार के दिन वहां पहुंचकर लोगों की फ्रिस्वास्थ्य चेकअप एवं सैनिटाइजर ,मास्क, आवश्यक दवाई का वितरण हम लोग करेंगे, ज्यादा गंभीर मामलों में कोविड़ सेंटर से संपर्क कर ऐसे मरिजों को भर्ती करानें कि दिशा में हम प्रयास करेंगें।

उल्लेखनीय है कि पूर्व में भी कृषक नेता योगेश तिवारी के द्वारा बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र के गांव गांव में सैनिटाइजर मशीन भेज कर सेनीटाइज किया गया था एवं लॉकडाउन की स्थिति में जब लोग भोजन के लिए तरस रहे थे उस समय भी योगेश तिवारी के द्वारा लोगों के लिए भोजन व्यवस्था भी किया गया था।

# निगम के स्वच्छता मित्र बिना थके, रूके दे रहे हैं सेवाएं

### जान जोखिम में डालकर भी वार्डों की कर रहे नियमित साफ-सफाई

पायनियर संवाददाता ◂ भिलाई नगर
www.dailypioneer.com

स्वच्छता मित्र (सफाई कर्मचारी) अपनी जान की परवाह किए बगैर निगम क्षेत्र के कोविड केयर सेंटर में कोराना वायरस से संक्रमित लोगों को सेवाएं दे रहे हैं। सफाई कर्मी कोरोना योद्धा के रूप में कार्य करते हुए बिना थके कोविड केयर सेंटर में स्वास्थ्य लाभ ले रहे मरीजों के वार्ड, हास्पिटल परिसर, नर्सिंग स्टॉफ के हॉस्टल और चिकित्सकों के कमरे की नियमित साफ-सफाई कर कोरोना को हराने में जुटे हुए हैं।

**चार शिफ्ट में कर्मचारी दे रहे है अपनी सेवाएं**

चंदूलाल स्थित कोविड केयर सेंटर कचांदूर की साफ-सफाई, सेनिटाइजिंग कार्य में 30 स्वच्छता मित्रों की ड्यूटी लगाई गई है। जो बिना थके व रूके नियमित रूप से दिन-रात चार शिफ्ट में ड्यूटी कर रहे हैं। निगम के कर्मचारी श्री शंकराचार्य हॉस्पिटल जुनवानी से भी नियमित कचरा उठाने का काम कर रहे हैं, तो वहीं कर्मचारियों की दूसरी टीम कोविड केयर सेंटर कचांदुर के वार्डों की झाड़ू, पोंछा, टायलेट की सफाई से लेकर खाना खाने के बाद डस्टबिन में एकत्र खाली पैकेट के कचरे को इकट्ठा करने और स्प्रे मशीन से हास्पिटल परिसर में कोरोना वायरस को नष्ट करने



की जिम्मेदारी भी बखूबी निभा रहे हैं। यहां ड्यूटी करने वाले कुछ कामगार ऐसे भी हैं, जो कई दिनों से अपने घर नहीं लौटे। कोरोना को हराने सेवा भाव से हास्पिटल कैंपस में रहकर अपनी सेवाएं दे रहे हैं। निगम आयुक्त ऋतुराज रघुवंशी ने आज कचांदूर पहुंचकर कोविड केयर सेंटर की व्यवस्थाओं से संबंधित जानकारी प्राप्त कर उचित निर्देश दिए।

**उनके अभिवादन से ही मिलती है कार्य करने की ऊर्जा**

सफाई व्यवस्था की जिम्मेदारी संभाल रहे सुपरवाइजर चंदन शर्मा का कहना है कि कोविड केयर सेंटर में रहकर स्वास्थ्य लाभ लेने के बाद मरीज घर लौटते समय जब उनकी सेवा और चिकित्सा व्यवस्था को लेकर संतुष्टि जाहिर करते हैं। उन लोगों की यही संतुष्टि और अभिवादन ही हमारे साथियों के मन को बिना किसी झिझक के नियमित कार्य करने की ऊर्जा से भर देता है।

## लाकडाउन में कृषि दवा दुकान को बंद से मुक्त करने कलेक्टर से लगाई गुहार

पायनियर संवाददाता ◂ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

जिले में इन दिनों खरीफ फसल तैयार होने की अंतिम चरण में पहुंच गया है ऐसे समय जिले में संपूर्ण लॉक डाउन होने से किसानों को फसल को बचाने के लिए दवाई की छिड़काव करने में भारी परेशानी हो रही है इस संबंध में किसानों से मिली जानकारी के मुताबिक इन दिनों मौसम शुष्क होने से धान के फैसल के पत्तियों के उपरी हिस्सा लाल हो कर सुखना तनाछेद,ब्लास्ट सहित अन्य विभिन्न बीमारी फ़सल में आने लगा है जिसकी रोकथाम के लिए दवाई का छिड़काव किया जाना जरूरी है किंतु इन दिनों जिले में जिले के नगरी निकाय क्षेत्रों में लाभ डाउन होने के कारण सभी दुकानों सहित कृषि से जुड़े दुकानें भी बंद है जिसके कारण किसानों को दवाई के लिए भारी परेशानी का सामना इन दिनों करना पड़ रहा है इस संबंध में नवागढ सेवा सहकारी समिति के संचालक एवं किसान नेता जितेन्द्र सिंह ठाकुर ने कलेक्टर से बेमेतरा जिले में लाकडाउन अवधि 13/09/2020 से 20/09/2020 में कृषि दवा दुकान को पुर्ण बंद करने के निर्देश पर विचार करने व आंशिक छुट देने की मांग किया है उनका कहना है कि छत्तीसगढ़ राज्य में खरीफ फसल अपने अंतिम चरण में पहुंचने की ओर है फसलों को अंतिम बार खाद पानी देने का समय है इसी स्टेज में फसलों पर किट प्रकोप व बिमारी तेजी से बढती है।

इस समय में यदि कृषकों के पास खाद व किटाणु नाशक दवाई की कमी होती तो किट प्रकोप ब्याधियो को दुर करने में कृषक असफल हो जाएगा और साल भर के फसलों को फलिता लग जाएगा वैसे भी कृषकों को कर्जा मे ही जिदंगी काटना पड़ता है उस पर दोहरी मार लग रहा है वैसे भी सभी दवा दारू की दुकान पुर्ण काल खुल रहा है सिर्फ कृषि दवा दुकान पर प्रतिबंध अमानवीय लगता है प्रशासन का फरमान सिर्फ कृषि दवा दुकान पर प्रतिबंध लगाना अनुचित ही नही किसान विरोधी भी लग रहा है।

# घर में घुस कर युवती से छेड़छाड़, जुर्म दर्ज

पायनियर संवाददाता ◂ भिलाई
www.dailypioneer.com

घर में घुस कर आरोपी युवक ने युवती से छेड़छाड़ किया। मामले पर कार्रवाई करने के बजाए एक ओर जहां गांव का कोटवार आरोपी को बचाने के लिए कुछ लोगों को बुलाकर बैठक रखी और ग्रामीणों के सामने पीड़िता के पिता को जलील किया।

वहीं दूसरी ओर पूरी मामले की जानकारी होने एफआईआर दर्ज करने के दो दिन बाद भी रानीतरई थाना पुलिस ने कोई एक्शन नहीं लिया है। आरोपी अबतक फरार है। जबकि रानीतरई थानेदार सीताराम ध्रुव को सूचना भी दी गई कि आरोपी गांव में है और गांव का कोटवार ओमप्रकाश वाड़दे आरोपी को बचाने बैठक कर रहा है। सूचना देने का मतलब यह था कि आरोपी को पकड़ने में पुलिस को आसानी हो। लेकिन इसके बाद भी पुलिस उसे गिरफ्तार करने नहीं गई। इसके विपरीत सूचना देने पर पीड़िता के पिता को ही बोल दिया कि आरोपी को आप लोग ही पकड़ के थाने ले आओ। रानीतरई थाना टीआई ने बताया कि पीड़िता की शिकायत पर आरोपी उड़िसा भारवन निवासी पिकेश कुमार पिता अंकालू के खिलाफ अपराध दर्ज कर लिए है।

### जानिए क्या है पूरा मामला...

सूत्रों की मानें तो आरोपी उड़िसा भारवन निवासी पिकेश कुमार पिता अंकालू 5 सितंबर को पीड़िता के गांव रीवागन पहुंचा। जहां वो सीधे पीड़ति युवती के घर गया और वहां उससे छेड़छानी करने लगा। युवती की चीख सुनकर उसका पिता आया तो उसे देखकर आरोपी फरार हो गया और सीधे कोटवार के घर जाकर घुस गया। कोटवार का आरोपी से जान पहचान है। कोटवार ने ग्राम विकास समिति को पत्र लिखा कि उसके मेहमान से मारपीट किया गया है। पत्र के बाद गांव में बैठक हुआ और पीड़िता के पिता को जलील किया गया।

### एएसपी ने किया हस्तक्षेप, तब हुआ एफआईआर...

महिलाओं के साथ अपराध में कमी लाने के प्रदेश के डीजीपी के प्रयासों के बावजूद छेड़खानी जैसे गंभीर अपराधों में भी रानीतराई थाना प्रभारी की भूमिका संदेहास्पद रही है। छेड़खानी जैसे गंभीर अपराध की पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराने के लिए प्रार्थी व उसके परिजनों को दर्जनों बार थाने के चक्क र लगाने पड़े। थाना प्रभारी सीताराम ध्रुव की लेटलतीफी से त्रस्त होकर पीड़ित पक्ष ने दुर्ग की एएसपी प्रज्ञा मेश्राम को संपूर्ण मामले से अवगत कराया, तब जाकर आरोपी पिकेश कुमार के विरूद्ध पुलिस ने अपराध दर्ज किया।

### 90 से 100 दिन में निकलने वाली बालियां 55 दिन में ही निकल रही वह भी खराब

# किसान बड़े ब्रांड के धान बीज लगाकर खा गए धोखा

पायनियर संवाददाता ◂ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

बेरला विकासखंड के ग्राम उफरा, खंगारपाट, गाड़ामोड़ मावली, खमतराई क्षेत्र के किसानों ने लगभग 300 एकड़ में बायर मल्टी इंटरनेशनल कंपनी का किस्म का हाइब्रिड धान का रोपाई किया है। किसानों द्वारा रोपित यह धान की बाली बहुत खराब आ रहा है। बाली खराब होने के समस्या को लेकर जिला पंचायत सभापति एवं प्रदेश संयोजक राहुल योगराज टिकरिहा ने किसानों के साथ मिलकर बेरला अनुविभागीय अधिकारी डी.आर. डहिरे को ज्ञापन देकर निरीक्षण करने का निवेदन किया गया है। सभापति टिकरिहा एवं किसानों ने अनुविभागीय अधिकारी को जानकारी देते हुए बताया कि इस किस्म के धान के बाली को 90 से 100 दिनों के बीच निकलना था, लेकिन ये 55 दिन में ही निकल आया है और धान के बालियां भी खराब होने लग गए है।

जो बालियां अभी से निकल आए है और खराब हो रहे है वो संभवतः पूरा बालियों के निकलते तक खराब हो जाएंगे। लगातार बालियां खराब निकल रही है, और आगे पीछे निकल रही है जो कि किसानों के लिए चिंता का विषय है



और भारी क्षति है।

इस समस्या से किसानों के माथे में चिंता की लकीरें खींच गयी है, एक ओर भारी महंगे बीज तो वहीं उसका परिणाम उतना ही उल्टा नजर आ रहा है। बेरला विकासखंड के किसान खिलावन परगनिहा, नारद सिंह वर्मा, बबला परगनिहा, भारत वर्मा, झड़ी निषाद, नरेंद्र वर्मा, चंद्र प्रकाश परगनिहा, घना निषाद, जय प्रकाश परगनिहा, अश्वनी वर्मा, परमानंद वर्मा, अरुण विश्वकर्मा, योगेश वर्मा, राजेश वर्मा, राजकुमार वर्मा, बाबूलाल निषाद, इन्द्रमन बघेल, मनहरण निषाद, पंकज वर्मा, विवेकानंद साहू, लेखराम वर्मा, भूपेंद्र कुमार वर्मा, सुखीराम वर्मा, ईश्वर साहू, जितेंद्र वर्मा, चंद्रिका वर्मा, गोपाल निषाद, सुरेश वर्मा, प्रवीण गोश्वामी, पंकज वर्मा ने अपने खेतों में इस धान का रोपाई किया गया है।

मैंने अपने खेत में हाइब्रिड धान का रोपाई किया है। धान के बाली को 90 से 100 दिन में निकलना था लेकिन ये 55 ही दिन में निकल गया है। जिससे फसल खराब हो रहा है।

**-विवेकानंद साहू**
पीड़ित किसान, ग्राम खमतराई

-धान खराब होने का शिकायत किसानों द्वारा लगातार मिल रहा था। किसानों के साथ खेतो में जाकर निरीक्षण किया। आज अनुविभागीय अधिकारी से मुलाकात कर ज्ञापन देकर समस्या का निराकरण करने का निवेदन किया। प्रशासनिक पंचनामा के बाद किसानों का साथ उपभोक्त I फोरम तक दूंगा ताकी उनका हक मिल सके।

**-राहुल योगराज टिकरिहा**
सभापति - जिला पंचायत बेमेतरा

-खेत में हाइब्रिड धान लगाया हूं। जल्द ही बाली आना शुरू हो गया है लेकिन बाली खराब आ रहा है। जो बाली अभी आया है वो बाकी बाली के आते तक खराब हो जाएगा।

**-लेखराम वर्मा**
पीड़ित किसान, ग्राम- गाडामोर

## फेंशिंग वायर के चार चोर चढे पुलिस के हत्थे

**पाटन।** पुलिस ने वायर चोरी करने वाले चार चोरों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार वन विभाग के वनपाल ने ग्राम तर्रा के तामेश्वर सोनी के मकान में 15 हजार की अनुमानित लागत का 6 बंडल फेंसिंग वायर रखा था। इसे अज्ञात चोरों ने चोरी कर ली। प्रार्थी की रिपोर्ट पर अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया। जांच टीम में टीआई शिवानंद तिवारी, एएसआई सुरेंद्र तारम, आरक्षक महेंद्र बंजारे, होमन साहू को शामिल किया गया। मुखबीर की सूचना पर आरोपी शिवकुमार बरहरे उर्फ भोला उम्र 25 वर्ष निवासी तर्रा, रूपेश दास मानिकपुरी उम्र 25 वर्ष निवासी तर्रा, हेमराज साहू उम्र 37 वर्ष निवासी करसा और विक्की चंद्राकर उम्र 24 वर्ष निवासी लोहरसी को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई।

## क्विक न्यूज

### कोरोना जांच के लिये सेम्पल देने के बाद रिपोर्ट मिलने तक रहे आईसोलेट : कलेक्टर

**रायगढ़।** कलेक्टर भीम सिंह ने कहा कि जो भी व्यक्ति कोरोना जांच के लिये सेम्पल देता है उसे रिपोर्ट आने तक अपने घर पर आईसोलेट रहना होगा। यदि वह इसका उगंघन करता है या बाहर घूमता है तो उसके विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी। कलेक्टर भीम सिंह ने सोमवार को स्वास्थ्य विभाग के बैठक के दौरान बताया कि सेम्पल देने वाले व्यक्तियों की सुविधा के लिए ऐसी व्यवस्थायें की जा रही है कि सेम्पल के लैब पहुंचने से 48 घंटे के भीतर संबंधित व्यक्ति को एसएमएस के माध्यम से उसकी रिपोर्ट मिल जायेगी। इसके साथ ही कोविड की प्रतिदिन जांच क्षमता विस्तार के लिये कार्य किया जा रहा है। जिससे प्रतिदिन अधिक संख्या में सेम्पलों की जांच की जा सके। अतः लोगों से आग्रह है कि सेम्पल देने के बाद रिपोर्ट मिलने तक घर पर ही आईसोलेट रहें, जिससे कोरोना संक्रण की विस्तार को रोकने में सहायता मिले।

### जिला परियोजना लाइलीवुड कॉलेज जांजगीर में प्लेसमेंट आयोजित

**सक्ति।** जिला परियोजना लाइवलीहुड जांजगीर में प्रतिष्ठित संस्था सुजुकी मोटर्स द्वारा एक दिवसीय प्लेसमेंट कार्यक्रम का आयोजन किया गया,जिसमें सुजुकी मोटर्स के विशेषज्ञों द्वारा एक लिखित परीक्षा ली गयी, जिसके आधार पर 10 आवेदकों शॉर्टलिस्ट किया गया,ज्ञात हो कि चयनित 10 आवेदकों में 3 लाइवलीहुड के ही छात्र रहे है,चयनित युवाओं का नाम दिनेशकुमार, आशीष, सत्येन्द्र, योगेश कुमार, भूपेन्द्र कुमार, अमन कुमार,धनंजय कुमार, विनोद चैहान,मनीष कुमार, आशीष कुमार है, कलेक्टर यशवंत कुमार, लाइवलीहुड कॉलेज के निदेशक जिला पंचायत सी ई ओ तीर्थराज अग्रवाल एवं नोडल अधिकारी विजय पाण्डेय ने सभी चयनितों के उगवल भविष्य की कामना की है।

# आरके फर्नीचर मार्ट सील, लाखों का अवैध साल व बीजा गोला जब्त

■ **रायगढ़ वन परिक्षेत्र की महिला रेंजर की ताबड़तोड़ कार्रवाई, लकड़ी तस्करों के बीच हड़कंप**

पायनियर संवाददाता ◀ रायगढ़
www.dailypioneer.com



वन परिक्षेत्र रायगढ़ में अब लगातार कार्रवाई की जा रही है। जहां सोमवार को फर्नीचर मार्ट की रूटिन जांच के दौरान वहां अवैध रूप से भंडारण किए गए लगभग आठ लाख से अधिक का अवैध साल व बीजा गोला की जब्ती की गई है। वहीं मौके पर साल व बीजा प्रजाति के लकड़ी गोले का संधारण पंजी व इससे मार्ट से संबंधित अन्य दस्तावेज संचालक द्वारा प्रस्तुत नहीं करने से आरके फर्नीचर मार्ट को देर शाम को सील कर दिया गया है। वहीं मामले को विवेचना में लेकर सुक्ष्म जांच वन अमला रायगढ़ के द्वारा की जा रही है। आज की गई कार्रवाई के बाद लकड़ी तस्करों व आरामिल संचालकां के बीच दहशत का माहौल निर्मित हो गया है। इस संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक डीएफओ मनोज पांडे के निर्देशन व एसडीओ एआर बंजारे के मार्गदर्शन में रायगढ़ वन परिक्षेत्र की वन क्षेत्रपाल लीला पटेल के द्वारा अपनी टीम के साथ आरामिलों की रूटिन जांच की जा रही है। जहां तीन आरामिल की पहले जांच की जा चुकी। वहीं आज छातामुड़ा बाईपास रोड में आरके फर्नीचर मार्ट में रूटिन जांच के लिए वन क्षेत्रपाल लीला पटेल पहुंची। ऐसे में यहां प्रारंभ में बहुत कुछ नजर नहीं आया, लेकिन फर्नीचर मार्ट ऑफिस के पीछे जांच करने पर यहां काफी मात्रा में लकड़ी व मशीने मिली। इसके बाद यहां गहन जांच पड़ताल की गई, तो पता चला कि एक मैदान की तरह खुले एरिए में काफी मात्रा में साल व बीजा का गोला रखा गया है। इसके बाद वन क्षेत्रपाल लीला पटेल के द्वारा मार्ट संचालक से संबंधित साल व बीजा गोले के दस्तावेज मांगे गए, तो कोई भी दस्तावेज मिल संचालक द्वारा पेश नहीं किया गया। इसके अलावा पंजी संधारण व अन्य दस्तावेज भी मौके पर मार्ट संचालक द्वारा प्रस्तुत नहीं किया जा सका। ऐसे में सभी साल व बीजा गोला का नापजोख शुरू किया गया। इसके बाद यहां मौजूद लगभग सौ से अधिक लकड़ी गोले को जब्त करते हुए फर्नीचर मार्ट को सील कर दिया गया। वन क्षेत्रपाल लीला पटेल की इस कार्रवाई के बाद लकड़ी तस्करों व आरामिल संचालको के बीच दहशत का माहौल निर्मित है। उक्त कार्रवाई के दौरान वन क्षेत्रपाल लीला पटेल के साथ वनपाल दिनबंधु प्रधान, विजय दीक्षित, ग षिकेश्वर सिदार, गितेश्वर पटेल, विजय मिश्रा, गोवर्धन राठौर, प्रेमा तिर्की, कुशल कवंर, विजय ठाकुर, सत्यम प्रधान, प्रेमसागर सिदार, शरद बेक, प्रतिमा गुप्ता, अंकित, शंकरलाल वारेन सहित अन्य वनकर्मी मौजूद थे।

आरके फर्नीचर मार्ट में रूटिन जांच के लिए आए थे, लेकिन यहां काफी मात्रा में साल व बीजा का गोला मिला, जिसमें हैमर के कोई निशान नहीं थे और न ही संचालक के द्वारा पंजी संधारण किया गया था। इससे संबंधित कोई दस्तावेज भी प्रस्तुत नहीं किया गया। ऐसे में लाखों का साल व बीजा का गोला जब्त कर फर्नीचर मार्ट को सील किया गया है।

**-लीला पटेल,** वन क्षेत्रपाल, रायगढ़ वन परिक्षेत्र

उर्दना व धरमजयगढ़ काष्ठागार से लकड़ी की खरीदी की जाती है। मेरे द्वारा लकड़ी खरीदी व बिक्री का कार्य किया जाता है और दूसरे आरामिल से इसका चिरान कराया जाता है। अधिकांश तौर पर धनगांव से लकड़ी चिरान कराता हूं। जो दस्तावेज थे वह मैनें वन अमला को दिखा दिया है।

**-राजकुमार अग्रवाल,** संचालक, आरके फर्नीचर मार्ट

## जल्द तैयार करें 100 ऑक्सीजन बेड : कलेक्टर

पायनियर संवाददाता ◀ रायगढ़
www.dailypioneer.com



जिले की वेबसाईट में देख सकेंगे कोविड अस्पतालों में रिक्त बिस्तरों की संख्या, कलेक्टर ने ली स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठकरायगढ़. कलेक्टर भीम सिंह ने जिले में कोरोना संक्रमण की स्थिति की समीक्षा के लिए स्वास्थ्य विभाग व मेडिकल कालेज स्टॉफ की बैठक ली। उन्होंने कोरोना संक्रमण के बढ़ते मामलों को देखते हुए जिले में ऑक्सीजन बेड की संख्या बढ़ाने की दिशा में व्यापक स्तर पर काम करने के निर्देश दिये। इसके लिये लोईंग सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में 30 बिस्तर तथा निजी चिकित्सालयों में भी आक्सीजन बेड बढ़ाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने 100 ऑक्सीजन बेड तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लोईंग में 30 बिस्तर तथा निजी अस्पतालों से समन्वय कर 100 बिस्तर ऑक्सीजन बेड जल्द से जल्द तैयार करने के निर्देश मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को दिए।

**सेम्पल लैब पहुंचने के 48 घंटे के भीतर एसएमएस से मिलेगी रिपोर्ट-** कलेक्टर ने कोविड लैब में किये जा रहे टेस्टिग की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि सेम्पल रिपोर्ट आने के बाद संबंधित व्यक्ति को एक तय समय पर इसकी जानकारी मिल जानी चाहिए। कोविड लैब इंजार्ज ने बताया कि रायपुर सेन्ट्रल कमांड द्वारा यह व्यवस्था की जा रही है कि जैसे ही टेस्ट रिपोर्ट आईसीएमआर की वेबसाइट में अपलोड हो वहीं से सभी मरीजों को उनकी रिपोर्ट मैसेज कर दी जायेगी। इसके तहत लैब में सेम्पल पहुंचने से अधिकतम 48 घंटे में मरीज को एसएमएस के माध्यम से सूचित कर दिया जाएगा कि उसकी रिपोर्ट पॉजिटिव है या नेगेटिव। जिले की वेबसाईट में भी देख सकेंगे किस कोविड अस्पताल में कितने बेड है खाली कलेक्टर ने जिले की वेबसाईट में कोविड अस्पतालों में रिक्त बिस्तरों की जानकारी प्रकाशित करने के लिये कहा।

## नए एसडीएम बी एस मरकाम ने किया पदभार ग्रहण

पायनियर संवाददाता ◀ सक्ती
www.dailypioneer.com



शक्ति राजस्व अनुविभाग के एसडीएम डॉ.सुभाष सिंह राज के स्थानांतरण के बाद राज्य प्रशासनिक सेवा के 2014 बैंच के अधिकारी बी एस मरकाम ने 14 सितंबर को अनुविभागीय अधिकारी राजस्व के पद पर अपना पदभार ग्रहण कर लिया, तथा बी एस मरकाम के पदभार ग्रहण करने के बाद प्रथम दिवस उनसे विभागीय अधिकारी, कर्मचारियों ने जहां सौजन्य मुलाकात की तो वही शक्ति अंचल सहित अनुविभाग के विभिन्न जनप्रतिनिधियों ने भी उनसे मुलाकात कर उन्हें पदभार ग्रहण करने की शुभकामनाएं दी, इस अवसर पर ब्लॉक मुख्यालय अंतर्गत विभिन्न विभागों के अधिकारी कर्मचारियों ने उन्हें पुष्प गुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया,इससे पूर्व श्री मरकाम छत्तीसगढ़ के कोरबा, खरसिया, घरघोड़ा, धरमजयगढ़, लैलूंगा में भी अपनी सेवाएं दे चुके हैं,वे वर्तमान में छत्तीसगढ राजस्व मंडल बिलासपुर में अवर सचिव के पद पर पदस्थ थे, वहां से स्थानांतरण होकर सकती आए हैं, नव पदस्थ एसडीएम बी एस मरकाम ने अपने पदभार ग्रहण करने के बाद एक भेंटवार्ता में बताया कि वर्तमान समय में कोरोना वायरस कोविड-19 का दौर चल रहा है, हमें शासन द्वारा निर्धारित सभी निर्देश नियमों का पालन करना है।

## डिग्री कॉलेज को पुनः स्वशासी प्रकोष्ठ की मान्यता देने की मांग, अभाविप ने सौंपा ज्ञापन

पायनियर संवाददाता ◀ रायगढ़
www.dailypioneer.com



जिले की अग्रणी महाविद्यालय डिग्री कॉलेज को फिर से स्वशाषी प्रकोष्ठ की मान्यता दिलाने के लिए अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने प्रदेश के उच्च शिक्षा आयुक्त के नाम महाविद्यालय के प्राचार्य को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में उन्होंने मांग की है कि जिले की एकमात्र शासकीय किरोड़ीमल कला एवं विज्ञान महाविद्यालय जिसके स्वशाषी मान्यता पाने से महाविद्यालय के साथ-साथ रायगढ़ जिला भी गौरवान्वित रहा है। यहां अध्ययन करने वाले विद्यार्थी एवं शोधार्थियों के लिए भी सुविधाओं से पूर्ण रहा है। ऐसे में स्वशाषी की मान्यता छीन जाना जिले के विद्यार्थियों की सुविधाओं के लिए एक भारी क्षति है। महाविद्यालय के स्वशाषी नहीं रहने से विद्यार्थियों को बहुत ज्यादा तकलीफ उठानी पड़ेगी। विशेष रूप से उन विद्यार्थियों को जिनकी मार्कशीट में त्रुटियों होने से महाविद्यालय से ही सुधर जाया करती थी अब छात्र-छात्राओं को हर छोटी बड़ी समस्या होने पर भी यूनिवर्सिटी चक्कर काटने पड़ेंगे। ऐसे में अभाविप ने विभागायुक्त से निवेदन किया है कि इस विषय मे जल्द से जल्द जवाबतलब कर महाविद्यालय को पुनः स्वशाषी प्रकोष्ठ के मुहाने पर गौरवन्तित खड़ा करें अन्यथा प्रदेश में अभाविप उग्र आंदोलन करने को बाध्य होंगे। बताना लाजिमी होगा कि शासकीय किरोड़ीमल कला एवं विज्ञान महाविद्यालय की नींव 1958 में रखी गई थी जो धीरे- धीरे अपनी उपलब्धियों की सीढ़ी पर चलकर 37 साल बाद सत्र 1995-96 में विश्विद्यालय अनुदान आयोग से प्रमाण पत्र एवं नैक ग्रेड मिलने पर स्वशाषी प्रकोष्ठ की मान्यता मिली । मान्यता को जारी रखने के लिए हर पांच वर्ष में नेशनल असेसमेंट एंड एक्रीडिटेशन काउंसिल को आवेदन देना पड़ता है जिसके बाद वे इंफ्रास्ट्रक्रर और व्यस्था के आधार पर ग्रेड देते है।

## ताराचंद जैन फाउंडेशन ने प्रारंभ किया होटल महाराजा में कोविड-19 केयर सेंटर

पायनियर संवाददाता ◀ सक्ती
www.dailypioneer.com



पूरे भारत देश में जहां वर्तमान समय में कोविड-19 के संक्रमण से कोविड संक्रमित मरीजों की संख्या में दिन-प्रतिदिन बढ़ोतरी हो रही है, तथा केंद्र एवं राज्य की सरकारें स्थानीय स्तर पर अपने स्वास्थ्य केंद्रों एवं उपलब्ध संसाधनों के आधार पर कोविड संक्रमित मरीजों को निशुल्क सुविधाएं उपलब्ध करवा रही हैं, किंतु इसके बावजूद कोविड-19 मरीजों की बढ़ती संख्या को देखते हुए शासकीय संसाधन पर्याप्त नजर नहीं आ रहे हैं, तथा पूरे देश में जहां स्वयंसेवी, सामाजिक संस्थाओं एवं अन्य व्यवसायिक भवनों के भी कोविड-19 के उपयोग के रूप में जहां चर्चाएं प्रारंभ हुई थी तो इसी श्रृंखला में कोरबा शहर में भी ताराचंद जैन फाउंडेशन ने शहर के हृदय स्थल ट्रांसपोर्ट नगर में होटल महाराजा में कोविड-19 केयर सेंटर का शुभारंभ किया है, तथा इस कोविड केयर सेंटर में आने वाले संक्रमित मरीजों को बेहतर सुविधाओं के साथ समय समय पर विशेषज्ञ चिकित्सकों की सुविधाओं एवम चिकित्सीय परामर्श का लाभ मिलेगा, तो वही ताराचंद जैन फाउंडेशन द्वारा प्रारंभ किए गए होटल महाराजा के कोविड-19 केयर सेंटर में एसी डॉरमेट्री का प्रतिदिन 3000 शुल्क, एसी डीलक्स रूम का प्रतिदिन 6000 शुल्क, एवं एसी डीलक्स रूम दो फैमिली सदस्यों के लिए 10000 शुल्क पर उपलब्ध होगा।

## हिन्दी सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में 1000 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया

पायनियर संवाददाता ◀ सक्ती
www.dailypioneer.com



हिन्दी भाषा के प्रचार-प्रसार एवं विद्यार्थियों के ज्ञानवर्धन हेतु प्रयास प्रकाशन बिलासपुर छत्तीसगढ़ डॉ .विनय कुमार पाठक पूर्व अध्यक्ष छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग, निदेशक-प्रयास प्रकाशन एवं देवम प्रतिष्ठान-इंडो-बल्गेरियाई कला एवं संस्कृति संस्थान बल्गारिया संस्थापक अध्यक्ष डॉ. मौना कौशिक व्याख्याता भारत विद्या विभाग सोफिया विश्वविद्यालय, सलाहकार, परामर्शदाता प्रो.डॉ .सुधांशु शुक्ला चेयर हिन्दी आइ,सी,सी,आर वारसा विश्वविद्यालय पोलेण्ड के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित ऑनलाइन अंतरराष्ट्रीय हिन्दी सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता 2020 हिंदी राजभाषा दिवस के अवसर पर 14 सितंबर 2020 का आयोजन किया गया । कार्यक्रम के संरक्षक डॉ .विनय पाठक ने कहा कि देश का अपने ढंग का पहला ऐसा आयोजन है जिसमें हिंदी राजभाषा और साहित्य पर केंद्रित प्रश्नावली को प्रतियोगिता बतौर पूरे देश में सहभागिता की।मौना कौशिक ने बुल्गारिया से कहा कि इस तरह के आयोजन की सहभागिता करके मुझे प्रसन्नता हो रही है ।डॉ. सुधांशु शुक्ला पोलेण्ड ने कहा कि लॉकडाउन के समय में अनुशासन का पालन करते हुए पूरे देश और उसके बाहर इस अनुपम कार्यक्रम में एक नई दिशा दी है जिसके लिए है उन्होंने आयोजकों को बधाई दी । इस कार्यक्रम की संयोजिका डॉ. अनिता सिंह व्याख्याता, सेंट जेवियर्स हाई स्कूल ने इस आशातीत सफलता के कारण देश देशांतर की नई पीढ़ी हिंदी भाषा और साहित्य में ज्ञान दान करके इस आयोजन को नई ऊंचाई दी है और इसमें तकनीकी सहयोग के लिए श्रीवत सिंह, सुरभि सिंह, अनिल सिंह ,दीपिका दुबे का प्रयास सराहनीय रहा है।

## 11 कोविड-19 आईसोलेशन सेंटरों में निजी फर्म एवं संस्थाओं के सहयोग से होगी भोजन व्यवस्था

पायनियर संवाददाता ◀ सक्ती
www.dailypioneer.com



जांजगीर-चांपा जिला कलेक्टर के मार्गदर्शन में 14 सितंबर को जिला कार्यालय जांजगीर में संपन्न एक बैठक में जिले के 11 स्थानों पर स्थापित कोविड-19 आइसोलेशन सेंटर में आने वाले संक्रमित मरीजों के लिए भोजन इत्यादि की बेहतर व्यवस्था करने के संबंध में विस्तार पूर्वक चर्चा की गई,जिसमें जांजगीर-चांपा जिला कलेक्टर यशवंत कुमार के मार्गदर्शन में भोजन व्यवस्था के लिए जिम्मेदारियां दी गई हैं, जिसमें जांजगीर-चांपा जिले के चंद्रपुर शहर में स्थित श्री गोपाल जी महाप्रभु एवं चंद्रहासिनी देवी सार्वजनिक न्यास द्वारा शक्ति विकासखंड के जेठा में स्थित करीब 60 बेड वाले शासकीय क्रांति कुमार भारतीय महाविद्यालय कोविड-19 सेंटर में भोजन की व्यवस्था की जाएगी, साथ ही चंद्रहासिनी ट्रस्ट द्वारा डभरा विकासखंड के ग्राम धौराभाठा में स्थित कोविड-19 सेंटर में दो गीजर, दो वाटर फिल्टर भी लगाया जाएगा तथा इसकी सहमति न्यास के अध्यक्ष गोविंद अग्रवाल द्वारा दी गई है, इसके अलावा जिला कलेक्टर के मार्गदर्शन में संपन्न बैठक में जांजगीर के आईटीआई कुलीपोटा में स्थित 150 बेड की क्षमता वाले कोविड-19 सेंटर की भोजन व्यवस्था अटल बिहारी वाजपेई ताप विद्युत गृह मड़वा चांपा द्वारा,जांजगीर के जिला चिकित्सालय में स्थित कोविड-19 सेंटर की 80 लोगों की क्षमता वाले सेंटर में हिंद कोल एवं एनर्जी बेनिफिकेशन भिलाई द्वारा, 100 बेड वाले आकांक्षा परिसर जर्वे जांजगीर की भोजन व्यवस्था न्यू वोको विस्टस कॉरपोरेशन लिमिटेड आरस्मेटा सीमेंट प्लांट गोपाल नगर द्वारा, 128 बेड़ो वाले दिव्यांग स्कूल पेंड्री भाटा जांजगीर एवं लाइब्रेरी परिसर दिव्यांग स्कूल के बगल में पेंड्री भाटा जांजगीर की भोजन व्यवस्था आरकेएम पावरजेन प्राइवेट लिमिटेड उच्च पिंडा डभरा द्वारा, 35 सीटर वाले कृषि महाविद्यालय एवं बालक छात्रावास भवन जर्वे जांजगीर की भोजन व्यवस्था लायंस क्लब जांजगीर नैला द्वारा, डेढ़ सौ सीटर वाले शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र महुदा बलौदा की भोजन व्यवस्था राइस मिल एसोसिएशन एवं गल्ला किराना व्यापारी संघ जांजगीर द्वारा,95 सीटर वाले आईटीआई अकलतरा की भोजन व्यवस्था केएसके महानदी पावर प्राइवेट लिमिटेड नरियरा द्वारा, 130 सीटर वाले शासकीय एमआर स्नातकोत्तर महाविद्यालय चांपा की भोजन व्यवस्था प्रकाश इंडस्ट्रीज चांपा द्वारा, डेढ़ सौ मीटर वाले एकलव्य स्कूल एवं आवासीय परिसर पाल?ी खुर्द बाराद्वार की भोजन

## मंत्री चनेश राम राठिया के निधन पर कांग्रेस ने शोक संवेदना व्यक्त की

पायनियर संवाददाता ◀ रायगढ़
www.dailypioneer.com



कांग्रेस भवन रायगढ़ में अविभाजित मध्य प्रदेश एवं छत्तीसगढ़ के पूर्व कैबिनेट मंत्री स्वर्गीय चनेश राम राठिया के निधन पर कांग्रेस भवन में जिला कांग्रेस अध्यक्ष अनिल शुक्ला के द्वारा स्वर्गीय चनेश राम राठिया जी के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर 2 मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। तत्पश्चात सभी कांग्रेसियों ने पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस के अध्यक्ष ने स्वर्गीय चनेश राम राठिया जी के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए बताया की चनेश राम राठिया जी अविभाजित मध्य प्रदेश दिग्विजय सिंह के सरकार मैं कैबिनेट मंत्री रहे एवं छत्तीसगढ़ के अजित जोगी सरकार में भी कैबिनेट मंत्री रहे। धर्मजयगढ़ विधानसभा से निर्वाचित होकर आदिवासी नेता के रूप में एक अलग पहचान बनाई एवं उनके द्वारा कई महत्वपूर्ण कार्य आदिवासियों के लिए किए गए उनके निधन छत्तीसगढ़ के लिए अपूर्ण क्षति है।

## पेज 1 के शेष...

### विश्व में कोरोना से 2.91 करोड़ संक्रमित, 9.27 लाख की मौत

चुकी है। रूस में कोरोना से संक्रमित होने वालों की संख्या 10,64,438 पहुंच गई हैं तथा 18,573 लोगों ने जान गंवाई है। पेरू में कोरोना महामारी का प्रकोप बढ़ता ही जा रहा है और यह कोरोना से संक्रमित होने के मामले में वह पांचवें स्थान पर पहुंच गया है। यहां इस वायरस से अब तक 7,29,619 लोग संक्रमित हुए हैं और 30,710 लोगों की मौत हो चुकी है। कोलम्बिया में इस वायरस से अब तक 7,16,319 लोग संक्रमित हुए हैं और मृतकों की संख्या 22,924 है। वहीं मेक्सिको ने कोरोना से प्रभावित होने के मामले में दक्षिण अफ्रीका को पीछे छोड़ दिया है। यहां इससे अब तक 6,71,716 लोग संक्रमित हुए हैं तथा 71,049 लोगों की मौत हो चुकी है। दक्षिण अफ्रीका में कोरोना संक्रमितों की संख्या 6,50,749 पर पहुंच गई है तथा इस वायरस से मरने वालों की संख्या 15,499 हो गयी हैं।

स्पेन नए मामलों में वृद्धि के बाद अब नौवें स्थान पर है यहां अब तक करीब 5,93,730 लोग प्रभावित हुए हैं तथा 29,848 लोगों की मृत्यु हुई है। कोविड-19 से संक्रमित मामलों में अर्जेंटीना ने चिली को पीछे छोड़ दिया है और अब 10वें नंबर पर पहुंच गया है। यहां इस वायरस से अब तक 5,65,446 लोग संक्रमित हुए हैं और मृतकों की संख्या 11,667 है। चिली में कोरोना से 4,36,433 लोग संक्रमित हो चुके है तथा 12,013 लोगों की मौत हुई है। कोरोना से प्रभावित फ्रांस में इसकी चपेट में अब तक 4,25,870 लोग आए हैं तथा 30,958 लोगों की मृत्यु हुई है। ईरान में अब तक इस महामारी से 4,04,648 संक्रमित है जबकि 23,313 लोगों की मौत हो चुकी है।

वहीं ब्रिटेन में कोरोना से अब तक 3,73,553 लोग संक्रमित हुए हैं तथा 41,726 लोगों की मौत हुई है। कोरोना संक्रमण मामलों में बंगलादेश सऊदी अरब से आगे निकल गया है और यहां संक्रमितों की संख्या 3,39,332 हो गई है तथा 4,759 लोगों की मौत हो चुकी है। सऊदी अरब में कोरोना के 3,26,258 मामले सामने आए हैं जबकि 4,305 लोगों की मौत हो चुकी हैं।

## कोरोना से 13 लोगों की मौत, कटघोरा की बुजुर्ग महिला ने तोड़ा दम

पायनियर संवाददाता ◀ कोरबा
www.dailypioneer.com

नगर पालिका कटघोरा क्षेत्र के एक गांव में 80 साल की बुजुर्ग महिला की कोरोना से मौत हो गई। इसके साथ ही जिले में कोरोना संक्रमित मौत का आंकड़ा 13 पहुंच गया। सोमवार को सिंचाई विभाग के कार्यपालन यंत्री समेत 13 लोगों की रिपोर्ट पॉजिटिव मिली।

अधिकारिक जानकारी के अनुसार संक्रमित बुजुर्ग महिला के परिवार के दो सदस्य पहले से कोरोना संक्रमित पाए गए थे। इसके बाद रविवार को स्वास्थ्य विभाग ने एंटीजन टेस्ट के जरिए महिला की कोरोना जांच की थी। महिला को सांस लेने में तकलीफ थी। रिपोर्ट पॉजिटिव आने पर उपचार के लिए रविवार की रात उसे कोविड हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था। जहां देर रात उसने दम तोड़ दिया। कोरोना वायरस से हुई अब तक मौत में महिला सबसे अधिक बुजुर्ग हैं। इधर स्वास्थ्य विभाग के कार्यालय में कोरोना पहुंच गया। मेडिकल कॉलेज रायगढ़ से मिली रिपोर्ट में सीएमएचओ कार्यालय में पदस्थ एक दंत चिकित्सक, शहरी कार्यक्रम प्रबंधक कोरोना संक्रमित मिले हैं। जिले में 13 लोगों की आरटीपीसीआर जांच रिपोर्ट पॉजिटिव आई। इसमें सिंचाई विभाग के कार्यपालन यंत्री समेत एसईसीएल मेन अस्पताल के दो कर्मीए रजगामार ओमपुर के दो लोग कोविड संक्रमित मिले हैं। आरामशीन, एमपी नगर, खरमोरा, शिवाजी नगर, एनटीपीसी टाउनशिप, बाल्को और सीतामढ़ी फारेस्ट कॉलोनी से एक-एक संक्रमित की पहचान हुई।


## छ.ग. शासन वनविभाग बिलासपुर, वनमंडल बिलासपुर (छत्तीसगढ़)

### कोटा काष्ठागार नीलाम की संक्षिप्त सूचना

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि बिलासपुर वनमंडल के कोटा विक्रय काष्ठागार डिपो (बिलासपुर) में संग्रहित ईमारती, काष्ठ, जलाऊ चट्टों, अपलेखित राजसात वाहन 28 नग एवं शासकीय सामग्री का घोष विक्रय/नीलाम द्वारा निर्वतन निम्नानुसार दर्शित तिथि एवं समय में किया जावेगा। इच्छुक क्रेता से अनुरोध है कि वे घोष विक्रय/नीलाम में भाग लेवें। घोष विक्रय की शर्तें एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन समय पर वनमण्डल कार्यालय/विक्रय काष्ठागार कोटा से प्राप्त की जा सकती है। कृपया बोली लगाने के पूर्व वनोपज, अपलेखित राजसात वाहन एवं शासकीय सामाग्री का स्वतः स्थल निरीक्षण कर लेवें।

**नीलाम दिनांक :- 28.09.2020**
**नीलाम स्थल :- विक्रय काष्ठागार कोटा**
**समय :- 9.00 बजे प्रातः से**

**वनोपज की अनुमानित मात्रा निम्नानुसार है :-**

| क्र. | प्रजाति | नया | | | | | पुराना (अविक्रीत काष्ठ) | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | लट्ठा | बल्ली | जलाऊ | व्यापारी/औ. बांस | | लट्ठा | बल्ली | जलाऊ | व्यापारी/औ. बांस | |
| | | घ.मी. | नग | चट्टा | नग | नो. टन | घ.मी. | नग | चट्टा | नग | नो. टन |
| 1. | सागौन | 6.000 | 190 | - | - | - | 29.175 | 96 | - | - | - |
| 2. | साल | 0.600 | - | - | - | - | 49.560 | 52 | - | - | - |
| 3. | बीजा, तिंसा शीशम | 0.150 | - | - | - | - | 24.397 | 14 | - | - | - |
| 4. | साजा | 0.200 | - | - | - | - | 22.745 | 31 | - | - | - |
| 5. | हल्दु, मुण्डी, खम्हार | 2.500 | - | - | - | - | 0.130 | 18 | - | - | - |
| 6. | धावड़ा | - | - | - | - | - | 1.794 | 10 | - | - | - |
| 7. | अन्य | 12.500 | 300 | - | - | - | 119.140 | 208 | - | - | - |
| 8. | जलाऊ | - | - | 37 | - | - | - | - | 26 | - | - |
| 9. | औद्यो. बांस | - | - | - | 89 Ban. | 0.980 | - | - | - | 415 Ban. | 5.400 |
| 10. | निरसा लॉट | - | - | - | - | - | - | 16 | - | - | - |
| | **योग** | **21.950** | **490** | **37** | **89** | **0.980** | **246.941** | **445** | **26** | **415** | **5.400** |
| 11. | सकरी डिपो | - | - | 70 | - | - | - | - | - | - | - |

**टीपः**-विक्रय काष्ठागार कोटा में रखे गये विभिन्न प्रकार के अपलेखित राजसात वाहन 28 नग एवं शासकीय सामाग्री नीलाम हेतु प्रसाहित किया गया है, जिसका नीलाम द्वारा विक्रय किया जाना है। (अ) ईमारती काष्ठ, जलाऊ के पश्चात् अपेलिखत सामग्री, नीलाम किया जावेगा। (ब) क्रेता को पेन नं. एवं रजिस्ट्रेशन वर्ष 2020 तथा जी.एस.टी. नं. की छायाप्रति प्रस्तुत करना अनिवार्य है। (ग) क्रेता को नीलाम में मास्क लगाकर बैठना एवं सेनेटाईजर तथा सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करना अनिवार्य है। (द) विस्तृत जानकारी cgforest.com पर देखा जा सकता है।

**वनमंडलाधिकारी**
**बिलासपुर वनमंडल बिलासपुर (छ.ग.)**

**जी-83696/9**

## क्विक न्यूज

### पत्नी और 8 माह के बच्चे की हत्या कर पति फरार



**मुंगेली।** जिले के फॉस्टरपुर थाने के अंतर्गत ग्राम लगरा में बीती रात एक दिल दहलाने का मामला सामने आया है जिसमें पति ने अपनी पत्नी और 8 माह के बच्चे की हत्या कर फरार हो गया। पूरा मामला फॉस्टरपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम लगरा का है जहां आरोपी बसंत चंद्राकर पिता इतवारी चंद्राकर उम्र ने अपनी पत्नी लता बाई चंद्राकर और 8 माह के बच्चे की हत्या कर दी, और मौके से फरार हो गया,, जानकारी मिलते ही आला पुलिस अधिकारी सहित फॉस्टरपुर पुलिस मौके पर पहुच कर विवेचना में जुट गई है।

### नाबालिग ने अज्ञात कारणों से किया जहर सेवन

**रायगढ़।** घरघोड़ा क्षेत्र के ग्राम टेरम में एक नाबालिग द्वारा अज्ञात कारणों से जहर सेवन की जानकारी मिलने के बाद पुलिस ईआरव्ही वाहन तत्काल मौके पर पहुंची और पीड़ित बालिका को अस्पताल पहुंचा कर उसकी जान बचाई। इस संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक घरघोड़ा राइनो को ग्राम टेरम में रहने वाली 16 वर्षीय बालिका द्वारा अज्ञात कारणों से घर में रखे कीटनाशक का सेवन कर लिए जाने पर घरवालों द्वारा डॉयल 112 को मेडिकल इमरजेंसी का इेंवट दिया गया।

### कांग्रेसियों ने चलाया वैशाली नगर में सफाई अभियान

**भिलाई।** कोरोना संक्रमण काल में वैशाली नगर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और टंकी क्र. 3 गार्डन में कांग्रेसियों ने रविवार को स्वच्छता अभियान के तहत साफ-सफाई की। वार्डवासियों भी इस कार्य में अपना योगदान दिया। प्लास्टिक के कचरे को अलग की गई। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में सफाई के साथ सेनेटाइज की गई। कार्यक्रम में संयोजक पूर्व पार्षद लालचंद वर्मा, अजय शिरबोकर और नीलेश चौबे लगातार तीसरे रविवार को इस अभियान के तहत हमर भिलाई को स्वच्छ करने मुहिम छेड़ा गया है।

# बाढ़ प्रभावितों को अब तक राहत राशि का वितरण नहीं होने पर बिफरे कलेक्टर

## कलेक्टर ने प्रकरणों के निराकरण के संबंध में वन-टू-वन जानकारी

पायनियर संवाददाता ✓ मुंगेली
www.dailypioneer.com



कलेक्टर पी.एस. एल्मा ने आज जिला कलेक्टोरेट स्थित मनियारी सभा कक्ष में महत्वपूर्ण विभागों के अधिकारियों की बैठक लेकर साप्ताहिक समय सीमा के प्रकरणो के निराकरण के संबंध मे वन-टू-वन जानकारी प्राप्त की। बैठक में कलेक्टर श्री एल्मा ने विगत माह हुए बारिष से जनहानि, पशुहानि, मकान एवं फसलक्षति के प्रकरणों के संबंध में वितरित की गई राहत राशि की समीक्षा की। उन्होने कहा कि जिले में 10 जन हानि, 50 पशु हानि एवं 952 मकान क्षति और 1 हजार 146 हेक्टेयर क्षेत्र में फसल क्षति हुई है। राज्य शासन द्वारा प्रभावित संबंधितों को मुआवजा राषि प्रदान कराने के लिए पर्याप्त मात्रा में राहत राषि उपलब्ध कराई गई है। लेकिन अब तक संबंधितों को राहत राषि का वितरण नही किया गया, जिस पर उन्होने अपनी गहरी नराजगी व्यक्त की और राहत राषि का वितरण यथा षीघ्र करने के निर्देश दिये। बैठक में उन्होने अचानकमार टाइगर रिजर्व (एटीआर) क्षेत्र के लोगों के विस्थापन के संबंध में जानकारी प्राप्त की। बैठक में उन्होने लोगों के विस्थापन के लिए भूमि चिहान्कित करने के लिए लोरमी अनुविभाग के अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को निर्देष दिये। बैठक में कलेक्टर श्री एल्मा ने कहा कि राजस्व और कृषि विभाग के मैदानी अमलों द्वारा किसानों के खेतो में पहुँचकर युद्धस्तर पर गिरदावली का कार्य किया जा रहा है। जिले में अब तक 94.54 प्रतिषत गिरदावली का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। इस पर उन्होने अपना संतोष व्यक्त किया। इसी तरह उन्होने समर्थन मूल्य पर धान विक्रय हेतु कृषकों के पंजीयन के संबंध में जानकारी प्राप्त किया और धान विक्रय करने वाले अधिक से अधिक नए किसानो का पंजीयन करने के निर्देष दिये। बैठक में उन्होने राज्य शासन की महत्वाकांक्षी योजना नरवा, गरूवा, घुरूवा बारी के कार्यो की प्रगति की समीक्षा की। उन्होने इन योजनाओं के तहत निर्मित गोठानों में शेड़ निर्माण और वर्मी कम्पोस्ट खाद निर्माण की प्रगति की जानकारी प्राप्त की और संबंधितों को आवष्यक निर्देश दिये। बैठक में कलेक्टर श्री एल्मा ने विद्युत विभाग में लंबित कार्यो की जानकारी प्राप्त की और जिले के 13 किसानों के खेतो में लगाई जाने वाली लंबित ट्रांसफर्मर के प्रकरणों को निराकृत करने के निर्देश दिये।

बैठक में कलेक्टर श्री एल्मा ने जिले में किसानों के लिए यूरिया खाद की उपलब्धता की समीक्षा की और डबल लॉक, सिंगल लॉक और सहकारी समितियों में रासायनिक खाद यूरिया भंडारित करने के निर्देष दिये। इस अवसर पर अपर कलेक्टर राजेष नषीने, सभी अनुभाग के अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, खाद्य, सहकारिता, मार्कफेड़ नागरिक आपूर्ति निगम, विद्युत, स्वास्थ्य और कृषि विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

## लॉकडाउन में सीमेंट एवं किराना दुकान खुले पाए जाने पर लगाया जुर्माना

पायनियर संवाददाता ✓ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

जिला दिन-ब-दिन करोना ग्रसित होते जा रहा है करोना जिलेवार संख्या लगभग 1000 की संख्या पहुंच गई है इसकी पुष्टि सीएमएचओ डॉ सतीश शर्मा रिपोर्ट के आधार पर पुष्टि की जाती है कोरोना मरीज के इलाज के लिए लवलीहुड कॉलेज चोरभट्टी एवं जिला हॉस्पिटल बेमेतरा को कोविड-19 सेंटर बनाया गया है। बेमेतरा जिला में बढ़ते संक्रमित को देखते हुए कलेक्टर शिव अनंत तायल द्वारा 13.सितंबर से 20.सितंबर तक पूरे जिले में लॉकडाउन लगाया गया है अनिवार्य सेवा सब्जी फल बेकरी दूध एवं मेडिकल को छोड़कर सभी दुकान पूर्णता बंद करने का आदेश जारी किया गया है आदेश के परिपालन नहीं करने पर बिना मास्क के घूमने निकलने वाले के ऊपर 200 का समझौता शुल्क लिया जाना है लॉकडाउन के उल्लंघन करने वाले के ऊपर कड़ी से कड़ी कार्रवाई किए जाने के निर्देशित किया गया है 15सितंमर को लॉकडाउन का उल्लंघन करने पर छड़ सीमेंट वाले एवं किराना व्यवसाई के ऊपर 5500 रूपया समझौता शुल्क लेकर दुकाने बंद करवाई गई स्वच्छता निरीक्षक श्रीनिवास द्विवेदी ने बताया की अनिवार्य सेवा को छोड़कर अन्य कारणों से लोगों का घरों से निकलने पर पर प्रतिबंध लगाया गया है बेवजह घर से बाहर ना निकले इस वैश्विक महामारी से बचने के लिए आम नागरिक एक दूसरे से सोशल डिस्टेंस बनाए रखें एवं मास्क लगाकर ही अपने घर से अति आवश्यक होने पर ही बाहर निकले नगर पालिका परिषद बेमेतरा के मुख्य नगरपालिका अधिकारी होरी सिंह ठाकुर के आदेश पर स्वच्छता निरीक्षक श्रीनिवास द्विवेदी द्वारा अपने बेमेतरा नगर के प्रत्येक वार्डों मे सफाई मित्रों के साथ मिलकर डोर टू डोर सोडियम हाइपोक्लोराइट छिड़काव ब्लीचिंग पाउडर छिड़काव सफाई कर्मचारी द्वारा कराया जाता है सफाई मित्र कॉविड केयर सेंटर में कोरोनावायरस से संक्रमित लोगो को सेवाएं दे रहे हैं कोविड-19 सेंटर में सफाई कर्मचारी द्वारा टॉयलेट सफाई झाड़ू पोछा एवं सोडियम हाइपोक्लोराइट का छिड़काव करते रहते हैं मरीज के अभिवादन से ही मिलती है कार्य करने की ऊर्जा सफाई व्यवस्था की जिम्मेदारी स्वच्छता निरीक्षक श्रीनिवास द्विवेदी सफाई जमादार तुलेश्वर चौहान संभाल रहे हैं सुपरवाइजर द्वारा कॉविड केयर सेंटर में रहकर स्वास्थ्य लाभ लेने के बाद मरीज घर लौटते समय जब उनकी सेवा और चिकित्सा व्यवस्थाओं को लेकर संतुष्टि जाहिर करते हैं वही संतुष्टि और अभिवादन ही हमारे साथियों के मन को बिना किसी झिझक के नियमित कार्य करने की ऊर्जा से भर देता है।

## मोहन मरकाम के जन्मदिन पर कांग्रेसियों ने मरीजों को फल बांटा, किया आर्थिक मदद


पायनियर संवाददाता ✓ देवभोग
www.dailypioneer.com



पीसीसी चीफ मोहन मरकाम के जन्मदिन पर कांग्रेसियों ने विधायक प्रत्याशी और जिला पंचायत उपाध्यक्ष संजय नेता के नेतृत्व में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र देवभोग पहुंच कर मरीजो को फल बांटे वही आर्थिक मदद भी की क्षेत्र के दौरे पर निकले नेताम जहाँ मरीजों की मदद की वही मरीजों को समस्या भी जाना और डाक्टर से चर्चा कर हर सम्भव मरीजों के इलाज व मदद करने के निर्देश दिये। जिला पंचायत उपाध्यक्ष संजय नेताम ने स्वास्थ्य केन्द्र का निरीक्षण किया वही सोशल डिस्टेंट का पालन करते हुए मरीजों व उनके परिजन से चर्चा कर हर सम्भव मदद करने की बात कही । लंबे अरसे से ब्लड बैंक के मांग के प्रश्न पर नेताम ने कहा जल्द पूरा होगा । उनके साथ जिला उपाध्यक्ष अलतमस खान, आईटी सेल विन्द्रानवागढ़ नंदकुमार बघेल, महासचिव मैनपुर हरिश्वर पटेल, संयोजक युवा कांग्रेस तरूण नागेश, एन एस यु आई अध्यक्ष अमलीपदर धर्मेन्द बघेल,गुंजेश कपिल, हुकुमत यादव,कुलदीप सोनी,सुधीर अग्रवाल सहित कई कार्यकर्ता उपस्थिति थे।

## कलेक्टर ने 40 से अधिक लोगों की समस्याएं सुनी

पायनियर संवाददाता ✓ रायगढ़
www.dailypioneer.com



कलेक्टर भीम सिंह ने सोमवार को अपने कक्ष में 40 से अधिक लोगों की समस्यायें सुनी। उन्होंने अपने कक्ष में सभी लोगों से मिलकर उनकी समस्याओं से अवगत होकर इन लोगों के द्वारा दिए गए आवेदनों पर शासन द्वारा बनाए गए नियमों के अनुसार जांच कर कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर के पास अपनी समस्याएं लेकर आए लोगों में महिला और पुरूष सम्मिलित थे। उन्होंने अंत्यावसायी योजना के अंतर्गत महिला को गण स्वीकृति के बाद भी बैंक के फील्ड आफिसर द्वारा विलंब करने पर अंत्यावसायी निगम के अधिकारियों को निर्देशित किया कि स्टेट बैंक ऑफ इंडिया से शीघ्र गण दिलाये। इसी प्रकार उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी को प्रायवेट जानकी कालेज द्वारा छात्रा से बीएड की परीक्षा के लिये अतिरिक्त फीस मांगने की जांच और सेवानिवृत्ति के पश्चात पेंशन प्रकरण नहीं तैयार करने और स्थानांतरण संबंधी आवेदन की जांच कर कार्यवाही करने के निर्देश दिए। कलेक्टर भीम सिंह से मिलकर आवेदन प्रस्तुत करने वाले प्रकरणों में सामाजिक सुरक्षा पेंशन प्रदान करने, बीपीएल राशन कार्ड बनाने, जमीन अधिग्रहण के बाद उद्योग प्रबंधन द्वारा नौकरी नहीं देने, प्रधानमंत्री आवास दिलाने, लारा एनटीपीसी प्रबंधन से नौकरी के लिये प्रवेश पत्र नहीं प्राप्त होने संबंधित प्रकरण सम्मिलित है। कलेक्टर भीम सिंह ने प्राप्त आवेदनों पर जांच कर आवश्यक कार्यवाही कर निराकरण करने के लिए संबंधित विभागों को भेजने तथा की गई कार्यवाही से अवगत कराने के निर्देश दिए।

## निःशुल्क वाहन सुविधा से जिले के 164 छात्र-छात्राएं नीट की परीक्षा दिलाने हुए रवाना

पायनियर संवाददाता ✓ बालोद
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा छात्रों के हित में लिए गए निर्णय से जिले के 164 छात्र-छात्राओं ने नीट की परीक्षा दिलाने दुर्ग-भिलाई, रायपुर, बिलासपुर के लिए निःशुल्क वाहन बसों और स्कार्पियों से रवाना हुए। बालोद एस.डी.एम. व नोडल अधिकारी सिल्ली थामस ने बताया कि कलेक्टर जनमेजय महोबे के मार्गदर्शन में नीट के परीक्षार्थी छात्र-छात्राओं को दस बसों और दो स्कार्पियों से परीक्षा केन्द्रों के लिए रवाना किया गया। जिसमें बालोद विकासखण्ड से 32, गुरूर विकासखण्ड से 51, गुण्डरदेही विकासखण्ड से 17, डौण्डी विकासखण्ड से 31 और डौण्डीलोहारा विकासखण्ड से 33 छात्र-छात्राएँ शामिल थे। उन्होंने बताया कि वाहनों को रवाना करने से पूर्व सेनिटाइज कराया गया। छात्र-छात्राओं को स्वल्पाहार तथा पेयजल भी दिया गया। छात्र-छात्राओं ने शासन द्वारा लिए गए निर्णय से प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि वर्तमान समय में परिवहन सेवाएँ बंद होने के कारण नीट की परीक्षा में शामिल होने के लिए दूसरे शहरों में परीक्षा दिलाने जाना मुश्किल हो गया था, लेकिन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निर्देश पर जिला प्रशासन द्वारा दूसरे शहरों में स्थित परीक्षा केन्द्रों तक पहुँचाने और वापस लाने के लिए निःशुल्क वाहन की सुविधा उपलब्ध करायी गई।

## यातायात विभाग की ओव्हर लोड रेत परिवहन करने वाले पर कार्यवाही से हड़कंप

पायनियर संवाददाता ✓ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



- छह हाईवा व सात डाला ट्रकों के साथ दो ट्रैक्टर जब्त

यातायात विभाग द्वारा ओव्हर लोड रेत परिवहन करने वाले परिवहकर्ताओं पर लगातार कार्यवाही जारी रखे हुए है इससे रेत माफियायों में हडकंप का माहौल है वही रेत माफिया लगातार सत्ता के गलियारों में बैठे अपने आकाओं से यातायात की कार्यवाही में दबाव बनाने में जुटे हुए है ।

बलौदाबाजार यातायात विभाग द्वारा ओव्हर लोड गाड़ियों में लगातार कार्यवाही जारी रखे हुए है जिसके कारण रेत माफियाओं में हडकंप का माहौल है । बीती रात्रि भी रेत से भरी हाईवा व डाला ट्रकों में पर कार्यवाही की गयी एवं छह हाईवा व सात डाला ट्रकों को जप्त किया गया साथ ही दो टेक्टर भी जप्त किये गये । इसके पूर्व भी तीन बल्कर गाड़ियों को भी ओव्हर लोड में जब्त किया गया था । यातायात प्रभारी प्रमोद कुमार सिह की लगातार कार्यवाही से रेत माफियाओं में हडकंप की स्थिति मंची हुई है वही सत्ता के गलियारों से लेकर वर्तमान में सत्ताविहीन हो चुके उपरी आकाओं से ये रेत माफिमया लगातार दबाव बनाने में जुटे हुए है ताकि उनकी गाड़ियों को न पकडा जाये और वे बेखौफ रेत का परिवहन कर अपनी कमाई करते रहे । यातायात प्रभारी प्रमोद कुमार सिह ने बताया कि पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक निवेदिता पाल के दिशानिर्देशन पर लगातार कार्यवाही जारी है और इसी के तहत बीती रात्रि ओव्हर लोड रेत से भरी टक्रो एव हाईवा पर जप्ती कार्यवाही की गयी है । तथा यह कार्यवाही आगे भी जारी रहेगी।

### ऑक्सीजन की कमी के कारण सांस फूलने से मौत

**तिल्दा।** तेजी के साथ बढ़ रहे कोरना के साथ अब मौतों का सिलसिला भी शुरू हो गया है। सोमवार को सुबह सामुदायिक स्वास्थ केंद्र में एक युवक की ऑक्सीजन की कमी के कारण सांस फूलने से मौत हो गई। ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर डॉक्टर आशीष सिन्हा ने बताया कि बहेसर निवासी 42 वर्षीय श्याम कुमार यादव को अचानक श्वास लेने में तकलीफ होने पर अस्पताल लाया गया था। श्री सिन्हा ने बताया की बहेसर से सुचना मिली की एक युवक को साँस लेने में तकलीफ हो रही है । मरीज को तत्काल 108 से ऑक्सीजन लगाकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तिल्दा लाया गया। परिस्थितियों को देखकर उसकी तत्काल कोरोना टेस्ट कराया गया जिसमें वह पॉजिटिव पाया गया। उसका उपचार जारी ही था कि उसकी मौत हो गई। तिल्दा में इस तरह की पहली मौत है। हालांकि इसके पहले भी मौत की खबरें आती रही है। लेकिन डॉक्टरों द्वारा उनकी पुष्टि नहीं की गई थी। उसके उपरांत तिल्दा के ही वार्ड क्रमाक 22 में शमशान धाट में शव का अंतिम संस्कार नायब तहसील दार एंवम प्रशासनिक अधिकारी द्वारा शासकिय गाईडलाईन के आदेशनुसा किया गया मृतक के परिवार के लोग भी थे।

## बिना मास्क के चलने वाले व्यक्तियों के विरूद्ध की गई चालानी कार्यवाही



पायनियर संवाददाता ✓ मुंगेली
www.dailypioneer.com

पुलिस अधीक्षक मुंगेली अरविंद कुमार कुजूर के निर्देशानुसार चलाये जा रहे अभियान के तहत अति. पुलिस अधीक्षक कमलेश्वर चंदेल , एसडीओपी मुंगेली तेजराम पटेल के मार्गदर्शन पर थाना सिटी कोतवाली मुंगेली प्रभारी निरीक्षक विश्वजीत सिह एवं स्टाफ के साथ विगत् 03 दिनों में कोविड-19 (कोरोना) वायरस संक्रमण के दौरान शासन के नियमों के उल्लंघन करने वाले बिना मास्क लगाये घुमने वाले 69 व्यक्तियों का चालान काटा गया तथा बिना मास्क के चलने वाले व्यवसायियों 1. मुकेश पिता कृष्ण कुमार श्रीवास 33 वर्ष निवासी बामपारा मुंगेली 2. संजय पिता अश्वनी श्रीवास उम्र 28 वर्ष निवासी चारभाठा 3. खेमचंद पिता स्व. लतेल श्रीवास उम्र 32 वर्ष निवासी मुंगेली 4. प्रेम पिता राजराम श्रीवास उम्र 19 वर्ष निवासी बामपारा 5. सुनील श्रीवास पिता मोहन श्रीवास उम्र 30 वर्ष निवासी संगवा देवरी 6. पुरूराज साहू पिता थनवार साहू 22 वर्ष निवासी रामगढ 7. सुजय कुर्रे पिता जगदीश कुर्रे उम्र 30 वर्ष निवासी रेंहुटा 8. राजेन्द्र साहू पिता बोधीराम साहू उम्र 27 वर्ष निवासी रामगढ 9. ईश्वर सोनकर पिता जीतराम उम्र 36 वर्ष निवासी रामगढ 10. रविशंकर टंडन पिता मेवाराम टंडन उम्र 18 वर्ष निवासी बीरगांव के विरूद्ध कार्यवाही की गई।

### 1 सप्ताह का पूर्ण लाकडॉउन



**मुंगेली।** जिले में बढ़ते कोरोना के प्रभाव को देखते हुए जिला कलेक्टर पी एस एल्मा ने जिले में 1 सप्ताह का पूर्ण लाकडाउन किया है , जो 17 सितंबर से 23 सितंबर तक लागू रहेगा । गौरतलब हो कि पिछ्ले कुछ समय से जिले में लगातार कोरोना संक्रमण के मामलो में बढोत्तरी हुई है, जिसके कारण कुछ लोगो को अपनी जान भी गवानी पडी है। जारी आदेष में अत्यावश्यक सुविधाएं जैसे मेडिकल दूध सब्जी पेट्रोल पंप वर्तमान में जिले में कोरोना मरीजों की संख्या लगभग 781 तक पहुच गई है जिसमें 319 मरीजो को डिस्र्चाज किया जा चुका है। वर्तमान में 462 एक्टिव केस है। जिला कलेक्टर ने लोगो से अपील की है कि इस वैष्विक महामारी के फैलाव को देखते हुए अनावष्यक घरो से न निकले और मास्क का प्रयोग करें।

**सरपंचों से ब्याज में पैसा लेकर काम कराना पड़ रहा है.**

## सरपंचों के मानदेय राशि बढ़ाने का किया शंखनाद

पायनियर संवाददाता ✓ मुंगेली
www.dailypioneer.com



सरपंच संघ अध्यक्ष रामनिवास फ फौजी भाई की अध्यक्षता में 120 सरपंचों की उपस्थिति में बैठक आहूत किया गया जिसमें सभी सरपंचों ने एक स्वर में अपनी मानदेय राशि 2000 से बढ़ा कर 15000 और साथ में महंगाई, वाहन, सफर, स्टेशनरी भत्ता के रूप में 5000 देने की मांग रखे । वहीं अध्यक्ष फौजी भाई ने सरपंचों के मानदेय राशि बढ़ाने का समर्थन करते हुए वर्तमान में सरपंचों की दयनीय स्थिति से अवगत कराते हुए कहा कि आज ऐसे भी सरपंच हैं जिनको अपना घर परिवार चलाना मुश्किल हो रहा है क्योंकि लोक प्रियता या आरक्षण से मजदूर वर्ग के भाई बहन सरपंच बन गए हैं और ओ अब अपने कर्तव्य निभाने अपने जनता के सेवा में गांव के विकास के लिए हमेशा जनपद पंचायत, व जिला जिला पंचायत जाना पड़ता है इस वजह से वह मजदूर वर्ग के सरपंच जो किसानी, मजदूरी कर अपने परिवर चलता था वह मजदूरी भी नहीं कर सकता , और 2000 की मानदेय राशि में क्या उनके परिवार का गुजर बसर हो सकता है और अगर सरपंच मजदूरी भी करता है तो उसका पद के गरिमा का भी सवाल हैजनता का भी अनेकों कार्य बाधित होगा। अतः स्तरीय पंचायतीराज व्यवस्था के तीनों स्तर जिला पंचायत, जनपद पंचायत, और ग्राम पंचायत के सभी जनप्रतिनिधियों के मानदेय राशि बढ़ाने की बात फौजी भाई रखे। सभा में विशिष्ट अतिथि जवाहर साहू , नंदकुमार वैष्णो जी और मुख्य अतिथि माननीय छाया विधायक सोनू चंद्राकर जी ने सरपंच सभा को संबोधित करते हुए कहा कि वास्तव में तीनों स्तर का मानदेय बढ़ना चाहिए और मै मुंगेली जिला के सभी सरपंच अध्यक्षों के साथ अपने मांग रखने मुख्यमंत्री से मिलने की बात कहे। मुख्य अतिथि ने सभी समस्याओं का निदान करने का आश्वासन देते हुए कहा कि किसी भी प्रकार का समस्या होती है तो मुझे फोन से अवगत कराएं । सभा में उपस्थित संघ के संरक्षक रामजी साहू ने सरपंचों को हो रहे कई तरह की समस्या जैसे डी एस सी भुक्तान, नरेगा का राशि 6-7 माह तक नहीं मिलना जिससे पंचायत के विकाश रुक सा गया है और सरपंचों को ब्याज से पैसे लेकर निर्माण कार्य करना पड़ रहा है जिससे सरपंच काफी परेशान है।

## पढ़ई तुंहर द्वार के क्रियान्वयन में जिले के शिक्षकों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

पायनियर संवाददाता ✓ भाटापारा
www.dailypioneer.com

राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं में से एक पढ़ई तुंहर द्वार के क्रियान्वयन में जिले के शिक्षकों ने पूरे राज्य में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। जिले के शिक्षक राज्य में सबसे अधिक आनलाइन क्लासों का संचालन एवं आनलाइन क्लास में सबसे अधिक विद्यार्थियों के जुड़ने वाले छात्रों के रिपोर्ट अनुसार बलौदाबाजार-भाटापारा जिला ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। पूरे राज्य में पलारी विकासखण्ड के अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गूमा के व्याख्याता दिलीप बंदे ने पूरे राज्य में पहला स्थान प्राप्त किया है। उसी तरह दूसरे स्थान पर गिरिश पटेल व्याख्याता शासकीय हाई स्कूल सेम्हराडीह विकासखण्ड बलौदाबाजार एवं तृतीय स्थान मोहन लाल चन्द्राकर व्याख्याता शासकीय उच्चतर माध्यमिक करहीबाजार विकासखण्ड भाटापारा, कौशिक मुनि त्रिपाठी व्याख्याता शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चांपा विकासखण्ड बलौदाबाजार ने आठवें स्थान पर एवं राजेश कुमार साहू व्याख्याता शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डमरू विकासखण्ड बलौदाबाजार नवें स्थान पर जगह बनाया है। इसके साथ ही रमेश कुमार नेगी व्याख्याता अंग्रेजी शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला रिसदा विकासखण्ड बलौदाबाजार अठारवें स्थान पर जगह बनाने में सफल रहे। साथ ही साथ ऑफलाइन क्लास संचालन में निहारिका शर्मा सहायक शिक्षक शासकीय प्राथमिक शाला चुचरूंगपुर,सीमा मिश्रा शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला खम्हरिया,रिचा बाला शासकीय प्राथमिक शाला कामता,शशि तिवारी पूर्व माध्यमिक शाला खोखली एनीलिमा राजपाल शासकीय प्राथमिक शाला खोखली एवं ऋतु वर्मा शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला हथबंद ने हमारे जिले का नाम राज्य स्तर पर रोशन कर रहे है। जो हमारे जिले लिए बहुंत ही गर्व की बात है।

# विभाग की उदासीनता व जिम्मेदारों की लापरवाही बनेगी विनाश का कारण, अधीक्षक ने कहा डीन को लेटर भेजा गया है, डीन ने कहा मुझे पता ही नहीं

## मेडिकल कालेज अस्पताल की व्यवस्था सम्हालना प्रदीप के बस का नहीं, आम जनता मर रही और अधिकारी मैसेज मैसेज खेल रहे

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

पिछले कई माह से कोविड-19 के संक्रमण से जूझ रहे राजनाँदगाँव जिले में अब ऐसा लगने लगा है जैसे कोरोना संक्रमण से ज्यादा मौतें मेडिकल कालेज अस्पताल व स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही की वजह से हो जाएंगी. मेडिकल कालेज अस्पताल के अधीक्षक डाक्टर प्रदीप बेक, डीन रेणुका गहिने सहित लगभग सभी जिम्मेदार लोगों ने व्यवस्था नहीं सुधारने का जैसे प्रण ले लिया है और अब कोरोना से कम बल्कि अन्य बीमारियों का इलाज नहीं होने से लोग काल के गाल में ज्यादा समाने लगे हैं। गौरतलब है कि मेडिकल कालेज अस्पताल के लगभग सभी विभागों के डाक्टरों को एक के बाद एक कोरोना पॉजिटिव पाया गया है जिसके वजह से साधारण सी बीमारियों का भी इलाज वहां नहीं हो पा रहा है. अस्पताल के दो डाक्टर तो बिना किसी आवेदन के भाग चुके हैं और अन्य डाक्टर या तो आइसोलेशन में हैं या फि अपने घर पर क्वारेंटीन हो चुके हैं. अब ऐसे में नर्स और वार्ड बॉय लोगों के भरोसे अस्पताल का संचालन किया जा रहा है. इस स्थिति को सुधारने के लिए अस्पताल अधीक्षक प्रदीप बेक कोई गंभीर कदम नहीं उठा रहे हैं. पिछले एक महीने पहले से स्थिति बिगड़ने के बाद भी पांच दिन पहले उन्होंने मेडिकल कालेज की डीन रेणुका गहिने को पात्र लिखकर व्यवस्था सुधारने की बात कही है जबकि यह काम बहुत पहले हो जाना था. ये समय ऐसा है जब अस्पताल में चौबीसों घंटे प्रदीप बेक को रहकर आम जनता के हित के लिए काम करना चाहिए लेकिन वो स्थायी तौर पर मुख्यालय में नहीं रहते और आम जनता का फोन भी बमुश्किल ही रिसीव करते हैं. स्वास्थ्य विभाग भी इन मामलों में कोई गंभीरता नहीं दिखा आरहा है और निजी अस्पतालों को मनमानी करने की छूट दे दी गई है. पिछले दो दिनों में ऐसे कई केस सामने आये जिसमे यदि विभाग के लोगों ने ध्यान दिया होता तो शायद एक महिला की जान बच जाती और कई लोगों को रायपुर रिफर होकर नहीं जाना पड़ता।






### भाग खड़े हुए डाक्टर, नर्सों ने सम्हाला मोर्चा, निजी अस्पताल आपदा को बदल रहे अवसर में

करना संक्रमण के इस कल में धरती के खुदा कहे जाने वाले मेडिकल कालेज अस्पताल के दो डाक्टर विभाग को बिना कोई सुचना दिए पहले ही भाग खड़े हुए हैं . उनके जाने के बाद अब तक अस्पताल की नर्सों ने मोर्चा सम्हाला हुआ है और नार्मल डिलीवरी वही सम्हाल रही हैं । कुछ दिनों पहले एक गर्भवती महिला का केस बिगड़ने के बाद हुए हंगामे की वजह से सिजेरियन को बंद कर दिया गया है जिससे गर्भवती महिलाओं पर संकट के बादल छाए हुए हैं और जसभी महिलाओं को दुसरी जगह रिफर किया जा रहा है . गौरतलब है की राजनाँदगाँव मेडिकल कालेज अस्पताल में खैरागढ़ , छुईखदान , मोहला , मानपुर , चौकी ,डोंगरगांव सहित बालोद के मरीजों का भी उपचार किया जाता है और रोज इनकी संख्या लगभग 20 से 25 के बीच होती है लेकिन अब सिजेरियन न होने की वजह से उन सभी महिलाओं को बाहर भेजा जा रहा है . अब इस माहौल से निजी अस्पतालों ने फायदा कमाना शुरू कर दिया है और सिजेरियन व नार्मल डिलीवरी का अलग से दर तय कर दिया गया है. सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार नार्मल डिलीवरी का 30 से 40 हजार जबकि सिजेरियन का 80 हजार से एक लाख मूल्य तय किया गया है । इस मसले पर एक दुखद बात यह है की जिन अस्पतालों में अब तक आयुष्मान या स्मार्ट कार्ड से इलाज होता रहा है वो अस्पताल वाले भी अब मजबूर मरीजों से अलग से नगदी रकम की मांग कर रहे हैं और मना करने पर रायपुर या भिलाई ले जाने की बात कह रहे हैं।

**केस-1** **शहर** के शान्ति नगर निवासी राजकुमारी साहू पहले से हार्ट की मरीज़ थी और उन्हें पहले भी एक बार अटेक आ चुका था। अब जब दूसरी बार उन्हें हार्ट अटैक आया तो उसे स्थानीय बसंतपुर अस्पताल ले जाया गया जहाँ कोरोना की जांच करने पर उनका कोरोना पोसिटिव पाया गया। जांच के बाद राजकुमारी को पेण्ड्री स्थित कोविड अस्पताल भेजा गया और तीन दिनों से वहां उसका उपचार जारी था . सोमवार की रात राजकुमारी को फिर से हार्ट अटेक आया लेकिन इलाज के नाम पर उन्हें सिर्फ आक्सीजन दिया गया और ग्लूकोस की बोतलों का सहारा लिया गया . अंततःमंगलवार की सुबह 05 बजे राजकुमारी ने इलाज के अभाव में दम तोड़ दिया .हांलाकि परिजनों ने भिलाई के एक निजी अस्पताल से संपर्क किया था लेकिन वो मरीज को भिलाई तक भी नहीं लेकर जा सके।

**केस-2** **चौखड़िया** पारा निवासी रिमी यादव सोमवार को कोरोना संक्रमित पाई गई और वो साढ़े 09 माह के गर्भ से भी हैं . जिला मेडिकल कालेज में संपर्क करने पर वहां उनका ऑपरेशन करने से मना कर दिया गया और निजी चिकित्सालयों ने भी कोविड पॉसिटिव होने की वजह से उनका दाखिला नहीं लिया . अंततः सोशल मिडिया के माध्यम से मदद मांगी गई और मंगलवार की सुबह मरीज को रायपुर स्थित एम्स में भर्ती कराया गया। इस मामले में सबसे पहले मेडिकल कालेज के अधीक्षक प्रदीप बेक से संपर्क किया गया था लेकिन उन्होंने जरा सी भी जिम्मेदारी नहीं दिखाई और आधे घंटे बाद मरीज के परिजनों का फोन रिसीव करना भी बंद कर दिया।

**केस-3** **जले** के चौकी ब्लॉक के ग्राम पांगरी निवासी मधु यदु को सोमवार की शाम प्रसव पीड़ा उठने के बाद जिला मेडिकल कालेज अस्पताल लाया गया लेकिन दर्द से कराहती महिला को नार्मल डिलीवरी के लिए भी भर्ती नहीं कराया गया . अंततः महिला को बसंतपुर स्थित शुक्ला अस्पताल ले जाया गया जहाँ मन मुताबिक पैसे वसूलने के बाद महिला की नार्मल डिलीवरी कराई गई और मंगलवार की सुबह महिला को डिस्चार्ज किया गया।

एक डॉक्टर को छोड़कर सभी डॉक्टर कोरोना से संक्रमित हैं । अस्पताल की व्यवस्था सुधारने के लिए व् डाक्टरों की अस्थायी नियुक्ति के लिए मेंडिकल कालेज की डीन रेणुका गहिने को पांच दिन पहले पत्र लिखा गया है . जल्द ही इस पर आगे कार्य किया जाएगा।

**-डाक्टर प्रदीप बेक**
**अधीक्षक**
**जिला मेडिकल कालेज अस्पताल**

-मैं लगातार कोविड 19 की व्यवस्था में व्यस्त हूँ . शिकायत मिलने पर सभी निजी चिकित्सालयों को लेटर जारी किया गया है कि डाक्टर खूबचंद बघेल स्वास्थ्य सेवा के अंतर्गत जो सिजेरियन का पॅकेज है 11000 का उसके तहत इलाज किया जाए और नार्मल डिलीवरी व अन्य बीमारियों का उपचार भी बहुत कम खर्चे पर किया जाए . शिकायत मिलने पर कार्यवाही की जायेगी .

**-डॉ. मिथलेश चौधरी, मुख्य स्वास्थ्य एवं चिकित्सा अधिकारी राजनाँदगाँव**

-मैं तो खुद भी संक्रमित थी कल ही डिस्चार्ज होकर आई हूँ । मुझे अभी तक किसी भी प्रकार का पत्र प्राप्त नहीं हुआ है अब जब आफिस जाउंगी तब पता चलेगा . व्यवस्था सुधारने के विषय में भी आफिस जाकर ही कुछ बता पाउंगी . छोटे मोटे मामलों में प्रदीप बेक से फोन पर चर्चा हो जाती है .

**-डाक्टर रेणुका गहिने**
**डीन मेडिकल कालेज राजनांदगांव**

# घुमका में आज फिर मिले तीन कोरोना संक्रमित

- **सभी स्वास्थ्य कर्मियों का टेस्ट हुआ पर बीएमओ ने अब तक नहीं करवाया**
- **थाना से एक जवान भी संक्रमण के चपेट में**
- **अब तक घुमका से 19 कोरोना मरीज मिल चुके**

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

कोरोना संक्रमण के फैलाव को देखते हुए घुमका समेत आसपास में काफी भय का माहौल है। थाना से शुरू हुए संक्रमण से अब तक 8 जवान चपेट में आ चुके हैं और घुमका से एक परिवार के पूरे 6 सदस्यों समेत कुल 16 लोगो को कोरोना की पुष्टि हो चुकी है। जिसमें एक दम्पति की गम्भीर स्थिति को देखते कोविड हॉस्पिटल राजनांदगांव भेजा गया है। अब तक उक्त दम्पति का होम आइसोलेशन में इलाज चल रहा था। कोरोना के संक्रमण को देखते हुए भयभीत ग्रामीणों ने सप्ताह भर का पूर्ण लॉक डाउन भी किया और पुनः एक सप्ताह के लिए लॉक डाउन का विचार चल रहा है।

तमाम हालातों को देखते हुए कोरोना से आशंकित विभागीय अमलो समेत जागरूक ग्रामीणों ने स्वस्फूर्त सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में अपना कोरोना जांच करवा चुके हैं और स्थितियों को देखते हुए गाइडलाइन के अनुसार जरूरी भी है।

परंतु अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण पूर्ण स्थिति की जानकारी के अनुसार पूरे ब्लॉक और सामुदायिक केंद्र में लगातार कोरोना के नियंत्रण में लगे खुद खण्ड चिकित्सा अधिकारी ने अपना कोरोना परीक्षण अब तक नहीं करवाया है। विश्वस्त जानकारी के अनुसार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधिकारियों कर्मचारियों समेत समस्त मैदानी अमलों का परीक्षण हो चुका है परंतु जिम्मेदार बीएमओ द्वारा कोरोना जाँच नहीं करवाने से क्षेत्र में तरह तरह की चर्चाएं चल रही हैं।

उक्त मामले में ग्रामीणों का अपना तर्क है कि पूरे देश में जिस जांच प्रक्रिया से कोरोना पॉजिटिव या निगेटिव की पुष्टि हो रही। उक्त प्रकिया पर आखिर जिम्मेदार अधिकारी को भरोसा क्यों नहीं है या और कोई गम्भीर कारण है। बहरहाल कोरोना से कांप रहे क्षेत्र के ग्रामीणों में इस बात को लेकर चर्चायें छिड़ी हुई है।

जबकि उक्त अधिकारी कोरोना के फ्रंटलाइन वारियर्स के तौर पर जिम्मेदारी सम्हाल रहे हैं। मामले को लेकर चल रही गम्भीर बहस को देखते हुए अस्पताल के ओपीडी पंजी लैब के परीक्षण अभिलेख जांच कीट खपत की संख्या के मिलान और केंद्र/राज्य कोविड कंट्रोल विभाग को भेजे जाने वाले प्रतिदिन के कोरोना के निगेटिव एवं पॉजिटिव जांच प्रतिवेदन की गहरी पड़ताल जरूरी बतायी जा रही है। उक्त मामले को लेकर विकासखंड चिकित्सा अधिकारी से संपर्क करने का प्रयास किया गया लेकिन उनकी ओर से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिल सकी।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोहारा में किया गया फल वितरण




**डोंगरगढ़।** भारतीय जनता पार्टी डोंगरगढ़ ग्रामीण मंडल के कार्यकर्ताओं द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोहारा में फल वितरण किया गया देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर सेवा सप्ताह कार्य कार्यक्रम के तहत डोगरगढ़ ग्रामीण मंडल के कार्यकर्ताओं द्वारा समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोहरा में फल वितरण किया गया जिसमें प्रमुख रूप से भारतीय जनता पार्टी के ग्रामीण मंडल महामंत्री लखन वर्मा वरिष्ठ कार्यकर्ता सरपंच दिनेश वर्मा , कमल नारायण कंवर , उभे वर्मा , जनपद सदस्य मोहारा श्रीमती भारती खुटेल , पूरण वर्मा व समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोहरा के समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।

# पौधारोपण कर केंद्रों में पोषण वाटिका का संदेश

- **आंगनबाड़ी केंद्रों में जनप्रतिनिधियों ने किया पौधारोपण**
- **राष्ट्रीय पोषण माह अंतर्गत विभागीय कार्यक्रम**

पायनियर संवाददाता < डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com



राज्यभर में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा 01 से 30 सितंबर तक राष्टीय पोषण माह का आयोजन किया जा रहा है। इस वर्ष राष्ट्रीय पोषण माह का मुख्य थीम गंभीर कुपोषित बच्चों का चिन्हांकन एवम उनकी पोषण निगरानी तथा पोषण वाटिका का निर्माण करना है। विभाग द्वारा स्थानीय स्तर पर पोषण वाटिका के लिए जागरूकता के सतत् प्रयास किये जा रहे हैं। इसी परिप्रेक्ष्य में जनपद पंचायत डोंगरगांव क्षेत्र अंतर्गत जनपद सदस्यों तथा सरपंचों ने आंगनबाड़ी केंद्रों में फलदार पौधों का पौधारोपण कर जनमानस को पोषण वाटिका का निर्माण करने के लिये प्रेरित किया। जनप्रतिनिधियों ने पौधारोपण करके पोषण का संदेश देते हुए कहा कि आंगनबाड़ी केंद्रों, विद्यालयों, सामुदायिक स्थलों तथा घरों में पोषण वाटिका का निर्माण किया जाना अत्यंत लाभकारी है। वाटिका से प्राप्त फल एवं सब्जियों को आहार में शामिल किया जाना चाहिये। इस प्रकार यह कुपोषण के खिलाफ लड़ाई में कारगर भूमिका निभाएंगे। इस अवसर पर जनपद सदस्यगण चंद्रिका रोहित सोनकर, दीबिका साहू, सुशीला साहू, लखन सूर्यवंशी, मोनिका साहू, निर्मला सिन्हा, छत्तर चंद्रवंशी, विरेन्द्र साहू सहित विकासखंड के अनेक सरपंचों ने अपने अपने क्षेत्र में स्थित आंगनवाड़ी केंद्रों में पौधरोपण किया। बाल विकास परियोजना अधिकारी डोंगरगांव डॉ वीरेन्द्र साहू ने पोषण अभियान में सहभागी बनने पर सभी जनप्रतिनिधियों के प्रति आभार व्यक्त किया है।

# भाजपा के बैनरतले युवा करेंगे रक्तदान, प्रदेश भाजपा का सेवा सप्ताह कार्यक्रम

- **14 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक आयोजन**

पायनियर संवाददाता < डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com



प्रदेश भाजपा के आव्हान में जिला भाजपा अध्यक्ष मधुसूदन यादव एवं लोकसभाा सांसद संतोष पाण्डेय के निर्देशानुसार 14 सितम्बर से 02 अक्टूबर तक भाजपा मण्डल डोंगरगांव सेवा सप्ताह कार्यक्रम मनाया जाएगा। इस कार्यक्रम अंतर्गत युवावर्ग रक्तदान करेंगे। भाजपा मंडल डोंगरगांव ने कार्यक्रम अंतर्गत डोनेट करने वाले व्यक्ति की सूची नाम, पता, मोबाइल नंबर, ब्लड ग्रुप सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डोंगरगांव के बीएमओ को सौंपा। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष रामकुमार गुप्ता, महामंत्री संतोष यादव, लोकेश यदु, प्रवेश ठाकुर, गिरिजाशंकर उयके, योगेश पटेल, मनीष साहू व राहुल गुप्ता उपस्थित थे।

# कोविड-19 कोरोना वायरस से छुटकारा आखिर कब तक : रोशनी सिन्हा

**राजनांदगांव।** शहर जिला महिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्रीमती रोशनी सिन्हा ने चिन्ता जाहिर करते हुए मोदी सरकार से प्रश्न की है कि कोरोना वायरस कोविड 19 से छुटकारा कब मिलेगा? हर 100 सालो मे कहीं न कहीं वर्षो पुराने महामारी का उल्लेख है परन्तु कोरोना महामारी का बीते आठ माह मे इलाज नहीं निकाल पाना, कहीं लाइलाज बीमारी की ओर इशारा तो नहीं? विश्व स्वास्थ्य संगठन का कथन भी भय व चिन्ता से भरे हुए रहते हैं। एक ही राग अलापते रहते है वायरस का कोई स्थायी इलाज नही, दुनिया मे वायरस का कोई टीका (वैक्सीन )नहीं है। दवाई से सिर्फ रोकथाम हो सकता है इससे मतलब साफ है कि जिसको कोरोना हुआ है वह दोबारा भी संक्रमित होगा। तो आखिर यह कब तक चलेगा ,क्या वैक्सीन के अलावा और कोई उपाय नहीं। अगर है तो इस पर अनुसंधान क्यो नहीं? एड्स भी ह्यूमन वायरस है वैक्सीन अभी तक नही बन पायी किन्तु बचाव हेतु कारगर उपाय जरूर ढूंढ निकाले हैं। इसका फैलाव अब न के बराबर हो गया है और मृत्युदर मे कमी भी आ गई है। लोगों मे डर खत्म हो गया है इसी तरह के रोकथाम और बचाव को लेकर सरकार वैकल्पिक व्यवस्था करें ताकि लोगों में भय का वातावरण से निजात मिले।



# संसदीय सचिव मंडावी ने किया सेवानिवृत्त व उत्कृष्ट शिक्षकों का सम्मान

- **हिन्दी दिवस पर मोहला में शिक्षकों का सम्मान समारोह आयोजित**

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



हिंदी दिवस के दिन मोहला ब्लॉक में शिक्षको के सम्मान के लिए शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित हुआ । इस सम्मान समारोह में 11 सेवा निवृत्त और 18 उत्कृष्ट शिक्षको का सम्मान किया गया। समारोह का आयोजन शिक्षा विभाग द्वारा किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में संसदीय सचिव एवं स्थानीय विधायक इन्द्रशाह मंडावी उपस्थित रहे। सम्मान समारोह में सेवानिवृत शिक्षक गिरेंद्र कुमार चंद्राकर, राम किशोर सिंह, सुरेंद्र कुमार चंद्राकर, सुशीला देशमुख, लालूराम खरे, कुशाली राम देवांगन, रामेश्वर सिंह साहू, गंगाधीर रामटेके, सुरेंद्र द्विवेदी, धनीराम देवांगन, बाला राम भुआर्य का शॉल और श्रीफल भेंट करके सम्मान किया गया। वही दूसरी अपने विद्यालय को बेहतर बनाने वाले शिक्षक रमाकांत, राजेंद्र नायक, लोकनाथ, नीलम कुमार, दिनेश कुमार, लता ताम्रकार, मनीष कुमार, हरीश यादव, अखिलेश कुमार, खेमचंद ठाकुर, भंजन सिंह, कौशिल्या मंडावी सुनील कुमार, उमाशंकर, अश्वनी देशलहरे, सुमित्रा रामटेके, अजय तिवारी, शीतेष निषाद का सम्मान हुआ।

**विभाग ने किया विभिन्न प्रतिस्पर्धा आयोजित**

# रेडी टू ईट के पौष्टिक व्यंजनों की प्रदर्शनी

पायनियर संवाददाता < डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com




राष्ट्रीय पोषण माह अंतर्गत ग्राम अमलीडीह में हितग्राहियों द्वारा रेडी टू ईट के विभिन्न पौष्टिक व्यंजन बनाकर प्रदर्शित किया गया। रेडी टू ईट का सही उपयोग कर बच्चों को कुपोषण से मुक्त करने के लिए जागरूक किया गया। इस मौके पर श्रीमति चंद्रिका सोनकर संचार संकर्म सभापति व सदस्य महिला बाल विकास व समाज कल्याण विशेष तौर पर सम्मिलित हुई।

महिला एवं बाल विकास विभाग अंतर्गत उक्त आयोजन में बच्चों को प्रोत्साहित करने के लिए रस्सा खीच, मटका फोड़, मोमबत्ती जलाओ प्रतियोगिता रखा गया था जिसमे रस्सा खिंच, मटका फोड़ व मोमबत्ती तीनो में प्रथम स्थान पर रेणु सोनकर व द्वितीय गीतू, मोमबत्ती प्रतियोगिता मे द्वितीय स्थान पर निशा रही। प्रथम व द्वितीय आने वाले बच्चों को पुरस्कार के रूप में टिपिन डिब्बा प्रदान किया गया। उक्त अवसर पर उपसरपंच रोशन साहू, तेजराम साहू पंच , नीतू साहू गीतांजली यादव, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता इमला सोनकर,व केंद्र क्रमांक 2 से सोहद्रा सोनकर ,व मितानिन कलसिया बाई साहू, मितानिन उषा बाई पटेल ,श्रीमति राम बाई पटेल, अनिता साहू, हेमिन सहित ग्राम के प्रमुखजन उपस्थित थे।

# जन सरोकार से होगी कोविड की हार

- **कोविड सेंटर में सुविधा बढ़ाने किए दान**
- **जनप्रतिनिधियों व समाजसेवियों की पहल**



पायनियर संवाददाता < डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com

नगर के कोविड केयर सेंटर हॉस्टल में संक्रमित मरीजों के लिए आवश्यक सुविधा मुहैया कराने मुहीम प्रारंभ की गई है। नगर के जनप्रतिनिधियों व समाजसेवियों ने अभिनव पहल करते हुए सेंटर में उपचाररत मरीजों के लिए आवश्यक वस्तु दान कर समाजसेवा के उदाहरण प्रस्तुत किये हैं। कोविड केयर सेंटर में नगर पंचायत अध्यक्ष हीरा निषाद ने 4 नग सीलिंग फेन व नाश्ता के लिए डिस्पोजल दान किये। पार्षद किशोर बोहरा ने 4 नग बैड के गद्दे दान किये। समाजसेवी आशाराम टावरी ने 1 नग गिजर भेंट की है। समाजसेवी ज्ञानचंद लोढ़ा ने 4 नग सीलिंग फेन व 6 नग एलईडी बल्ब भेंट किये है। नगर पंचायत अध्यक्ष हीरा निषाद ने नगर के जनप्रतिनिधियों व समाजसेवियों से कोविड सेंटर में आवश्यक उपयोगी वस्तु दान करने अपील की है।

**न्यायालय तहसीलदार छुरिया के न्यायालय में मामला क्रमांक :**
202009090200021/202009090200021
**मामले की श्रेणी-राजस्व**
विषय-अ-6 सन-2019-2020
छुरियाकला प.ह.नं. 00020),
पक्षकारों का विवरण : आवेदक पक्षकार-संतोष, सुभाष, राजेन्द्र
अनावेदक पक्षकार... अनीता

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदकगण संतोष सुभाष एवं राजेन्द्र सभी पिता भाऊलाल जाति कलार निवासी ग्राम छुरियाकला तहसील - छुरिया द्वारा न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत कर लेख किया गया है कि ग्राम छुरियाकला प.ह.नं. 20 तहसील छुरिया स्थित भूमि कृषि खाता क्रमांक - 786 में दर्ज खसरा नं. रकबा 95/1(0.2550 हे.), 99/3 (0.0690 हे.) 386/4 (0.0140 हे.), 493/4 (0.0120 हे.)। आवेदकगण एवं अनावेदिका के शामिलात नाम पर राजस्व अभिलेखों में दर्ज है, अनावेदिका द्वारा उक्त भूमि को आवेदकगण के पक्ष में दिनांक 07.09.2020 को उप पंजीयक कार्यालय छुरिया में पंजीकृत हक त्यागपत्र निष्पादित किया गया है जिसके आधार पर उक्त भूमि के राजस्व अभिलेखों से अनावेदिका का नाम विलोपित कर आवेदकगण द्वारा अपना नाम यथावत रखे जाने का निवेदन किया है, आवेदन पत्र के साथ पंजीकृत हक त्यागपत्र दिनांक 07.09.2020 की छायाप्रति पेश किया गया है।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा/आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई तिथि 24.09.2020 को स्वयं/ वकील/ आममुख्त्यार के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति पेश कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 09.09.2020 को जारी किया जाता है।

मुहर
**नायब तहसीलदार**
**छुरिया, जिला-राजनांदगांव (छ.ग.)**

## क्विक न्यूज

### होम आईसोलेशन के लिये नोडल अधिकारी नियुक्त

**बिलासपुर।** कोविड-19 के सं मण के बिना लक्षणों एवं कम लक्षण वाले मरीजों के प्रबंधन के लिये जिला प्रशासन द्वारा होम आईसोलेशन की सुविधा दी जा रही है। जिसके लिये जिले में नगर निगम एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों/कर्मचारियों की होम आईसोलेशन टीम एवं जिला स्तर पर चैबीस घंटे कॉल सेंटर, कंट्रोल रूम का गठन किया गया है। जिनके नोडल अधिकारी हेतु डॉ.अनिल श्रीवास्तव मोबाईल नंबर 7999044529 तथा सहायक नोडल अधिकारी (होम आईसोलेशन) डॉ.समीर तिवारी मोबाईल नंबर 9893902173 को नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार नगर निगम के सभी वार्डों के लिये नगर निगम एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी, कर्मचारियों की भी ड्यूटी लगाई गई है। होम आईसोलशन के लिये कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। जिसमें डॉ.प्रमोद साहू मोबाईल नंबर 9575974942, डॉ.प्रभात कुमार मोबाईल नंबर 8109926370, डॉ.ए.एल.गुप्ता मोबाईल नंबर 8770112847, डॉ.अजय सिंह मोबाईल नंबर 7898872098, फार्मासिस्ट कुमारी नेहा चैबे मोबाईल नंबर 8120108134, कुमारी संध्या साहू मोबाईल नंबर 8965825300, संजीव मिश्रा मोबाईल नंबर 9827210765, संजय शर्मा मोबाईल नंब 8770316923, एएनएम कुमारी समीक्षा मोबाईल नंबर 8224961517, आरएचओ संजय बंछोड़ मोबाईल नंबर 8103937897 एवं सुरेश मोबाईल नंब 9300333428 की ड्यूटी लगाई गई है।

### सिविल लाइन टीआई सुरेंद्र स्वर्णकार का बीजापुर तबादला निरस्त ,

**बिलासपुर।** सिविल लाइन के पूर्व थानेदार सुरेंद्र स्वर्णकार का बीजापुर तबादला आदेश आने के 6 वे दिन ही तबादला आदेश निरस्त हो गया है। जिले में पदस्थ सिविल लाइन थानेदार सुरेंद्र स्वर्णकार का बीजापुर हुआ तबादला निरस्त कर दिया गया है,पुलिस महानिदेशक ने एक सिप्तम्बर को एक छोटी सी लिस्ट प्रदेश के निरीक्षकों की निकाली थी जिसमे प्रदेश के 5 निरीक्षकों का तबादला कर दिया गया था जिसमे बिलासपुर के सुरेंद्र भी थे पर डीजीपी के एक सिप्तम्बर के आदेश आने के बाद सुरेंद्र स्वर्णकार कोरोना पॉजिटिव हो गए और जिले से रिलीव भी नही हो पाए थे कि 6 दिन बाद ही डीजीपी ने एक सिंगल आदेश निकाल कर उनका बीजापुर तबादला निरस्त कर बिलासपुर में ही पदस्थापना का आदेश जारी कर दिया है ।

# प्रदेश सरकार के खिलाफ कलेक्टर परिसर में युवा मोर्चा ने की नारेबाजी

## नियमों का उल्लंघन कर सोशल डिस्टेंसिग की उड़ाई धज्जियां

पायनियर संवाददाता ◄ बिलासपुर
www.dailypioneer.com



भारतीय जनता पार्टी के युवा मोर्चा के नेताओं ने जिला मुख्यालय परिसर में घुसकर नारेबाजी कर जमकर हंगामा मचाया और कांग्रेस सरकार के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की। 15 साल बीजेपी की सरकार और सत्ता सुख की आदत सत्ता के छिन जाने के बाद भी सत्ता होने का वहम और सत्ता का नशा अब भी सर चढ़कर बोलता नजर आया।देखने वालों ने कहा सत्ता का घमंड अब तक गया नही। प्रत्यक्षदर्शियों की माने तो जिला प्रशासन के परिसर में कोविड-19 के कोरोना काल में कलेक्टर के आदेश की जिस तरह खुलेआम धज्जियाँ उड़ाई गई उस नजारे को देखकर कोई भी बता देता की विपक्ष के लोग विरोध करने आये हैं, करना भी चाहिए लेकिन नियम कायदों के दायरे में रहकर।

कलेक्ट्रेट परिसर में जमकर हंगामा करना, नारे लगाना लेकिन सोशल डिस्टेंसिग को नजर अंदाज करके विरोध करने का क्या फायदा अगर आप में से कोई संक्रमित हो गया तो जिम्मेदार कौन होगा? युवा मोर्चा के युवाओं नें आव देखा न ताव ना कोरोना संक्रमण से बचाव के लिए जारी गॉइड लाइन की सबसे महत्वपूर्ण बात सोशल डिस्टेंसिग के नियमो को ध्यान में रखा उल्टे ताक पर रख विरोध करते नजर आए।

हालांकि यह आजाद भारत का लोकतंत्र है जहां किसी भी बात का विरोध करना बिल्कुल जायज है, लेकिन कोरोना काल में सुरक्षा के लिए बनाए नियमो को तोड़कर और सोशल डिस्टेंसिग का उल्लंघन करने के बाद तो बिल्कुल नही, लेकिन युवा मोर्चा भूल चुकी थी कि कोविड में नियमो को तोड़ने से जुर्म भी दर्ज हो सकता है। लेकिन ये तो सिर्फ विपक्ष की भूमिका निभाने और विरोध करने आये थे और कोविड कोरोना से बचाव के नियम को तोड़कर विरोध करते हुए वापस चले गए। परिसर में पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी ओहदा डिप्टी कलेक्टर भी मूक दर्शक बन देखते रह गए। दरसल बात ये है कि शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने मिलकर प्रदेश सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए कोरोना संक्रमण के बढ़ते मामले में स्वास्थ्य विभाग द्वारा की जा रही लापरवाही को लेकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा दरअसल कुछ दिनों से शहर में कोरोना संक्रमित लोगों की बढ़ती तादात स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी इलाज में लापरवाही की खबरों से शहर में लोगों के दिलों में दहशत बड़ रही है कोरोना के बढ़ते संक्रमण पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा कोई ठोस कदम न उठाने,हाल ही में कोरोना से संक्रमित मरीजों की मौत के बाद शवों की अदला-बदली स्वास्थ्य विभाग की घोर लापरवाही को दर्शाता है जिसे लेकर बीजेपी युवा मोर्चा के लोगों ने कलेक्टर कार्यालय का घेराव कर दिया। युवा मोर्चा का कहना है कि विषय गंभीर है प्रशासन को इस संबंध में अवगत कराया है बावजूद इसके प्रशासन इसे लेकर गंभीर नहीं हो रही है। युवा मोर्चा ने जिलाधीश को ज्ञापन सौंपा है।

## पुलिस अधीक्षक ने मोपका चौकी का किया मुआयना



पायनियर संवाददाता ◄ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

बढ़ते अपराध को देखते हुए पुलिस चौकियों की संख्या बढ़ाई जा रही साथ ही ताकि अपराधियों पर नकेल कसा जा सके ।

शहर के प्रमुख थानों की मदद के लिए पुलिस चौकी भी स्थापित की जा रही है। इसी के तहत हाल ही में सरकंडा थाने के अंतर्गत मोपका पुलिस सहायता केंद्र की स्थापना की गई ।इसके निरीक्षण के लिए पुलिस अधीक्षक प्रशांत अग्रवाल पहुंचे ।एसपी प्रशांत अग्रवाल ने पुलिस सहायता केंद्र थाना सरकंडा का निरीक्षण किया और क्षेत्र में कानून व्यवस्था और अपराधों के नियंत्रण के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी हासिल की। शहरी इलाके के साथ ग्रामीण क्षेत्र की सीमाएं लगने से यहां अपराधियों का बोलबाला है । इसे देखते हुए इस पुलिस चौकी में एक उपनिरीक्षक और आरक्षकों की तैनाती की गई है। पुलिस चौकी को पेट्रोलिंग वाहन भी उपलब्ध कराया गया है जो लगातार मोपका, लगरा और आसपास की रिहायशी कॉलोनी का गश्त करता है । पिछले दिनों शिकायत मिली थी कि देर रात लौटने वाले रेलवे रनिंग स्टाफ पर राजकिशोर नगर छठ घाट के आसपास हमले हो रहे हैं। यहां मौजूद पुलिस चौकी को बंद कर दिए जाने के बाद से ऐसी घटनाओं में बढ़ोतरी हुई है, तो वही मोपका पुलिस चौकी के कार्य क्षेत्र में भी यह इलाका शामिल है इसलिए उम्मीद जताई गई कि यहां स्टाफ राजकिशोर नगर शनि मंदिर के आसपास भी लगातार गश्त करेगा।

## दपूमरे ने अगस्त एवं सितंबर माह में पिछले वर्ष की तुलना में 10-10 प्रतिशत अधिक माल लदान

पायनियर संवाददाता ◄ बिलासपुर
www.dailypioneer.com



दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे अपने समर्पित रेलकर्मियों के सम्मिलित प्रयासों से कोरोनाकाल की चुनौतियों का डटकर सामना करते हुए अपने सर्वाधिक लदान करने वाले जोन में से एक होने के खिताब एवं परंपरा को बरकरार रखने की ओर अग्रसर है । कोरोना जैसी वैश्विक महामारी के दौर में भी अपनी ठोस इरादों की बदौलत दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने अगस्त एवं सितंबर महीने में अब तक पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 10 प्रतिशत अधिक माल लदान किया है । साथ ही दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने वर्तमान वित्तीय वर्ष के अप्रैल से अगस्त महीने तक लगभग 65 मिलीयन टन से भी अधिक का माल लदान कर लिया है । इस अवधि में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा लोड किए गए वस्तुओं में कोयला, क्लिंकर, लौह अयस्क, सीमेंट, स्टील, खाद्यान, रासायनिक खाद, खनिज तेल एवं स्टील कारखानो के लिए कच्चे माल आदि प्रमुख रूप से सम्मिलित है । इनमें कोयला, क्लिंकर एवं लौह अयस्क की सर्वाधिक लदान की गई है । कोरोनाकाल के दौरान दक्षिण पूर्ण मध्य रेलवे के द्वारा माल लदान के क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन आने वाले दिनों में जब देश में औद्योगिक गतिविधियों में तेजी आएगी, के लिए एक आशानुरूप माल लदान की राह को स्पष्ट रूप से संकेत करती है।

## मनिहारी एवं स्टेशनरी व्यापारी संघ ने लिया सेल्फ लॉकडाउन का निर्णय, अब दुकानें शाम 5:30 बजे तक ही खुलेगी

पायनियर संवाददाता ◄ बिलासपुर
www.dailypioneer.com



कोरोना का संक्रमण दिन प्रतिदिन बढ़ता ही जा रहा है। कभी 200, कभी 300 तो कभी 500 तक मरीज सामने आ जाते हैं ।शासन स्तर पर शुरुआत में लॉकडाउन लगाया गया लेकिन देश में गिरती अर्थव्यवस्था को देखते हुए अनलॉक की प्रक्रिया शुरू कर दी गई । लिहाजा अब मौजूदा हालात को देखते हुए व्यापारी स्वयं शहर की सुरक्षा के लिए प्रेरक कदम उठा रहे हैं ।व्यापार विहार के व्यापारियों के बाद तेलीपारा होलसेल मनिहारी एवं स्टेशनरी व्यापारी संघ ने भी ऐसा ही निर्णय लिया है। इस निर्णय के तहत 30 सितंबर तक संघ के सभी सदस्य दुकानदार अपना कारोबार सुबह 10ः00 बजे से शाम 5ः30 बजे तक ही करेंगे । तो वहीं रविवार को दुकाने पूरी तरह बंद रहेगी। संघ ने नियम को कड़ा करते हुए नियम उल्लंघन पर ?5000 के अर्थदंड का भी प्रावधान किया है। संघ के अध्यक्ष सुनील चिमनानी ने कहा कि इससे बिलासपुर शहर में कोरोना के फैलाव में कुछ हद तक कमी हो सकेगी, तो वही व्यापारी बंधु और ग्राहकों की भी सुरक्षा के मद्देनजर यह निर्णय लिया गया है । अगर हालात बेहतर नहीं हुए तो इस फैसले की मियाद भविष्य में बढ़ाई भी जा सकती है।

## मुम्बई-हावड़ा-मुम्बई स्पेशल एवं हावड़ा-अहमदाबाद-हावड़ा स्पेशल ट्रेनों का परिचालन सप्ताह में तीन दिन

पायनियर संवाददाता ◄ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

रेल यात्रियों की सुविधाओं एवं मांग को ध्यान में रखते हुए रेल प्रशासन के द्वारा 01 जून से चल रही 02810/02809 हावडा-मुम्बई-हावडा स्पेशल ट्रेन एवं 02834/02833 हावडा-अहमदाबाद-हावडा स्पेशल ट्रेन दोनों गाड़ियों का परिचालन सप्ताह में एक दिन की जगह अब सप्ताह में तीन दिन चलेगी ।

02834 हावडा-अहमदाबाद स्पेशल ट्रेन दिनांक 15 सितम्बर, 2020 से सप्ताह में तीन दिन (प्रत्येक मंगलवार, शुक्रवार, रविवार को) हावडा से चलेगी एवं इसी प्रकार 02833 अहमदाबाद-हावडा स्पेशल ट्रेन दिनांक 18 सितम्बर, 2020 से सप्ताह में तीन (प्रत्येक शुक्रवार, सोमवार एवं बुधवार) को अहमदाबाद से चलेगी ।

02810 हावडा-मुम्बई स्पेशल ट्रेन दिनांक 21 सितम्बर, 2020 से सप्ताह में तीन दिन (प्रत्येक सोमवार, बुधवार एवं शनिवार को) हावडा से चलेगी । इसी प्रकार 02809 मुम्बई-हावडा स्पेशल ट्रेन दिनांक 23 सितम्बर, 2020 से सप्ताह में तीन दिन (प्रत्येक बुधवार, शुक्रवार एवं सोमवार को) मुम्बई से चलेगी। दोनों स्पेशल गाडियों की समय सारणी एवं ठहराव में कोई परिवर्तन नहीं किया गया है । दोनों गाड़ियों में पूरी तरह से आरक्षित ट्रेनें होंगी, जिसमें स्लीपर कोच शामिल हैं।

# अब जनता कर रही है अब लॉकडाउन की मांग

पायनियर संवाददाता ◄ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

कोरोना पॉजिटिव का सरकारी आंकड़ा 5000 से अधिक एवं 80-90 से ज्यादा की मृत्यु तथा जिले की अधिकांश बैंकों की विभिन्न शाखाओं में कार्यरत कुछ स्टॉफ या उनके परिजनों के कोरोना पॉजिटिव होने से भयभीत बैंकर्स ने अपने 23 अगस्त 2020 के पत्र के संदर्भ में आज पुनः जिलाधीश कार्यालय, एसडीएम कार्यालय व मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में लिखित अनुरोध के साथ जिले के आर्थिक सिपाहियों की समस्याओं के निराकरण की मांग करते हुए बिलासपुर की जनता को सामुदायिक संक्रमण से बचाने का निवेदन किया गया हैं। ऐसी समस्त शाखाओं कार्यालयों को आगामी 48 घंटे की अवधि तकसेनेटाइज करवाकर अनिवार्यता बंद रखा जाए, जिसमें विगत एक दो दिन में किसी भी पॉजिटिव के आने की जानकारी मिले। उस शाखाकार्यालय में कार्यरत सभी सदस्यों को 14 दिन के लिए होम कोरोनटायिन में रहने के निर्देश हो क्योंकि कुछ केस में पॉजिटिव रिपोर्ट 10-12 दिनों बाद आने से वे कर्मचारी बैंक 7 दिन बाद बैंक जाना शुरू कर देते हैं। इससे सामुदायिक संक्रमण के बढ़ने की संभावना बनी रहती हैं। बैंकर्स व उनके परिजनों का प्राथमिकता पर कोरोना टेस्ट भी करवायें तथा पॉजिटिव होने पर विशेष ईलाज की सुविधा उपलब्ध करवाई जाए ! रायपुर की तरह बिलासपुर में भी कुछ मान्यता लैब में सशुल्क कोरोना टेस्ट की अनुमति दी जाए। ताकि बैंकर्स जनता की सेवा अवधि के बाद अपनी सुरक्षित जांच करवा सके। कोरोना कवच पॉलिसी होल्डरों के कैशलेश ईलाज हेतु कुछ बेड रिजर्व रखे जाए।

भारत सरकार , रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया , राज्य सरकार तथा जिला प्रशासन द्वारा संबंधित दिशा निर्देशों का सख्ती से पालन करे । शाखाओं को पुनः संचालित करने के पूर्व जिला प्रशासन के सक्षम अधिकारी तथा अग्रणी बैंक कार्यालय को अवश्य सूचित करें !

जिलाधीश, एसडीएम महोदय व मुख्य चिकित्सा अधिकारी से लिखित आग्रह कर बैंकर्स के हितों की रक्षा की मांग की गई। क्योंकि प्रतिदिन बैंकों में सैकड़ों की तादात में आम जनता का आना जाना रहता हैं। किसी सेट गाइडलाइंस के अभाव में भिन्न भिन्न बैंको में स्वविवेक पर अलग अलग निर्णय से जनता को परेशानी हो सकती हैं।

कांटेक्ट ट्रेसिंग से संभावित संक्रमित की जांच भी हो जाएगी तथा उस विशेष पॉइंट पर रोक लगाने से संक्रमण के विस्तार को आसानी से रोका जा सकता है।

## पैसा कलेक्शन कर लौट रहे एमआर हुआ लूट का शिकार

**बिलासपुर।** इन दिनों अपराधियो के हौसले बुलंदियों पर है,एक बार फिर दिन दहाड़े लूट की घटना को अंजाम देकर अज्ञात युवक फरार हो गए है,जिसके बाद हड़कम्प मच गया है। मिली जानकारी के मुताबिक तालापारा में रहने वाला मो.इभ्राहिम पिता इब्रिस उम्र 34 वर्ष तेलीपारा स्थित मेडिकल कॉम्प्लेक्स में एमआर के रूप में कार्यरत है व एजेंट के रूप में वसूली का कार्य करता है, थाना प्रभारी प्रकाश कांत ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि प्रार्थी ने शिकायत की है कि वह हर सप्ताह की तरह कोटा क्षेत्र में वसूली के कार्य से गया था,आज जब वसूली करके वापस आ रहा था,इसी दौरान जब वह नेवरा से भरारी के बीच पहुँचा ही था की सीडी डीलक्स गाड़ी में सवार होकर 3 युवक ने उसे ओवरटेक करते हुए गाली गलौच की व आंख में मिर्ची पाउडर डालकर डंडे से वार करते हुए उसके पास रखे हुए डंडे से वार करते हुए बैग छीनकर मौके से फरार हो गए,बताया जा रहा है कि युवक के बैग में वसूली की रकम तकरीबन 50 हजार से अधिक की थी,बरहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर अज्ञात युवकों की पतासाजी में जुट गई है।

# शासन ने किया बिलासपुर स्मार्ट सिटी का पुनर्गठन

■ **एडवाइजरी फोरम में शहर के सीनियर आर्किटेक्ट श्याम शुक्ला, प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष अटल श्रीवास्तव एवं नरेंद्र बोलर, को किया शामिल**

पायनियर संवाददाता ◄ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

प्रदेश शासन के नगरीय प्रशासन तथा विकास विभाग द्वारा भारत सरकार के आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा प्रेषित पत्र के अनुसार स्मार्ट सिटी मिशन अंतर्गत बिलासपुर शहर स्तर पर बिलासपुर स्मार्ट सिटी एडवाइजरी फोरम का पुनर्गठन किया गया है। बिलासपुर स्मार्ट सिटी के लिए गठित इस एडवाइजरी

फोरम में बिलासपुर लोकसभा क्षेत्र के सांसद श्री अरुण साव समेत जिले के सभी विधायकों को शामिल किया गया है। वही इसमें सीनियर आर्किटेक्ट के रूप में बिलासपुर के जाने-माने आर्किटेक्ट श्याम शुक्ला, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष एवं समाजसेवी श्री अटल श्रीवास्तव तथा नरेंद्र बोलर को शामिल किया गया है। इसके अलावा इस फोरम में महापौर रामशरण यादव, बिलासपुर संभाग के कमिश्नर, पुलिस महानिरीक्षक, कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक, बीएससीएल के सीईओ,, क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी, लोक निर्माण विभाग तथा सिंचाई विभाग के मुख्य अभियंता, शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज के प्राचार्य (पदेन), लघु उद्योग एवं सहायक उद्योग संघ के अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स के महामंत्री, इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के अध्यक्ष तथा चार्टर्ड अकाउंटेंट मनोज शुक्ला को भी शामिल किया गया है।

## केलो नदी के किनारे अधेड़ की लाश मिली

**रायगढ़।** चक्रधर नगर थाना क्षेत्र स्थित बड़े अतरमुडा सांई विहार कालोनी के पास केलो नदी किनारे सोमवार की दोपहर को एक अधेड़ व्यक्ति की लाश मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। ग्रामीणों द्वारा शव की सूचना डायल 112 को दी गई। जिसके बाद चक्रधर नगर पुलिस मौके पर पहुंची और आगे की कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार मृतक के शरीर मे किसी भी प्रकार का कोई चोट का निशान नहीं था। अधेड़ की मौत पानी मे डूबने से होने की आशंका जताई जा रही है। फिलहाल मौत की वजह अभी पता नहीं चल पाया है। मृतक की शिनाख्ती अभी नहीं हो सकी थी। शव को पीएम के लिए भेजवा दिया गया और चक्रधर नगर पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर मामले की विवेचना में लिया गया है।

**ज्ञापन प्रेषित कर मुख्य नगरपालिका अधिकारी के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की मांग**

# नगर पंचायत अड़भार के अध्यक्ष सहित उपाध्यक्ष एवं पार्षदों ने सीएमओ के खिलाफ मोर्चा खोला

पायनियर संवाददाता ◄ सक्ति
www.dailypioneer.com



जांजगीर-चांपा जिले के मालखरौदा विकासखंड के नगर पंचायत अड़भार की अध्यक्ष श्रीमती चंद्रप्रभा गर्ग सहित उपाध्यक्ष रामानुज साहू एवं पार्षद गणों ने 14 सितंबर को जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय जांजगीर चांपा पहुंचकर नगर पंचायत अड़भार की मुख्य नगरपालिका अधिकारी के विरुद्ध मोर्चा खोल दिया है, अध्यक्ष एवं पार्षदों ने जिला कलेक्टर को प्रेषित ज्ञापन में बताया है कि फरवरी 2020 के बाद से निरंतर नगर पंचायत अड़भार में पदस्थ मुख्य नगरपालिका अधिकारी मुख्यालय में नियमित रूप से नहीं रहती, जिसके चलते शासन की योजनाएं एवं जनहित के कार्य नहीं हो पा रहे हैं, एवं जनहित के कार्यों में मुख्य नगरपालिका अधिकारी की उदासीनता बाधा डाल रही है, ज्ञापन में बताया गया है कि मुख्य नगरपालिका अधिकारी द्वारा फरवरी 2020 के बाद से विकास कार्यों का भुगतान नहीं किये जाने से नए विकास कार्यों को गति नहीं मिल पा रही है, जिसके चलते जनप्रतिनिधियों को भी काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है, तो वही मुख्य नगरपालिका अधिकारी नगर पंचायत अड़भार की इस स्थिति को देखते हुए अनुशासनात्मक कार्रवाई करने की कृपा करें,पार्षद गणों का कहना है कि मुख्य नगरपालिका अधिकारी की उदासीनता के चलते नगर पंचायत क्षेत्र की महत्वपूर्ण पेंशन योजनाएं एवं प्रधानमंत्री आवास योजना की गति रुकी हुई है, तथा लोग बेहद परेशान हैं, उल्लेखित हो कि नगर पंचायत अ?भार के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सहित पार्षद गणों द्वारा कलेक्टर जांजगीर चांपा को प्रेषित इस शिकायती पत्र में पार्षदों ने तत्काल इस मामले में उचित कार्रवाई करने की बात कही है, तथा 14 सितंबर को कलेक्टर जांजगीर चांपा को सौपे पत्र में नगर पंचायत अड़भार की अध्यक्ष श्रीमती चंद्रप्रभा गर्ग, नगर पंचायत उपाध्यक्ष रामानुज साहू, कमलेश्वरी गर्ग, लक्ष्मी प्रसाद, वार्ड क्रमांक 11 के पार्षद श्री साहू, नगर पंचायत अड़भार के विधायक प्रतिनिधि ज्योतिष गर्ग, सहित अन्य पार्षद शामिल हैं, तथा मुख्य नगर पालिका के विरुद्ध ज्ञापन में लगभग 13 से 14 पार्षदों के हस्ताक्षर हैं।

# एक बार फिर सभी प्रमुख चौक-चौराहों पर चला वाहन जांच अभियान

पायनियर संवाददाता ◄ बिलासपुर
www.dailypioneer.com



एसपी प्रशांत अग्रवाल द्वारा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर उमेश कश्यप, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात रोहित बघेल ,उप पुलिस अधीक्षक यातायात सत्येंद्र पांडे की मौजूदगी में सभी पांचों थाने के अधिकारियों की बैठक लेने के बाद एक बार फिर से बिलासपुर में वाहन जांच अभियान चलाया गया। मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुए तीन सवारी, बिना नंबर प्लेट, तेज गति से वाहन चलाने वालों ,गलत दिशा से वाहन चलाने वालों, नो पार्किंग में वाहन खड़े करने वालों, रेड सिगनल जंप करने वालों के खिलाफ कार्यवाही की गई । इस दौरान सोशल डिस्टेंस का पालन करने, मास्क और हैंड ग्लव्स के प्रयोग के लिए भी वाहन चालकों को जागरूक किया गया। शाम 6ः00 से 8ः00 पर चलाए गए विशेष अभियान के तहत महामाया सरकंडा चौक ,रिवर व्यू रोड ,इंदु चौक, श्रीकांत वर्मा मार्ग , नर्मदा नगर क्षेत्र में कार्यवाही की गई ।इस दौरान 100 से अधिक प्रकरण बनाए गए, जिनसे जुर्माने की शुल्क वसूली गई।

# सरकार के रवैए से त्रस्त हर वर्ग अब जान दांव पर लगाकर सड़क पर आंदोलन करने के लिए विवश : डॉ.रमन

■ भाजपा सरकार ने 50 हजार और केन्द्र सरकार ने 5 लाख तक के इलाज को निःशुल्क किया था, भूपेश सरकार ने इसे बंद कर दिया

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने छत्तीसगढ़ में तेजी से बढ़ते जा रहे कोरोना संक्रमण को लेकर प्रदेश सरकार की हर मोर्चे पर शर्मनाक विफलता पर तीखा हमला बोला है। डॉ. सिंह ने कहा कि प्रदेश सरकार कोरोना के खिलाफ जारी ज़ंग के लिए न तो संसाधन जुटाकर उपलब्ध करा पा रही है, न संक्रमण के फैलाव को रोक पा रही है, न अस्पतालों में कोई व्यवस्था कर पा रही है, न मरीजों को इलाज के लिए अस्पतालों में बिस्तर दिला पा रही है। डॉ. सिंह ने कहा कि प्रदेश सरकार के रवैए से संत्रस्त प्रदेश का हर वर्ग अब कोरोना काल में अपनी जान दाँव पर लगाकर रोज हजारों की संख्या में सड़क पर आंदोलन करने उतर रहा है, जिससे संक्रमण का खतरा और फैलाव प्रदेश स्तर पर होने की आशंका बलवती होती जा रही है। प्रदेश सरकार अब इन आंदोलनों को भी रोक नहीं पा रही है।



भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. सिंह ने कहा कि प्रदेश ने देश और राजधानी ने देश के कई बड़े शहरों को कोरोना संक्रमण के फैलाव में पीछे छोड़ दिया है और ऐसी भयावह स्थिति में भी प्रदेश सरकार को झूठे दावे और प्रचारित करके वाहवाही बटोरने की सूझी पड़ी है। डॉ. सिंह ने कहा कि भाजपा की पूर्ववर्ती प्रदेश सरकार और केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली भाजपानीत राजग सरकार अपने पहले कार्यकाल में स्वास्थ्य सुविधा देते हुए क्रमशः स्मार्ट कार्ड और आयुष्मान भारत योजना के तहत जरूरतमंद मरीजों को निश्शुल्क इलाज दे रही थी। प्रदेश सरकार ने 50 हजार रुपए तक और केंद्र सरकार ने 05 लाख रुपए तक के इलाज को निःशुल्क कर दिया था। लेकिन सत्ता में आने के बाद मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने राजनीतिक प्रतिशोध की ओछी मानसिकता का परिचय देकर इन दोनों ही योजनाओं को बंद कर दिया।

डॉ. सिंह ने कहा कि यदि प्रदेश सरकार ने जनकल्याण की इन योजनाओं को जारी रखा होता तो आज प्रदेश के लोगों को कोरोना समेत अन्य बीमारियों के इलाज में राहत मिलती। भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. सिंह ने कहा कि युनिवर्सल हेल्थ स्कीम और 20 लाख रुपए तक के निःशुल्क इलाज के ढोल पीटने वाली प्रदेश सरकार आज प्रदेश के लोगों को पैसे चुकाकर अपना इलाज कराने की बात करती जरा-सी भी शर्म महसूस नहीं कर रही है। मुख्यमंत्री और स्वास्थ्य मंत्री की फोटो के साथ डिजाइन बनवाकर प्रदेश सरकार द्वारा विभिन्न अस्पतालों में इलाज की तय राशि भी अंकित की गई है और प्रदेश सरकार इसे भी अपनी उपलब्धि के तौर पर ही प्रचारित कर रही है। डॉ. सिंह ने जानना चाहा कि जब प्रदेश के मुख्यमंत्री बघेल और स्वास्थ्य मंत्री सिंहदेव युनिवर्सल हेल्थ स्कीम और इलाज के लिए 20 लाख रुपए की सहायता की बड़ी-बड़ी डींगें हाँकते फिर रहे हैं।

तो अब जरूरतमंदों को निःशुल्क इलाज मुहैया क्यों नहीं कराया जा रहा है? कोरोना संकट के चलते लोग एक तो वैसे ही आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं, ऊपर से सरकार द्वारा निर्धारित राशि प्रदेश के लोगों को गहन आर्थिक व मानसिक परेशानियों में डाल रही है। प्रदेश सरकार कोरोना के मामले में कितनी संवेदनक्षम है, यह उसकी कारस्तानियों से एकदम साफ हो रहा है।

# पोषण के पांच सूत्र रखेंगे बच्चों को तंदुरूस्त, स्वस्थ समाज बनाने पोषण व्यवहार के प्रति जागरूकता लाएं

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

स्वस्थ समाज के निर्माण के लिए पोषण व्यवहार में परिवर्तन आज एक आवश्यकता बन गई है। जीवन शैली के बदलाव से सामने आई कई बीमारियां हमारे लिए चुनौतियां बन गई हैं। कई देशों में मोटापा खान-पान की व्यवहारगत कमियों की वजह से तेजी से बढ़ रहा है। भोजन में पोषक तत्वों के अभाव ने लोगों की प्रतिरोधक क्षमता को कमजोर कर दिया है। पोषण के प्रति जागरूकता की कमी और समुचित पोषण का अभाव या उपेक्षा हमारे सामने कई प्रकार की बीमारियों के रूप में सामने आता है। इसका सबसे बड़ा दुष्प्रभाव कुपोषण का एक विश्वव्यापी समस्या बनकर उभरना है। कोरोना काल में लोगों को इसका महत्व गहराई से समझ आने लगा है। आहार के प्रति सही व्यवहार और जागरूकता से ही एक स्वस्थ समाज की परिकल्पना को साकार किया जा सकता है।

रिसर्च में महिलाओं और बच्चों में कुपोषण का अधिक प्रभाव पाया गया है। राष्ट्रीय परिवार एवं स्वास्थ्य सर्वे-4 के अनुसार छत्तीसगढ़ के 5 वर्ष से कम उम्र के 37 प्रतिशत बच्चे कुपोषित और 15 से 49 वर्ष की 47 प्रतिशत महिलाएं एनीमिया से पीड़ित हैं। इसे देखते हुए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के द्वारा 2 अक्टूबर 2019 गांधी जयंती के दिन से मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान की शुरूआत कर गर्भवती महिलाओं और 6 वर्ष तक के बच्चों के



लिए गर्म भोजन की व्यवस्था की गई है, जिससे महिलाओं और बच्चों में पोषक तत्वों की कमी को पूरा किया जा सके। स्वस्थ बच्चा स्वस्थ समाज की आधारशिला होता है। इस आधारशिला को मजबूत बनाने के लिए समुदाय स्तर पर सभी की सहभागिता और जन-जागरूकता बहुत जरूरी है। एक स्वस्थ जीवन के लिए तैयारी गर्भावस्था के दौरान ही शुरू कर देनी चाहिए। स्वस्थ बच्चे के लिए मां का भी स्वस्थ होना उतना ही जरूरी है। इसमें पोषण के पांच सूत्र- पहले सुनहरे 1000 दिन, पौष्टिक आहार, एनीमिया की रोकथाम, डायरिया का प्रबंधन और स्वच्छता और साफ-सफाई स्वस्थ नए जीवन के लिए महामंत्र साबित हो सकते हैं।

1) पहले सुनहरे 1000 दिन- पहले 1000 दिनों में तेजी से बच्चे का शरीरिक एवं मानसिक विकास होता है। इनमें गर्भावस्था के 270 दिन और जन्म के बाद पहले और दूसरे वर्ष के 365-365 दिन इस प्रकार कुल 1000 दिन शामिल होते हैं। इस दौरान उचित स्वास्थ्य, पर्याप्त पोषण, प्यार भरा व तनाव मुक्त माहौल और सही देखभाल बच्चों का पूरा विकास करने में मदद करते हैं। इस समय मां और बच्चे को सही पोषण और खास देखभाल की जरूरत होती है। इस समय गर्भवती की कम से कम चार ए.एन.सी. जांच होनी चाहिए। गर्भवती और धात्री महिला को कैल्शियम और आयरन की गोलियों का सेवन कराया जाना चाहिए। इसके साथ ही संस्थागत प्रसव को प्राथमिकता दी जानी चाहिए जिससे मां और बच्चे का जीवन सुरक्षित हो सके। परिवार के लिए भी यह जानना और व्यवहार में लाना जरूरी है कि जन्म के एक घंटे के भीतर बच्चे को मां का पहला पीला गाढ़ा दूध देना बहुत जरूरी है,यह बच्चे में रोगों से लड़ने की शक्ति लाता है। 6 माह से बड़े उम्र के बच्चे को स्तनपान के साथ ऊपरी आहार दिया जाना चाहिए। इसके साथ बच्चे को सूची अनुसर नियमित टीकाकरण और बच्चे 9 माह होने पर उसे नियमित विटामिन ए की खुराक दी जानी चाहिए।


2) पौष्टिक आहार- 6 महीने के बच्चे और उससे बड़े सभी लोगों को भी पर्याप्त मात्रा में तरह-तरह का पौष्टिक आहार आवश्य लेना चाहिए। पौष्टिक आहार में विभिन्न प्रकार के खाद्य पदार्थ जैसे कि अनाज, दालें, हरी पत्तेदार सब्जियां और मौसमी फल लेने चाहिए। हरी सब्जियों में पालक, मेथी, चौलाई और सरसों, पीले फल जैसे आम व पका पपीता खाए जा सकते हैं। यदि मांसाहारी हैं तो, अंडा, मांस और मछली आदि भोजन में लिया जा सकता है। खाने में दूध, दूध से बने पदार्थ और मेवे आदि शामिल करें। अपने खाने में स्थानीय रूप से उत्पादित पौष्टिक खाद्य पदार्थों को शामिल करें। आंगनबाड़ी से मिलने वाला पोषाहार अवश्य खाएं। यह निश्चित मात्रा में पौष्टिक पदार्थों को मिला कर तैयार किया जाता है। जब बच्चा 6 महीने का हो जाए तो मां के दूध के साथ घर का बना मसला और गाढ़ा ऊपरी आहार भी शुरू कर देना चाहिए जैसे- कद्दू, लौकी, गाजर, पालक तथा गाढ़ी दाल, दलिया, खिचड़ी आदि। यदि मांसाहारी हैं तो अंडा, मांस व मछली भी देना चाहिए। बच्चे के खाने में ऊपर से 1 चम्मच घी, तेल या मक्खन मिलाएं।बच्चे के खाने में नमक, चीनी और मसाला कम डालें। प्रारंभ में बच्चे का भोजन एक खाद्य पदार्थ से शुरू करें, धीरे-धीरे खाने में विविधता लाएं। बच्चे का खाना रूचिकर बनाने के लिए अलग-अलग स्वाद व रंग शामिल करें। बच्चे को बाजार का बिस्कुट, चिप्स, मिठाई, नमकीन और जूस जैसी चीजें न खिलाएं। इससे बच्चे को सही पोषक तत्व नहीं मिल पाते।

3) एनीमिया की रोकथाम- स्वस्थ शरीर और तेज दिमाग के लिए एनीमिया की रोकथाम करें। सभी उम्र के लोगों में एनीमिया की जांच और पहचान किया जाना महत्वपूर्ण होता है, ताकि व्यक्ति की हीमोग्लोबिन के स्तर के अनुसार उपयुक्त उपचार प्रारंभ किया जा सके। एनीमिया की रोकथाम के लिए आयरन युक्त आहार खाएं जैसे- दालें, हरी पत्तेदार सब्जियां, पालक, मेथी, फल, दूध, दही, पनीर आदि। यदि मांसाहारी है तो, अंडा, मांस व मछली का भी सेवन करें। खाने में नींबू, आंवला, अमरूद जैसे खट्टे फल शामिल करें, जो आयरन के अवशोषण में मदद करते हैं। साथ ही आयरन युक्त पूरक लें। आयरन युक्त पूरक प्रदान करने के लिए 6-59 माह के बच्चे को हफ्ते में 2 बार 1 मिली. आई.एफ.ए. सिरप,5-9 वर्ष की उम्र में आई.एफ.ए की एक गुलाबी गोली,10-19 वर्ष तक की उम्र में हफ्ते में एक बार आई.एफ.ए की नीली गोली, गर्भवती महिला को गर्भावस्था के चौथे महीने से रोजाना 180 दिन तक आई.एफ. ए की एक लाल गोली,धात्री महिला को 180 दिन तक आई.एफ.ए की एक लाल गोली और कृमिनाश के लिए की? की दवा (एल्बेण्डाजोल) की निर्धारित खुराक दी जाती है।

आंगनबाड़ियों और स्वास्थ्य केन्द्रों के माध्यम से यह खुराक बच्चे को दिलाई जानी चाहिए। इसके साथ ही प्रसव के दौरान कुछ सावधानियां भी जरूरी हैं जैसे कि स्वास्थ्य संस्थाएं जन्म के पश्चात बच्चे की गर्भनाल 3 मिनट बाद ही काटें। इससे नवजात बच्चे के खून में आयरन की मात्रा बनी रहती है।

4) डायरिया का प्रबंधन- स्वस्थ शरीर और कमजोरी से बचाव के लिए डायरिया का प्रबंधन जरूरी है। इसके लिए व्यक्ति गत साफ-सफाई, घर की सफाई, आहार की स्वच्छता का ध्यान रखें और डायरिया से बचाव के लिए हमेशा स्वच्छ पानी पिएं।

# डॉ. आलोक शुक्ला की संविदा नियुक्ति को हाईकोर्ट ने ठहराया जायज बीजेपी नेता की याचिका खारिज



पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

आईएएस डॉक्टर आलोक शुक्ला की संविदा नियुक्ति को चुनौती देने वाली याचिका को हाईकोर्ट ने खारिज कर दिया है. जस्टिस गौतम भादुड़ी की बेंच ने नियुक्ति को जायज ठहराया है. बीजेपी नेता नरेश चंद्र गुप्ता ने रिट याचिका लगाते हुए नियुक्ति को नियम विरूद्ध बताया था. राज्य शासन ने शुक्ला के रिटायरमेंट के अगले दिन ही उन्हें संविदा नियुक्ति देते हुए प्रमुख सचिव स्कूल शिक्षा का प्रभार सौंपा था. वह इससे पहले भी इस जिम्मेदारी को संभाल रहे थे.


वकील आयुष भाटिया ने बताया कि संविदा भर्ती नियम के रूल 17 में दिए गए अधिकारों का इस्तेमाल करते हुए डॉक्टर आलोक शुक्ला को छत्तीसगढ़ सरकार ने संविदा नियुक्ति दी थी. नियुक्ति दिए जाने के बाद राज्य शासन ने उन्हें स्कूल शिक्षा, तकनीकी शिक्षा विभाग का प्रमुख सचिव बनाया था. इसके साथ-साथ माध्यमिक शिक्षा मंडल और व्यावसायिक परीक्षा मंडल के अध्यक्ष का अतिरिक्त प्रभार सौंपा था. कोर्ट ने पक्ष को सुनकर यह माना कि शुक्ला की नियुक्ति पूरी तरह से वैधानिक प्रक्रियाओं का पालन करते हुए की गई है।

बीजेपी नेता नरेशचंद्र गुप्ता की ओर से वकील विवेक शर्मा ने हाईकोर्ट में रिट याचिका लगाई थी. इस याचिका में संविदा नियुक्ति पर डॉक्टर शुक्ला को लिए जाने की राज्य सरकार की मंशा पर सवाल उठाया गया था. याचिका में कहा गया है कि बहुचर्चित नान घोटाले में शुक्ला का नाम शामिल हैं, ऐसे में उनकी पुनःनियुक्ति असंवैधानिक है. संविदा भर्ती नियम 2013 के मुताबिक रिटायर अधिकारी के विरूद्ध यदि कोई विभागीय या अन्य तरह की जांच लंबित है, तो उस अधिकारी को पोस्ट रिटायरमेंट संविदा नियुक्ति नहीं दी जा सकती. आलोक शुक्ला नान घोटाले में चार्टशीटेड हैं. उनके खिलाफ जांच जारी है. तत्कालीन मुख्य सचिव ने भी उनके खिलाफ निलंबन की सिफारिश की थी।

# अवैध शराब की बिक्री रोकने आबकारी विभाग ने होटल-ढाबों में दी दबिश

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

आबकरी मंत्री कवासी लखमा के निर्देश पर लॉक डाउन समाप्ति पश्चात के प्रदेश में होटल एवं ढाबे संचालित होना प्रारम्भ हो गए हैं। विभिन्न होटल एवं ढाबों में अवैध रूप से शराब की बिक्री एवं सेवन को रोकने के लिए आबकारी आयुक्त निरंजन दास तथा प्रबंध संचालक मार्केटिंग कारपोरेशन ए पी त्रिपाठी के निर्देशन पर राज्य स्तरीय उड़नदस्ता, संभागीय उड़नदस्ता तथा जिला रायपुर की टीमों द्वारा 14 सितंबर को अनेक ढाबों और होटलों की जांच की गई। जांच टीमों द्वारा सबेरा होटल, सांकरा; मीनू ढाबा सिलतरा; राजस्थानी ढाबा, धरसीवां; अन्नपूर्णा ढाबा, सड्डू, जी अम्बे ढाबा, सड्डू, हाईवे ढाबा, भूमिया, न्यू उमेश ढाबा, बेमता, ताज ढाबा, बेमता; रॉयल ढाबा, अवरेठी, ताज ढाबा, सिमगा, बलबीर ढाबा, ग्रीन लाइट ढाबा, प्रिंस ढाबा, बंटी ढाबा; राजू ढाबा; अन्ना पंजाबी ढाबा, पिंटू ढाबा, होटल खानसामा, रायपुर फैमिली ढाबा;



खाना-कोठी होटल , सहित कुल 20 होटल/ढाबों की कल रात्रि जांच की गई। इस जांच का मुख्य उद्देश्य अवैध कारोबार न पनपने देने का था। 20 स्थानों में जांच पर कहीं भी अवैध मदिरा का विक्रय अथवा सेवन का मामला सामने नही आया। केवल एक स्थान पर बैठ कर मदिरा सेवन की पुष्टि होने पर नियमानुसार कार्रवाई कर प्रकरण कायम किया गया।

# छत्तीसगढ़ पावर कंपनी ने बिजली उत्पादन में लहराया परचम

■ 33 स्टेट पॉवर सेक्टर में सर्वाधिक 70.59 प्रतिशत पीएलएफ का कीर्तिमान

■ कोरोना संक्रमण काल में ऐसी राष्ट्रीय उपलब्धि सराहनीय- भूपेश बघेल

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ स्टेट पावर जनरेशन कंपनी के विद्युत गृहों ने देशभर के 33 स्टेट पावर सेक्टर के ताप विद्युत गृहों को पछाड़ते हुए एक बार फिर सर्वाधिक प्लांट लोड फैक्टर (पी.एल.एफ) 70.59 प्रतिशत अर्जित कर सर्वोच्च स्थान पर होने का गौरव प्राप्त किया है । भारत सरकार के अधीन कार्यरत केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण (सीईए) की माह अगस्त 2020 के रिपोर्ट अनुसार छत्तीसगढ़ पावर जनरेशन कंपनी के विद्युत गृह प्रथम, तेलंगाना



स्टेट द्वितीय तथा झारखंड तृतीय स्थान पर रहा। कोविड-19 के संक्रमण काल में लगातार विद्युत ग्रहों की ऐसी राष्ट्रीय स्तर की उपलब्धि के लिए माननीय मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने विद्युत कर्मियों को बधाई दी। उन्होंने पावर कंपनीज के चेयरमैन सुब्रत साहू और उत्पादन कंपनी के एमडी एनके बिजोरा सहित उनकी टीम को ऐसे अभूतपूर्व कीर्तिमानो बनाए रखने के प्रेरित किया। ऐसी गौरवशाली परंपरा को बनाए रखने का आवाहन करते हुए चेयरमैन सुब्रत साहू ने इस बात पर गर्व व्यक्त किया कि छत्तीसगढ़ से भी अधिक उन्नत राज्य के विद्युत गृह छत्तीसगढ़ से पीछे चल रहे हैं। कोरोना संक्रमण काल में जहां देशभर के विद्युत ग्रहों के उत्पादन में गिरावट दर्ज हो रही है वही माह जुलाई में 69.83 प्रतिशत तथा अगस्त में उससे आगे बढ़ते 70.59 प्रतिशत पीएलएफ दर्ज करके जनरेशन कंपनी के विद्युत गृहों ने विद्युत उत्पादन के मामले में प्रदेश को अग्रणी बनाए रखा है। विदित हो कि सी.ई.ए. की रिपोर्ट के मुताबिक देश भर विद्युत गृहों का पी.एल.एफ का तुलनात्मक विश्लेषण किया गया, जिसमें छत्तीसगढ़ कंपनी के ताप विद्युत गृहों का प्लांट लोड फैक्टर माह अगस्त में सर्वाधिक 70.59 प्रतिशत रहा।

दूसरे स्थान पर तेलंगाना स्टेट पावर जनरेशन कम्पनी 67.82 प्रतिशत और तीसरे स्थान पर तेनूघाट विद्युत निगम लिमिटेड झारखंड के विद्युत गृहों ने 62.23 प्रतिशत पी.एल.एफ. दर्ज किया। देश भर के ताप विद्युत गृहों का औसत पी.एल.एफ 48.46 प्रतिशत रहा, जबकि छत्तीसगढ़ जनरेशन कंपनी के विद्युत गृहों के प्लांट का प्रतिशत 70.59 प्रतिशत दर्ज हुआ जो कि राष्ट्रीय औसत पीएलएफ से कहीं अधिक है है।

**कलेक्टर दीपक सोनी ने सभी बच्चों को दी बधाई**

# 17 बच्चों ने फैलाया उजियारा जेईई मेन्स में सफलता हासिल कर बढ़ाया जिले का मान

पायनियर संवाददाता ➤ दंतेवाड़ा
www.dailypioneer.com

जिला प्रशासन के सहयोग से संचालित जिले के शासकीय आवासीय कोचिंग सेंटर दन्तेवाड़ा के सुदूर नक्सल प्रभावित क्षेत्र के 63 बच्चे जेईई परीक्षा में शामिल हुए थे. जिसमें से 17 विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय स्तर की परीक्षा मेन्स 2019-20 मे उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है. कलेक्टर दीपक सोनी ने इन बच्चों को ढेर सारी बधाइयों के साथ उनका हौसला भी बढ़ाया. साथ ही उन्होने कहा कि कोचिंग सेंटर को और बेहतर बनाने की योजना भी चल रही है. इस बार कोविड-19 के कारण जेईई परीक्षा की तैयारी ऑनलाइन मोड से ज्ञानगंगा, व्हाट्सअप और वर्चुअल क्लास के माध्यम से आवासीय कोचिंग सेंटर दन्तेवाड़ा के द्वारा कराया जा रहा था।




विभिन्न शासकीय विद्यालयों के बच्चों को ऑनलाइन क्लास से जोड़ा गया था जिसमें से 17 बच्चों ने जेईई की परीक्षा क्वालीफाई किए हैं. ये सारे बच्चें सुदूर नक्सल प्रभावित क्षेत्र के रहने वालें हैं. जहां पर न बिजली की सुविधा है न आने-जाने की. नेटवर्क विहीन क्षेत्र में होते हुए भी अपनी लगन और दृढ़संकल्प के साथ इस परीक्षा में शामिल होकर सफलता हासिल किए. अधिकांश बच्चों के माता-पिता कृषक एवं दिहाड़ी मजदूर एवं निम्न वर्ग के हैं. शिक्षकों द्वारा विद्यार्थियों के प्रतिभा को निखार कर भविष्य निर्माण करने का प्रयास किया जा रहा है।

इस वर्ष जे.ई.ई. परीक्षा में शासकीय आवासीय कोचिंग सेंटर से 63 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी थी, जिसमें 17 विद्यार्थियों ने क्वालिफाई किया है. अनुसूचित जनजाति वर्ग के 16 विद्यार्थी -दिलीप कुमार सोरी 87.65 प्रतिशत, महेन्द्र कुमार नाग 70.04 प्रतिशत, गणेश 63.67 प्रतिशत, अभय कुमार मण्डावी 62.73 प्रतिशत, हेमन्त कुमार आर्य 60.37 प्रतिशत, रितीक ककेम 59.04 प्रतिशत, सन्तुराम कुंजाम 56.58 प्रतिशत, बच्चूराम नेताम 55.50 प्रतिशत, आयता दुधी 55.09 प्रतिशत, श्रवण कुमार गोटा 53.38 प्रतिशत, महेश कुमार भास्कर 43.74 प्रतिशत, निखिल तेलाम 43.13 प्रतिशत, मनोज कुमार 41.85 प्रतिशत, जावा युवराज 39.21 प्रतिशत, कुमारी उपासना नेगी 49.64 प्रतिशत, कुमारी कल्याणी नेताम 58.88 प्रतिशत एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के 01 विद्यार्थी- राजीव जैन 73.90 प्रतिशत ने सफलता हासिल की। आशा करते है कि दन्तेवाड़ा से आने वाले वर्षो में और भी बच्चे इंजीनियर और डाक्टर बनेंगे।

# बहुचर्चित झीरम घाटी कांड पर दर्ज एफआईआर पर नहीं होगी कार्रवाई

■ एनआईए की याचिका के बाद हाईकोर्ट ने लगाई रोक

पायनियर संवाददाता ➤ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

बहुचर्चित झीरम कांड को लेकर दरभा थाने में दर्ज एफआईआर के खिलाफ एनआईए की क्रिमिनल अपील पर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने एफआईआर की कार्रवाई पर आगामी आदेश तक रोक लगा दी है. मामले में जस्टिस प्रशांत मिश्रा के डिवीजन बेंच में मंगलवार को सुनवाई हुई। 25 मई 2013 को बस्तर के दरभा में झीरम घाटी में कांग्रेस नेताओं की परिवर्तन यात्रा पर नक्सलियों ने घात लगाकर हमला कर दिया था, जिसमें कांग्रेस के आला नेताओं की जान चली गई थी. इस मामले में पूर्व में दर्ज एफआईआर के बाद एनआईए ने अपनी कार्यवाई शुरू की थी. इसके बाद घटना में मारे गए कांग्रेस नेता उदय मुदलियार के पुत्र जितेंद्र मुदलियार ने मई 2020 को दरभा थाने में झीरम कांड के षड़यंत्र की जांच की मांग को लेकर एक और एफआईआर दर्ज कराया है। एफआईआर में झीरम मामले की जांच राज्य की जांच



एजेंसी से कराए जाने की मांग पर एनआईए कोर्ट में एनआईए ने याचिका दायर की थी, जिसे एनआईए कोर्ट ने खारिज कर दिया था. इसके खिलाफ एनआईए ने हाईकोर्ट में क्रिमिनल अपील प्रस्तुत की. मंगलवार को हाईकोर्ट जस्टिस प्रशांत कुमार मिश्रा के डिवीजन बेंच में एनआईए की ओर से उनके एडवोकेट ने तर्क प्रस्तुत किया. सुनवाई के बाद हाईकोर्ट ने दरभा थाने में दर्ज जितेंद्र मुदलियार के एफआईआर के कार्यवाई पर आगामी आदेश तक रोक लगा दी है। मामले पर चार हफ्ते बाद दोबारा सुनवाई होगी।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-मोहन राव* समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, प्रबंध संपादक-ए.एन. द्विवेदी, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2018-20, दूरभाष नंबर 0771, 2972403